www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024, वर्ष-13 अंक- 06 पृष्ठ-65 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

भाजपा-कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

रायपुर में बृजमोहन, दुर्ग- विजय, राजेन्द्र | सरगुजा- शशि, चिंतामणी का नामांकन

रायपुर/दुर्ग/सरगुजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सोमवार को 3 सीटों रायपुर, दुर्ग और सरगुजा पर नामांकन के दाखिले का दौर चला। रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग में बीजेपी के विजय बघेल और कांग्रेस के राजेंद्र साहू दोनों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं सरगुजा में भी दोनों प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। इस दौरान कांग्रेस की प्रत्याशी शशि सिंह ने बीजेपी प्रत्याशी चिंतामणि महाराज का पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल ने रोड शो और सभा भी की। उनकी सभा में सीएम साय, दोनों डिप्टी सीएम समेत बड़ी संख्या में भाजपा

के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी शामिल हुए।

दुर्ग में सीएम साय ने महादेव सट्टा पर कहा-

दुर्ग में भी मुख्यमंत्री ने सभा की और कहा कि, भूपेश बघेल पर महादेव सट्टा ऐप में 500 करोड़ प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप है। इन्होंने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया। मोदी के गारंटी के काम सांय-सांय हो रहे हैं। कांग्रेस के कई लोग पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। कांग्रेस डूबता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुर्ग में बाइक रैली के साथ विजय का शक्ति प्रदर्शन

दुर्ग में विजय बघेल के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। विजय बघेल की नामांकन रैली के बीच वाहन से उतरकर हेलीकॉप्टर से सीएम साय रायपुर रवाना हुए। यहां वे बृजमोहन अग्रवाल की रैली में शामिल होंगे। विजय बघेल की रैली में बड़ी संख्या में भाजपा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरगुजा से शशि ने पर्चा किया दाखिल

सरगुजा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह रैली निकालकर नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंची। सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री शशि सिंह के नामांकन रैली में पुर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, पुर्व मंत्री डॉ प्रेमसाय टेकाम, पुर्व मंत्री अमरजीत भगत, पुर्व विधायक, खेलसाय सिंह, डॉ प्रीतम राम, पारस नाथ रजवाड़े, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र की नामांकन रैली में भूपेश बघेल

दुर्ग लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद साहू की नामांकन रैली में पूर्व सीएम भूपेश बघेल शामिल हुए। उन्होंने कहा दुर्ग लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू जी के नामांकन रैली में सम्मिलित होकर उनका नामांकन पत्र दाखिल किया। कांग्रेस के न्याय की लहर पूरे देश एवं प्रदेश में चल रही है, इस लोकसभा चुनाव में हम कांग्रेस का परचम लहराने जा रहे हैं।

आज बेबाक

पाकिस्तान जो आतंक का पर्याय बन चुका है वो अब अपनी लगाई आग में खुद जल रहा है। जिन आतंकवादी संगठनों को उसने पाला पोसा है वो अब उसके जी का जंजाल बन गए है। वहां के आतंकी संगठनों में वर्चस्व की लड़ाई छिड़ गई है। एक के बाद एक आतंकवादी जहन्नुम रसीद हो रहे हैं। पाकिस्तान की जेल में भारतीय सरबजीत की हत्या करने वाले कुख्यात आतंकवादी अमिर सरफराज को भी किसी ने टपका दिया। एक साल के भीतर भारत के दुश्मन आधा दर्जन आतंकवादी वहां ढेर हो चुके है। भारत के लिए यह अच्छी बात है।

सुबह तेज धूप, शाम को झमाझम बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सोमवार को अचानक मौसम बदला, दिनभर तेज धूप ने लोगों को परेशान किया और वहीं शाम को अचानक झमाझम बारिश होने से लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली। तेज हवाओं के साथ आधे घंटे तक बड़े-बड़े बूंदों के साथ बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई। इसकी वजह से मौसम खुशनुमा हो गया। सोमवार को प्रदेश के कुछ जिलों में बौछारें पड़ने की सूचना है। इस दौरान कहीं पर तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक तापमान 39.3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 39.30 दर्ज की गई है। मौसम एजेंसी स्काई मेट वेदर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ समुद्र तल से 3.1 से 12.6 किलोमीटर ऊपर स्थित है। इसलिए राजस्थान के मध्य भागों में एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना है। इसका असर कई राज्यों में दिख रहा है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद : मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद केस में शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में सभी लोअर कोर्ट में चल रहे 15 मुकदमों को ट्रांसफर करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। साथ ही मुस्लिम पक्ष ने इस मामले में हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर भी रोक की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की इस मांग को खारिज कर दिया है।

नक्सलियों ने फिर ली ग्रामीण की जान

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में फिर नक्सलियों ने अपनी काली करतूत को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने छोटेबैठिया थाना क्षेत्र के ग्राम हिदूर में एक ग्रामीण को मौत के घाट उतारा दिया। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में युवक की हत्या की है। मृतक का नाम मोडा राम बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके के लिए रवाना हो गई है। बता दें कि कांकेर लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है।

कोर्ट ने ठुकराई शीघ्र सुनवाई की अपील

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ी

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया।

केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने अगली सुनवाई 23 अप्रैल को उन्हें फिर वर्चुअल माध्यम से पेश करने का ईडी को निर्देश दिया।

ईडी को अपना जबाव 24 तक रखने का निर्देश : न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की शीर्ष अदालत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

समन की उपेक्षा के बाद बढ़ी परेशानी

केजरीवाल को इससे पहले एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए कई बार उन्हें समन भेजा था। समान की अनदेखी के बाद ईडी ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने इसी मामले की सह आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया। उन्हें अदालत के समक्ष अलग से पेश किया गया।

आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाला मामला

केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस

■ सुप्रीम कोर्ट में 29 को होगी अगली सुनवाई, सीएम अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती दी है

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की इस मामले की अगली सुनवाई शीघ्र करने की गुहार साफ तौर पर ठुकरा दी। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख मुकर्रर कर दी और उससे पहले 24 अप्रैल तक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हो रहा आतंकियों जैसा सलूक : भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ जेल में

आतंकवादियों जैसा सलूक किया जा रहा है। मान ने सोमवार को जेल में केजरीवाल से मुलाकात करने के बाद कहा कि यह देखकर दिल को काफी दुख हुआ कि जो सहूलियतें दुर्दांत अपराधियों तक को दी जाती हैं, केजरीवाल को वह सुविधाएं तक नहीं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल का क्या कसूर है? उनका कसूर केवल इतना है कि उन्होंने लोगों के लिए अस्पताल, मोहल्ला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जेल भेजने से मनोबल और मजबूत हुआ : संजय सिंह

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भले ही मनोबल तोड़ने के लिए फर्जी मामले लगाकर पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल भेज दिया, लेकिन इससे उनका मनोबल टूटने की बजाय और मजबूत हुआ है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि पिछले दस दिन से वह जेल के बाहर हैं और उन्हें बहुत सुकून की नींद आ रही है। उन्होंने कहा, छह महीने तक जेल में रहा। इस दौरान कुछ दिनों तक आइसोलेशन में रखा गया। श्री मोदी ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

15 साल बाद शूटर चिमन और सहयोगी विनोद फिर पहुंचे जेल

■ हाईकोर्ट से उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के बाद हुए सरेंडर

■ याहया ढेबर समेत पांच को सुप्रीम कोर्ट से मोहलत

रायपुर/नवप्रदेश। एनसीपी नेता रामावतार जग्गी हत्याकांड मामले में दो दोषियों ने सोमवार को न्यायालय के समक्ष सरेंडर कर दिया। विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में दोषी पाए गए शूटर चिमन सिंह और उसके सहयोगी विनोद सिंह पेश हुए। हाईकोर्ट के फैसलने के मुताबिक दोनों को जेल दाखिल कराया गया।

हाईकोर्ट ने पूर्व में लोअर कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए हत्याकांड में दोषी सभी आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। हत्याकांड में कुल 28 आरोपी थे जिसमें एक बुल्टू पाठक की मौत हो चुकी है।

मालूम हुआ है याहया ढेबर समेत अन्य पांच लोगों ने सरेंडर के लिए मोहल्लत मांगी है जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गोलीकांड के पीछे चिमन की थी मुख्य भूमिका

हत्याकांड में दोषी चिमन सिंह और विनोद के सरेंडर करने पर उन्हें वापस जेल भेजा गया है। सतीश जग्गी ने बताया, गोलीकांड को अंजाम देने के पीछे चिमन सिंह की मुख्य भूमिका थी। विनोद के

अलावा कुल 28 लोगों पर केस दर्ज हुआ था जिसमें निचली अदालत की ओर से उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। इस प्रकरण में दो गवाह पेश हुए थे।

लोकसभा चुनाव.. पहला चरण 159 मतदान केंद्र संवेदनशील

बस्तर में मतदान दलों की रवानगी आज से

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर संसदीय सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है, जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। अंदरुनी क्षेत्रों के लिए मतदान दलों की रवानगी कल से ही शुरू हो जाएगी। छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान में एक मात्र बस्तर सीट पर चुनाव होना है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चुनाव कराना आयोग के लिए बड़ी चुनौती है। यहां 19 अप्रैल को मतदान होना है लेकिन अंदरुनी क्षेत्रों के लिए मतदान दलों की रवानगी कल से ही शुरू हो जाएगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

द्रमुक पर मादक पदार्थ भ्रष्टाचार पारिवाद के लिए साधा निशाना

■ पीएम नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु के दक्षिणी तिरुनेलवेली जिले में सभा

चेन्नई, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के पारिवारिक शासन के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए मतदाताओं से 19 अप्रैल के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग को निर्णायक जनादेश देने की अपील की। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने के लिए दक्षिणी तिरुनेलवेली जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने राज्य में मादक पदार्थों के खतरे की बात की। उन्होंने स्पष्ट रूप से द्रमुक पदाधिकारी जाफर सादिक की गिरफ्तारी का उल्लेख किया, जिन्हें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा 2,000 करोड़ रुपये के मादक पदार्थों के साथ संबंध होने के बाद द्रमुक से निष्कासित किया गया है।

उन्होंने कहा कि एनसीबी ने अपनी जांच में कहा कि सादिक, जो एक तमिल फिल्म निर्माता भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश के संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है मोदी सरकार : खड़गे

■ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पुडुचेरी और तमिलनाडु में सभा

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु के कुड्डुलोर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जमकर घेरा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार राज्यों के साथ भेदभाव और देश के संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है।

लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने का आह्वान करते हुए खरगे ने कहा कि जहां प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार से लड़ने का दावा करते हैं, वहीं भाजपा वॉशिंग मशीन की तरह काम कर रही है, जिसमें भ्रष्टाचार के आरोपी लोग क्लीन चिट पाने के लिए शामिल हो रहे हैं। उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले को लेकर भी भाजपा पर हमला बोला।

गरमा-गरम

पक्षी संरक्षण... तीन दिनों तक भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत बर्ड सर्वे का चलेगा कार्य, आयोजन जून तक

राज्य के भोरमदेव अभ्यारण्य में 195 प्रजातियों की है शरण स्थली

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव वन्य प्राणी अभ्यारण ने एक महत्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्र है जो की कान्हा टाइगर रिजर्व एवं अचानकमार टाइगर रिजर्व के मध्य स्थित है। भोरमदेव वन्य प्राणी अभयारण्य 351 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और यहां पर विभिन्न प्रकार के वन्य जीव जंतु एवं पादप बहुतायत में पाए जाते हैं। भोरमदेव अभ्यारण में पाए जाने वाले जीव जंतुओं का सर्वे जूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के द्वारा कराया गया था। सर्वे में संकलित जानकारी एवं पाए जाने वाले जीव जंतुओं की विस्तृत जानकारी का प्रकाशन वर्ष 2018 में

फौना ऑफ भोरमदेव वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी छत्तीसगढ़ नामक किताब के माध्यम से किया गया है।

पक्षियों के अनुकूल है यहां का वातावरण : इस प्रकाशित किताब में 629 प्रकार के विभिन्न जीव-जंतुओं का भोरमदेव अभ्यारण्य में पाया जाना बताया गया है। इसमें भी 195 पक्षी प्रजातियों का भोरमदेव अभ्यारण्य वास स्थान है। इन पक्षियों में मोर, तोता, कोयल, उल्लू, किंगफिशर, बी ईटर, बारबेट, वुडपैकर, बुलबुल, फ्लाइकेचर, ड्रोंगो ईगल सहित अनेक तरह के पक्षी भोरमदेव अभ्यारण में निवास करते हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पैदल गश्त कर एकत्र करते हैं जानकारी

बर्ड सर्वे के दौरान अभयारण्य के अंदर पूर्व निर्धारित पैदल गस्ती मार्ग पर सुबह एवं शाम को गस्ती करते हुए पक्षियों के संबंध में जानकारी एकत्र कर दर्ज किया जाता है। इस दौरान पक्षियों को देखने के लिए बॉनोक्युलर का उपयोग किया जाता है साथ ही पक्षियों के फोटोग्राफ्स भी लिए जाते हैं।

इस बार 4 से 6 जून के बीच होगा सर्वे

इस वर्ष भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत बर्ड सर्वे का आयोजन 4 जून से 6 जून 2024 के मध्य किया जा रहा है। यह आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। भोरमदेव बर्ड सर्वे 2024 का शुभारंभ 4 जून को नीलाम हाल कवर्धा में किया जाएगा। 5 जून को प्रातः एवं शाम को फील्ड सर्वे का कार्य किया जाएगा। 6 जून को प्रतिभागियों द्वारा एकत्र की गई जानकारी, फोटोग्राफ्स आदि वन विभाग को प्रदाय किए जाने उपरांत समापन किया जाएगा।

कोरबा लोकसभा : गोंगपा कहीं विरोधियों के लिए खतरे की घंटी तो नहीं

यशवंत राजवाड़े

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। राज्य के हाई प्रोफाइल सीट कोरबा लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला काफी रोचक हो सकता है। भले ही दो प्रमुख राष्ट्रीय दल के जानकार कोरबा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच ही सीधी टक्कर मान रहे हों लेकिन यहां गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार को कमजोर मानना बड़ी भूल होगी क्योंकि किसी भी दल के जीत हार में इनकी भूमिका ही अब तक निर्णायक साबित हुई है। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में इनका वोट प्रतिशत बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता जिससे दोनों प्रमुख दलों में जीत हार के लिए कहीं आरी रोड़ा न बन जाए। कोरबा लोकसभा सीट पर राज्य बनने के बाद अब तक तीन लोकसभा चुनाव हुए हैं पहले कोरबा जांजगीर लोकसभा अंतर्गत आता था। जहां 2002 में परिसीमन में अलग होने के बाद पहला चुनाव वर्ष 2009 में हुआ। इस पहले चुनाव में कांग्रेस ने डॉ. चरणदास महंत और बीजेपी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी करूणा शुक्ला को उतारा था। चुनाव में हार जीत का आंकड़ा 20 हजार से ज्यादा रहा था. चरणदास महंत को 3 लाख 14 हजार 616 और करुणा शुक्ला को 2 लाख 93 हजार 879 वोट मिले थे जहा गोंडवाना पार्टी तीसरे पायदान पर था।

गोंगपा तय करती है इस सीट पर जीत और हार

जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ के लोकसभा कोरबा सीट पर जब-जब गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को कम वोट मिले हैं कांग्रेस को फायदा हुआ है। एक चुनाव में जब गोंगपा को 50 हजार से ज्यादा वोट मिले तो कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। दो चुनाव में 35 हजार से कम वोट गोंगपा को मिले थे। इन चुनावों में कांग्रेस को जीत मिली थी ।गोंगपा के वोटों से कोरबा सीट पर हार जीत का समीकरण अब तक बदलता रहा है इस बार गोंडवाना पार्टी के वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी होने की संभावना हैं जिससे भाजपा व कांग्रेस में जीत हार को लेकर कोई भी सही अनुमान लगा पाने में असमर्थ हैं।

गोंडवाना पार्टी की धमक से बदल सकता है समीकरण



छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में यदि नजर डालें तो ये बात सामने आएगी कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अपनी मौजूदगी राज्य के एक सीट में दर्ज कराई है ।इन्हीं में से एक सीट पाली तानाखार भी है ।जहां से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का उम्मीदवार विधानसभा पहुंचा ।यही नहीं पार्टी ने भरतपुर सोनहत, बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़ मरवाही जैसी जगहों पर जिन प्रत्याशियों को खड़ा किया। उन सभी प्रत्याशियों ने जमकर वोट बटोरे जिन्होंने कांग्रेस व भाजपा दोनों ही प्रमुख दलों के वोट बैंक में सेंध लगा दी साथ ही यदि इन वोट बैंक को जोड़ा जाए तो आपको आंकड़े देखकर हैरानी होगी। कोरबा लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली आठ विधानसभाओं मे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने डेढ़ लाख से भी ज्यादा वोट इकट्ठा किया था ।इस लिहाज से देखा जाए तो लोकसभा में गोंगपा विरोधियों के लिए खतरे की घंटी बजा सकती है।

2009 का पहला लोकसभा चुनाव

राज्य गठन के बाद हुए परिसीमन के बाद कोरबा लोकसभा सीट अस्तित्व में आई। 2009 के चुनाव में कांग्रेस के चरणदास महंत ने अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी करुणा शुक्ला को हराया था ।इस चुनाव में हार जीत का आंकड़ा 20 हजार से ज्यादा का था। 2009 में चरणदास महंत को 3 लाख 14 हजार 616 और करुणा शुक्ला को 2 लाख 93 हजार 879 वोट मिले थे उस समय गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी हीरासिंह मरकाम को 32 हजार 962 वोट मिले थे। उनके वोटों का आंकड़ा कुल मतदान का 2.58 फीसदी था।

2014 का दूसरा लोकसभा चुनाव

कोरबा लोकसभा सीट पर वर्ष 2014 में दूसरा लोकसभा चुनाव हुआ तब इस सीट पर कांग्रेस ने दोबारा सांसद डॉ. चरणदास महंत को टिकट दिया वही बीजेपी ने डॉ. बंशीलाल महतो को उतारा। डॉ. बंशीलाल महतो को 4 लाख 39 हजार 2 और डॉ. चरणदास महंत को 4 लाख 34 हजार 737 वोट मिले थे तब इस चुनाव में बीजेपी ने 4 हजार 265 वोटों से चुनाव जीता था उस समय गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी ने 52 हजार 753 वोट हासिल किए थे। इस बार गोंडवाना का मत प्रतिशत 3.71 हो गया। जिसका नुकसान कांग्रेस को हुआ। 2009 और 2014 के चुनाव में गोंगपा के वोट में लगभग 20 हजार की बढ़ोतरी हुई। जिसके कारण कांग्रेस का प्रत्याशी 4265 वोटों से चुनाव हार गया।

2019 का तीसरा लोकसभा चुनाव

वर्ष 2019 में कांग्रेस ने चरण दास महंत के विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद उनकी पत्नी ज्योत्सना महंत को टिकट दिया। जहां प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने 5 लाख 23 हजार 310 वोट हासिल किए वहीं बीजेपी के ज्योतिनंद दुबे को 4 लाख 97 हजार 61 वोट मिले। कांग्रेस से ज्योत्सना महंत ने 26 हजार 249 वोटों के अंतर से चुनाव जीता। इस चुनाव में गोंगपा प्रत्याशी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने हीरा सिंह मरकाम के बेटे तुलेश्वर सिंह मरकाम को चुनाव में उतारा था। जिन्हें 37 हजार 417 वोट मिले जो पिछली बार मिले वोट से काफी कम थे। लिहाजा कांग्रेस प्रत्याशी को फायदा हुआ और एक बार फिर दुबारा इस सीट पर कांग्रेस को फायदा हुआ।

अब तक के परिणाम दे रहे ये संकेत

कोरबा लोकसभा सीट पर अब तक हुए तीन चुनाव का समीकरण उठाकर देखे तो जब-जब गोंगपा को इस लोकसभा में कम वोट मिले हैं। तब-तब कांग्रेस ने जीत हासिल की है। वहीं जब भी गोंगपा प्रत्याशी ने 50 हजार से ज्यादा वोट पाए हैं। कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। जिन दो चुनाव में गोंगपा को 35 हजार से कम वोट मिले थे। उन दोनों ही चुनाव में कांग्रेस जीती थी। एक चुनाव में गोंगपा को ज्यादा वोट मिले,उस चुनाव में कांग्रेस चुनाव हार गई। इस बार भी गोंगपा की दोनों ही पार्टी के जीत हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं यह कहना भी गलत नही होगा।

प्रमुख दलों का वोट प्रतिशत

अब तक हुए तीन चुनाव में वोटिंग के साथ ही बीजेपी-कांग्रेस का वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। 2009 के चुनाव में कांग्रेस को कुल वोटिंग का 24.65 और बीजेपी को 23.02 फीसदी वोट मिले थे वही 2014 में बीजेपी का वोट प्रतिशत 30.84 जबकि कांग्रेस का 30.54 था। वहीं 2019 के चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत लगभग 15 फीसदी बढ़कर 46.01 फीसदी हो गया था। इस चुनाव में बीजेपी का वोट प्रतिशत 43.7 फीसदी तक पहुँच गया। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के वोट प्रतिशत की बात करें तो 2009 में 2.58, 2014 में 3.71 और 2019 में 3.29 प्रतिशत था। इस लिहाज से देखा जाए तो जब गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा तो कांग्रेस का प्रत्याशी चुनाव हारा। वहीं जब गोंगपा का वोट प्रतिशत स्थिर रहा तो कांग्रेस को फायदा हुआ.यानी ये कहना गलत नहीं होगा कि इस सीट पर किसी प्रत्याशी की जीत और हार का भविष्य गोंगपा के वोटर्स के हाथों में हैं।

पहली बार ऐसा कि कांग्रेस बनाने जा रही इतिहास

पहली बार 400 से कम सीटों पर लड़ेगी लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। देश की सत्ता पर सबसे अधिक समय तक कायम रहने वाली और सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव में अब तक के चुनावी इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेगी. 2014 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी इतिहास में सबसे कम सिर्फ 44 सांसद लोकसभा में भेजने वाली कांग्रेस पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में 350 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

कांग्रेस ने अब तक 266 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है. कांग्रेस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, पार्टी इस लोकसभा चुनाव में कुल 330 से 340 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस पहली बार 400 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भारत में हुए पहले लोकसभा चुनाव 1951-52 से लेकर साल 2019 तक हुए सत्रह लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कभी भी 400 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव नहीं लड़ी। कांग्रेस ने अब तक सबसे कम सीटों पर लोकसभा का चुनाव 2004 में लड़ा था, जब पार्टी ने कुल 417 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इसके बाद 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 440, 2014 के लोकसभा चुनाव में 463, 2019 के लोकसभा चुनाव में 421 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने पिछले 17 लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक उम्मीदवार 1996 के लोकसभा चुनाव में उतारा था, तब कांग्रेस की तरफसे 529 प्रत्याशी चुनाव मैदान में कांग्रेस ने उतारे थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की कम सीटों पर लड़ने की सबसे बड़ी वजह कांग्रेस का इंडिया अलायन्स का हिस्सा होना है और इसके तहत इंडिया अलायंस के घटक दलों के साथ सीटों का तालमेल है। कई राज्यों में कांग्रेस पिछले चुनाव के मुकाबले कम सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ रही है।

यूपी में 67 से 17 सीटों पर उतरी

मसलन उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने पिछली बार यूपीए गठबंधन के तहत 67 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन इस बार पार्टी सिर्फ17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है यानी 50 सीटें कम। इसी तरह से बंगाल में कांग्रेस पार्टी ने पिछली बार 41 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन सूत्रों के मुताबिक इस बार कांग्रेस करीब 20 लोकसभा सीटों पर ही उम्मीदवार उतार रही है।

जम्मू में केवल दो सीटों पर

इसके अलावा कांग्रेस दिल्ली में भी पिछले चुनाव के मुकाबले चार सीटों पर कम, गुजरात में दो सीटों पर कम, राजस्थान में पिछले चुनाव के मुकाबले कांग्रेस तीन का सीटों पर चुनाव लड़ रही है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस पिछले चुनाव के मुकाबले 2024 में एक सीट पर कम लड़ हैं। जम्मू कश्मीर में कांग्रेस पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार 2 सीटों पर कम प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने पिछली बार जम्मू कश्मीर की पांच में से चार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था, इस बार सिर्फदो लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार को उतारा है।

महाराष्ट्र में 25 से 8 सीटों पर सिमटी

महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी ने पिछले चुनाव में 25 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारा था लेकिन इस बार महाराष्ट्र में भी कांग्रेस पार्टी पिछली बार की तुलना में 8 सीटों सीटों कम चुनाव लड़ रही है। अब तक कांग्रेस ने कुल 278 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है.

जालोर-सिरोही लोकसभा का रण..

गहलोत के बेटे की राह में रोड़ा 'लाल डायरी'!

■ डर ऐसा कि पूरा परिवार जनता के बीच वोट मांगने पहुंच रहा

जालोर-सिरोही। बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में अपने गृह क्षेत्र जोधपुर से हारने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत इस बार दूसरी सीट से मैदान में हैं। जालोर सिरोही से भाग्य आजमा रहे वैभव गहलोत की सीट फिलहाल फंसी हुई नजर आ रही है। फलोदी सट्टा बाजार का दावा है कि वह चुनाव हार भी सकते हैं। हालांकि, वैभव गहलोत जीत के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस बार उनका प्रचार पहले के मुकाबले काफी अलग है। कांग्रेस कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि उनके पिता और पूर्व सीएम अशोक गहलोत के साथ पत्नी हिमांशी गहलोत और बेटी कश्विनी गहलोत भी चुनाव प्रचार में जुटी हुई हैं।

कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते

लिहाजा पूरा गहलोत परिवार इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। पूर्व सीएम कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ लगातार बैठक कर रहे हैं। वहीं वैभव की पत्नी हिमांशी महिलाओं और माली समुदाय के मतदाताओं को साधने में जुटी हैं। उनकी बेटी काशविनी भी युवाओं को साधने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के सामने कई चुनौतियां हैं।

आखिरकार फंसे हुए हैं वैभव

मूल रूप से जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के निवासी वैभव गहलोत के सामने जालौर-सिरोही लोकसभा सीट पर सबसे बड़ी चुनौती उनका बाहरी होना माना जा रहा है। क्योंकि एक तरफजहां भाजपा इसे बड़ा मुद्दा बना रही है तो वहीं कांग्रेस का एक तबका भी वैभव गहलोत के जालौर से चुनाव लड़ने से काफी खफा है। इसका खामियाजा उन्हें इस चुनाव में उठाना पड़ सकता है। हालांकि, कांग्रेस नेताओं का दावा है कि इस प्रकार का भाव कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में नहीं है और हर परिस्थिति में डैमेज कंट्रोल के लिए पार्टी लगी हुई है।

बड़ी चुनौती लुंबाराम चौधरी

सबसे बड़ी चुनौती भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी स्वयं हैं। लुंबाराम चौधरी काफी सामान्य और सरल व्यक्ति हैं। ऐसे में जालौर-सिरोही क्षेत्र की जनता उनके लो-प्रोफाइल व्यवहार के चलते काफी प्रभावित है। भाजपा के चुनाव प्रबंधन और राष्ट्रीय नेताओं के दौरे और कैंपेन स्ट्रेटजी को भी चुनौती देने में कांग्रेस प्रत्याशी फीके पड़ते हुए नजर आ रहे हैं. हालांकि, भाजपा ने इस बार अपने तीन बार के सांसद देवजी पटेल का टिकट काटकर लुंबाराम को मैदान में उतारा है. यह भाजपा के लिए एक मजबूत सीट मानी जाती है.

ऐसा है जालोर-सिरोही का जाल

बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के उम्मीदवार देवजी एम पटेल की जीत हुई थी। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार को 2.61 लाख वोटों से हराया था. हालांकि, 2023 के विधानसभा चुनाव में टक्कर बराबरी की थी। इस लोकसभा में विधानसभा की आठ सीटें हैं, जिसमें से चार-चार सीटें भाजपा और कांग्रेस के पास है. जालोर जिले की पांच और सिरोही जिले की तीन विधानसभा सीटों को मिलाकर यह लोकसभा क्षेत्र बना है।

ये करेंगे खेला

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच सियासी अदावत अब खुलकर सामने है. लाल डायरी प्रकरण से देशभर में चर्चित और कभी गहलोत सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र गुढ़ा अब जालोर-सिरोही से चुनाव लड़ रहे वैभव गहलोत के खिलाफप्रचार करेंगे। गुढ़ा ने बतौर शिवसेना के राजस्थान कोऑर्डिनेटर की हैसियत से कहा कि नेशनल अलाइंस के बीच राजस्थान में भी शिवसेना बीजेपी को सभी 25 लोकसभा सीटों पर समर्थन देगी।

सीएम पर अटैक, पवन की रैली में पथराव के बाद फैला तनाव

अमरावती। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में अगले महीने होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करते समय कई जगह हमले की घटना हुई है। इससे तनाव की स्थिति बनी हुई है। रविवार को किसी ने जनसेना पार्टी के नेता और अभिनेता पवन कल्याण पर पत्थर फेंक दिया, मगर वह बाल-बाल बच गए। यह घटना गुंटूर जिले के तेनाली में हुई, जब पवन कल्याण टीडीपी-जेएसपी-बीजेपी उम्मीदवारों के समर्थन में वाराही यात्रा कर रहे थे। इस घटना से रैली के दौरान तनाव फैल गया। जेएसपी कार्यकर्ताओं ने पत्थर फेंकने वाले व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटना मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के विजयवाड़ा में चुनाव प्रचार के दौरान किसी के पथराव में घायल होने के एक दिन बाद हुई। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख को शनिवार को अजित सिंह नगर इलाके में एक पत्थर से चोट लगने के बाद उनकी बाईं भौंह पर चोट लग गई।

खजुराहो सीट पर ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक का समर्थन करेगा इंडिया समूह

नई दिल्ली , (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि मध्यप्रदेश में खजुराहो लोकसभा सीट पर ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के प्रत्याशी आरबी प्रजापति इंडिया समूह के उम्मीदवार होंगे।

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां बताया कि खजुराहो लोकसभा सीट पर ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के प्रत्याशी आर बी प्रजापति इंडिया समूह के संयुक्त प्रत्याशी होंगे।

रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने इंडिया समूह के एक अन्य सदस्य, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी को अपना समर्थन देने का फ़ैसला किया है। वह मध्यप्रदेश के खजुराहो लोकसभा से इंडिया समूह के संयुक्त प्रत्याशी होंगे।

मध्यप्रदेश में सीट बंटवारा समझौते के अंतर्गत कांग्रेस ने खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी को दी थी, लेकिन तकनीकी कारणों से समाजवादी पार्टी उम्मीदवार का नामांकन रद्द कर दिया गया है। रमेश ने कहा, ÷कांग्रेस ने खजुराहो लोकसभा सीट इंडिया समूह के अपने सहयोगी समाजवादी पार्टी के लिये छोड़ी थी। दुर्भाग्य से सत्ता के खुले खेल और लोकतंत्र के सभी मानदंडों के ख़िलाफ़ जाकर भाजपा सपा उम्मीदवार का नामांकन ख़ारिज़ करवाने में सफल हो गयी है।

चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टरों की तेजी से बढ़ी मांग

■ ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की उम्मीद

■ पार्टियों में फंड की कमी की परेशानियां

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए देश भर में राजनेताओं और राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों के दौरे के कारण चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग में 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के मुताबिक ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की उम्मीद है।

चार्टर्ड सेवाओं के लिए प्रति घंटे का किराया भी बढ़ गया है। उनका कहना है कि एक विमान के लिए लगभग 4.5-5.25 लाख रुपये और एक ट्विन-इंजन हेलीकॉप्टर के लिए लगभग 1.5-1.7 लाख रुपये का किराया लिया जाता है। हालांकि सामान्य समय और पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में मांग बढ़ी है, लेकिन फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम उपलब्ध है।

दूरस्थ इलाकों में प्रचार के लिए पहुंचना जरुरी

विमान और हेलीकॉप्टरों की बढ़ती मांग को देखते हुए कुछ ऑपरेटर पट्टे पर विमान और हेलीकॉप्टर लेने की सोच रहे हैं। रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने बताया कि 'हेलीकॉप्टरों की मांग में बढ़ोतरी हुई है और यह सामान्य समय की तुलना में चुनाव के समय में 25 प्रतिशत अधिक है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है।' आमतौर पर, राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों और नेताओं को कम समय में, खासकर दूरदराज के इलाकों में पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करते हैं। गेली ने कहा कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के प्रबंध निदेशक कैप्टन आरके बाली ने बताया कि पिछले आम चुनावों की तुलना में चार्टर्ड विमानों की मांग 30-40 प्रतिशत अधिक है।

भाजपा कर रही 250 करोड़ से अधिक खर्च

चुनाव आयोग को सौंपे गए 2019-20 के लिए पार्टी के सालाना ऑडिट किए खातों के अनुसार सत्तारूढ़ भाजपा ने विमान/हेलीकॉप्टरों पर 250 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च किया। कांग्रेस पार्टी ने 2019-20 में चुनाव यात्रा व्यय पर 126 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। लोकसभा चुनाव के सात चरण में होंगे। ये 19 अप्रैल से शुरू होंगे और 44 दिनों में 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर चुनाव होंगे। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होंगे. 2019 में लोकसभा चुनाव अप्रैल और मई में हुए थे।

न्यूज गैलरी

शीतल पेय वितरण और बंगला नववर्ष समारोह सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर में बंगला नववर्ष के अवसर पर रविवार को प्रातः 6.30 बजे से मां काली की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही शीतल पेय वितरण किया गया। प्रातः छह बजे से मां काली को माखन, किशमिश, मिश्री तथा दोपहर 12 बजे खीर-पूड़ी का भोग लगाया गया। इसके पश्चात स्व. गीता देवी बर्धन की स्मृति में शीतल पेय (आम पना) का वितरण किया गया। संध्या को भी माँ काली की विशेष पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर के सचिव श्री विवेक बर्धन ने दी।

विधि अधिकारी को दी गई विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। राजभवन संवैधानिक प्रकोष्ठ की विधि अधिकारी श्रीमती नीरू सिंह के स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने श्रीमती नीरू सिंह के राजभवन में पदस्थापना के दौरान के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक कुशल न्यायिक अधिकारी के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी के दायित्व का निर्वहन कुशलता पूर्वक किया। श्री यशवंत कुमार ने नए दायित्व के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार श्री राजेश श्रीवास्तव, उप सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम एवं राजभवन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

राजधानी के 7 प्रवेश द्वार बनेंगे सुंदर, योजना बनी

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने शहर के सभी 7 प्रवेश द्वारों को सुंदर बनाने की योजना अनुसार आज सुबह तेलीबांधा चैक से लेकर छेरीखेड़ी मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्ग में जगह - जगह खड़े होकर उन जगहों पर क्या किया जा सकता है के लिए योजना बनाई।

निगम कमिश्नर श्री मिश्रा के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग अथार्टी के प्रवीण कुमार, अपर आयुक्त विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन क्रमांक 9 के जोन कमिश्नर सन्तोष पांडे, जोन क्रमांक 6 के जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, निगम के अन्य अधिकारियों के साथ बिल्डर आनन्द सिंघानिया तथा अन्य बिल्डर भी मौजूद थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगम द्वारा कोई विकास कार्य करने पर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा रोक टोक लगाई जाती है या फिर कार्य करने ही नहीं दिया जाता है। इसी वजह से कार्य को मिलजुल कर करने हेतु राजमार्ग विभाग के साथ संयुक्त रूप से योजना बनाकर कार्य करने की योजना बनाई गई। इस मार्ग में एक जगह स्वागत द्वार बनाने पर भी विचार किया। जिससे रायपुर आने वाले नागरिकों को महसूस हो कि वे रायपुर शहर के भीतर प्रवेश कर चुके हैं। साथ ही रायपुर शहर की सीमा से निकलने का भी द्वार वहीं पर सड़क की दूसरी ओर बनाया जाएगा। सड़क के दोनों किनारे लैंड स्केपिंग करने तथा पेड़ लगाने पर भी चर्चा की गई। सड़क के किनारे कई जगह ऐसी जगह भी हैं जिनकी दूरी 200 से 300 मीटर हैं, वहां पेड़ पौधे लगाकर सौंदर्यीकरण किया जा सकता हैं। ऐसी जगहों का सर्वे करने के लिए कहा गया है।

प्रदेश समेत सात राज्यों के पारेषण तंत्र की मजबूती का मार्ग प्रशस्त

■ पी. दयानंद की अध्यक्षता में पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की 49 वीं बैठक इस समिति के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ शासन के सचिव ऊर्जा व छत्तीसगढ़ पॉवर कम्पनीज़ के अध्यक्ष श्री पी.दयानंद की अध्यक्षता में दमन में संपन्न हुई। इस समिति के माध्यम से छत्तीसगढ़ में अति उच्च दाब की अंतर्राष्ट्रीय पारेषण परियोजनाओं का मार्ग प्रशस्त हुआ है,जिसका बड़ा लाभ छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों को मिलेगा।

श्री पी. दयानंद 1 अप्रैल 2024 से पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गये हैं। इस समिति में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश , गोवा , दमन और दीव, दादरा एवं नगर हवेली की उत्पादन, पारेषण, वितरण पॉवर कम्पनीज़, एनटीपीसी , पॉवर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया, इन राज्यों की निजी पॉवर उत्पादक कंपनियाँ, निजी पारेषण व ट्रेडिंग कंपनियाँ , राज्य एवं क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र सम्मिलित हैं। देश के पश्चिम क्षेत्र में विद्युत प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर तीन माह में समिति की बैठक आयोजित की जाती है।इसी कड़ी में केंद्र शासित राज्य दमन में समिति की 49 वीं बैठक 12-13 अप्रैल को दमन में संपन्न हुई।इस बैठक में पॉवर के अंतर्राज्यीय मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय हुये जैसे नयी अंतर्राज्यीय पारेषण लाइनों के निर्माण की स्वीकृति, डेटा के संचार हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एक समान सॉफ्टवेर बनाने, अंतर्राज्यीय पॉवर एक्सचेंज से संबंधित विभिन्न वाणिज्यिक व मीटरिंग व्यवस्था के आधुनिकीकरण जैसे मुद्दे सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर आपसी सहमति से निर्णय लिये गये।साथ ही पूर्व निर्णयों के त्वरित क्रियान्वयन ,समस्याओं के समाधान आदि विषयों पर भी चर्चा की गई । इसके पूर्व 12 अप्रैल को पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की तकनीकी समन्वय समिति की बैठक श्री राजेश कुमार शुक्ला, प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ पारेषण एवं वितरण कंपनी की अध्यक्षता में दमन में ही संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में पॉवर ग्रिड के धमधा स्थित 765 केवी उपकेंद्र से छत्तीसगढ़ राज्य के उपकेंद्रों में जुड़ने वाली 4 नग 220 केवी लाइनों,400 केवी धमधा पॉवर ग्रिड उपकेंद्र से सीएसपीटीसीएल के 400केवी कुरूद उपकेंद्र तक तथा 400 केवी जेपोर (ओडीशा) से सीएसपीटीसीएल के 400 केवी जगदलपुर उपकेंद्र तक 400 केवी की लाइनों की स्वीकृति प्रदान की गई है । इन पर कार्य भी प्रारंभ हो गए हैं। इनके निर्माण से छत्तीसगढ़ को केंद्रीय पूल से मिलने वाली बिजली की मात्रा में वृद्धि होगी जिससे विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

नेहरू चिकित्सा कालेज में नेशनल पैथोलॉजी डे

रायपुर/नवप्रदेश। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के पैथोलॉजी विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ÷नेशनल पैथोलॉजी डे÷ का आयोजन किया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट एंड माइक्रो बायोलॉजिस्ट के आह्वान पर 13 अप्रैल को यह राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस भारत के पैथोलॉजी और मेडिकल रिसर्च के पितामह डॉ. व्ही.आर. खानोलकर के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर पैथोलॉजी विभाग द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिये पैथोलॉजी क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें 5-5 एम.डी. विद्यार्थियों की चार टीमों ने भाग लिया। क्विज का संचालन डॉ. वर्षा पाण्डेय, डॉ. अमित कुमार भारद्वाज, डॉ. वनिता भास्कर, डॉ. रूचि वर्मा, डॉ. कस्तूरी मंगरुलकर, डॉ. अनुभव चन्द्राकर एवं डॉ. सरोज कुमारी ने किया और अंकों की गणना स्कोरर डॉ. पुष्कर चौधरी ने किया। क्विज का मार्गदर्शन प्रोफेसर डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी ने किया। स्नातक एम.बी.बी.एस. छात्र-छात्राओं द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में पैथोलॉजी की महत्ता प्रतिपादित करते हुए रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन दोनों प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. विकास बाम्बेश्वर, डॉ. सूदित पाल और डॉ. मेघा वर्मा और डॉ. अविरल मिश्रा ने किया।

आचार संहिता का उल्लंघन, लेखाधिकारी राकेश की मृत्यु की जांच की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन करते हुये अवैध स्थानांतरण किये जाने और जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लेखा अधिकारी राकेश देवांगन की मृत्यु की जांच करने की शिकायत कांग्रेस विधि विभाग ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया।

ज्ञापन में कहा गया कि सपूर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन करते हुये कर्मचारियों का अवैध स्थानांतरण किये जाने और जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लेखा अधिकारी राकेश देवांगन की मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है इसकी जांच किये जाने और संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध जांच किये जाने की मांग छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग करती है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किस अधिकारी / व्यक्ति के कहने पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का स्थानांतरण आचार संहिता के दौरान किये गये है। इसका खुलासा करने की मांग छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के द्वारा माननीय महोदया से करते है। जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लेखा अधिकारी राकेश देवांगन की मृत्यु किन कारणों से हुई और मृत्यु से पूर्व मृतक का किस-किस व्यक्ति से उनके मोबाईल पर बातचित हुई उनका भी डाटा निकलवाते हुये संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध समूचित कानूनी कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। ताकि सही तथ्य आम जनता के बीच आ सके।

कांग्रेस का घोषणा पत्र स्वास्थ्य की दिशा में बेहतर भाजपा का घोषणा पत्र ठगने वाला : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के विगत 10 वर्षों में देश में स्वास्थ्य सेवा बदहाल हुई है। सीएजी के रिपोर्ट में प्रमाणित हुआ है कि आयुष्मान योजना के नाम पर हजारों करोड़ के घपले, घोटाले किये गये। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दोनों प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों का घोषणा पत्र जारी हो चुका है।

स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जहां कांग्रेस पार्टी ने 19 महत्वपूर्ण वादे किये है, वहीं भारतीय जनता पार्टी अपने तथाकथित संकल्प पत्र में भी आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कोई ठोस वादा करने में नाकाम रही। भाजपा के घोषणा पत्र में स्वास्थ्य सेवा के संबंध में केवल पुराने वादे ही है, जो पूर्व में भी पूरे नहीं हुये। कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में देश की जनता से स्वास्थ्य सेवा बेहतरी के लिए 19 बिंदुओं का वादा किया है। 1. कांग्रेस वादा करती है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं, जैसे अस्पताल, क्लिनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोबाइल स्वास्थ्य इकाई, औषधालय और स्वास्थ्य शिविर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल हर नागरिक के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगी। निःशुल्क स्वास्थ्य देखभाल में परामर्श, जांच, उपचार, सर्जरी, दवाएं और पुनर्सुधार शामिल होंगे। 2. राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई चिरंजीवी योजना के तर्ज पर देशभर में 25 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज के लिए कैशलेस बीमा योजना लागू की जाएगी। 3. कांग्रेस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक मानदंडों के अनुसार विकसित करेगी, और प्रत्येक पीएचसी में डायग्नोस्टिक्स (आधुनिक जांच सुविधाएं) उपलब्ध कराएगी। 4. कांग्रेस निजी और सरकारी क्षेत्र में स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की शुरूआत को बढ़ावा देगी।

रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

■ नॉकआउट मुकाबले में 82 रनों से रायपुर स्मार्ट सिटी ने श्रम विभाग को हराया

■ श्रवण कुमार रहे मैन ऑफ द मैच

रायपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन रायपुर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्थानीय नेताजी सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 14 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं श्रम विभाग के मध्य खेला गया। इस नॉक आउट रोमांचक मुकाबले में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 187 रन विशाल स्कोर बनाकर जीत हासिल की और सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाई है। सेमीफाइनल में अब रायपुर स्मार्ट सिटी का मुकाबला खेल विभाग से मंगलवार की शाम को होगा।

रविवार को खेले गए मैच में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की टीम टॉस जीतकर प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करने उतरी और बल्लेबाज श्रवण की 105 रन की आतिशी पारी से पूरी टीम 187 रन का लक्ष्य दिया। श्रम विभाग की टीम ने इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए 105 रन ही बना सकी। श्रवण मैन ऑफ द मैच रहे। मैच के पश्चात जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप ने खिलाड़ियों और नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल ने टीम की हौसला अफ़ज़ायी की।

17 और 21 को मांस बिक्री बंद

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी । इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

जीवन में कठोरता हो, तो साधना फलवती होती है: डॉ पण्ड्या

हरिद्वार/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या जी ने कहा कि साधक को अपने लिए जीवन में कठोरता अपनानी चाहिए, जिससे वे संकल्पबद्ध हो मनोयोगपूर्वक साधना पूरी कर सकें। ऐसी साधना फलवती होती है।

प्रसिद्ध आध्यात्मिक चिंतक श्रद्धेय डॉ पण्ड्या श्रीरामचरित मानस में माता शबरी की योगसाधना के नवधा भक्ति में से चौथी भक्ति पर शांतिकुंज आये गायत्री साधकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति छल, कपट को छोड़कर प्रभु द्वारा सुझाये गये कार्यों में मन लगाता है, वह अपने जीवन में प्रभु की भक्ति को पा लेता है। युवा उत्प्रेरक डॉ पण्ड्या ने कहा कि ईश्वर प्रणिधान से समाधि की सिद्धि हो जाती है। यानि ईश्वर की शरणागति से, साधना मे आने वाले परेशानियों का नाश होकर शीघ्र ही समाधि निष्पन्न हो जाती है, क्योंकि ईश्वर पर निर्भर रहने वाला साधक तो केवल तत्परता से साधना व भक्ति करता रहता है। उसे साधन भजन की चिंता नहीं रहती। उसकी जिम्मेदारी ईश्वर की हो जाती है। अतः साधना और भक्ति का शीघ्र पूर्ण होना स्वाभाविक है। इससे पूर्व संगीत विभाग के भाइयों ने सुमधुर प्रज्ञागीत प्रस्तुत कर उपस्थित साधको को भक्तिभाव में स्नान कराया।

रावतपुरा विवि में छत्तीसगढ़ में अम्बेडकर विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के समाज कार्य विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विषय छत्तीसगढ़ में अम्बेडकर÷ पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर. के. सुखदेवे (सामाजिक कार्यकर्ता, छत्तीसगढ़ तर्कशील परिषद के अध्यक्ष एवं संपादक 'तथागत' मासिक पत्रिका, रायपुर) ने विद्यार्थियों से छत्तीसगढ़ में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान के वषय में विस्तार पूर्वक विचार व्यक्त किये।

कार्य्रक्रम को संबोधित करते हुए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा प्राप्त विभिन्न विषयों में शिक्षा, समाज कल्याण और राष्ट्र की उन्नति के लिए किये गए अथक प्रयासों से प्रेरणा प्राप्त कर उनके शीर्ष नेतृत्व के मार्ग में चलने की बात कही।

यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा अपने वक्तव्य में कहा कि आंबेडकर एक महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता एवं अर्थशास्त्री थे। उन्हें किताबों से अधिक मोह था, उनका स्वयं का निजी पुस्तकालय था, जिसमें 50,000 से अधिक किताबें थी। उन्होंने कई विषयों में डिग्रीयाँ हासिल की, जिसमें मुख्य रूप से कोलंबिया यूनिवर्सिटी तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स से पीएचडी हासिल शामिल है ÷रुपये की समस्या÷ जैसे विषयों पर उन्होंने शोध कार्य किया। और आज़ादी के बाद उसी शोध पर रिजर्व बैंक स्थापित हुआ। अपने विचार व्यक्त करते हुए, मुख्य वक्ता डॉ. आर. के. सुखदेवे जी ने बताया कि आंबेडकर एक समाज सुधारक के रूप में हमारे समक्ष आते हैं। इनकी शिक्षा, कानून और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अभूपूर्व योगदान रहा है। आंबेडकर जी ने पुरुष एवं महिलाओं में समानता की बात की। हिंदु कोड बिल, श्रम कानून जैसे महत्वपूर्ण कानून लाये, जिसके परिणाम स्वरूप श्रमिकों को उनके अधिकार प्राप्त हुए। महिलाओं को बराबरी का हक मिला। अंबेडकर जी का छत्तीसगढ़ से भी संस्मरण जुड़ा हुआ है। जब भारत गुलाम था, तो छत्तीसगढ़, सीपी और बरार के हिस्से में आता था। उस समय सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास जी के पोते मुकतावन दास को अमरवती जेल में बिना किसी कारण के डाल दिया गया था, उन्हें जेल से छुड़ाने के लिए भोरिंग गाँव से नकुल देव ढीढी ने आंबेडकर जी से संपर्क किया। और उनका केस लड़ा, कोर्ट में महज 5 मिनट की बहस के उपरांत मुकतावन दास जी को छोड़ दिया गया। आंबेडकर जी को छत्तीसगढ़ बुलाया गया था, वे 12 दिसंबर 1945 को रेलगाड़ी के माध्यम से रायपुर के सप्रे शाला(तात्कालिन लॉरी स्कूल) में आए थे। रायपुर उस समय दुल्हन की तरह सजा था। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ÷ मैं रायपुर पहली बार आया हूँ। आप सभी शिक्षित हों और अन्य लोगों को शिक्षित करने का प्रयास करें। सारे लोग छितरे न रहें, संगठित रहें। संगठित होने से दूसरे लोग आपका लोहा मानेंगे। इस देश को स्वतंत्रता मिलने वाली है, लोगों की समानता, शिक्षा के लिए इस कारवाँ को आगे बढ़ाना है कुछ लोग इस देश को बाँटने में लगे हैं, मैं देश को बाँटने के पक्ष में बिल्कुल भी नहीं हूँ।'

शांतिकुंज पहुंचे देश विदेश से हजारों साधक

■ सामूहिक नवरात्र साधना में जुटे

हरिद्वार/नवप्रदेश। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि चैत्र नवरात्र साधक के आंतरिक गुणों को परिमार्जित करने का पावन अवसर है। यह साधना अध्यात्म क्षेत्र के कमांडो प्रशिक्षण जैसा है। इसमें साधकों को कई तरह के अनुशासनों का पालन करना होता है। इन दिनों मनोयोगपूर्वक की गयी साधना से साधक के अंदर के कषाय कल्मषों का नाश होता है। युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पण्ड्या जी नवरात्र साधना के अवसर पर गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के मुख्य सभागार में आयोजित सत्संग में उपस्थित साधकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीव कर्म के बंधन से बँधे हैं। उन्हें इनसे मुक्ति के लिए उच्च स्तरीय साधना की आवश्यकता होती है। ऋषि-मुनियों ने भी उच्च स्तरीय साधना की और अपने शिष्यों का मार्गदर्शन किया। युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय जी ने कहा कि इन साधना के माध्यम से पूर्व जन्म में किये गये पापों का क्षय होता है तथा वर्तमान से लेकर भविष्य का मार्ग सुगम होता है। साधना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि जाग्रत तीर्थ परिसर व सद्गुरु के सान्निध्य में की गयी साधना पुण्यदायी होती है। शांतिकुंज में साधकों की दिनचर्या प्रातःकाल चार बजे से लेकर रात्रि नौ बजे तक है। इस बीच निर्धारित जप के साथ त्रिकाल संध्या भी साधक करते हैं। इस अवसर पर देश विदेश से आये हजारों साधकों सहित अंतेवासी कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

सुविचार

भले ही शब्द सीमित हों किंतु उसके असीमित अर्थ होने चाहिए। बस इतना ध्यान रखें कि आपके शब्दों से किसी को कष्ट नहीं होना चाहिए। - अज्ञात

भाजपा का चुनावी घोषण पत्र

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने भी अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र को जारी करते हुए कहा है कि तीसरी बार उनकी सरकार बनने के साथ ही इस घोषणा पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल शुरू कर दिया जाएगा। भाजपा ने इसे मोदी की गारंटी का नाम दिया है। जिसमें गांव, गरीब, किसान और युवा तथा नारी शक्ति पर फोकस किया गया है। जहां कृषि प्रधान इस देश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान नीधि का लाभ आगे भी जारी रखने का वादा किया गया है। वहीं तिलहन और दहन उत्पादक किसानों के लिए सुपर फुड को बढ़ावा देने की बात कहीं गई है। किसानों को पेंशन देने की भी घोषणा की गई है। इसके अलावा मुद्रा योजना का लाभ अब दस लाख रुपए से बढ़ाकर 30 लाख करने का वादा किया गया है। जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। महिलाओं के शक्तिकरण के लिए तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने तथा नमो ड्रोन योजना के तहत महिलाओं को ड्रोन दीदी बनाने का भी वादा किया गया है। इसके अलावा भाजपा ने एक देश एक चुनाव कराने का तथा समान नागरिक संहिता लागू करने का भी वादा किया है। भाजपा के घोषणा पत्र में समान नागरिक संहिता और एक देश एक चुनाव के वादे से विपक्षी पार्टियों में खलबली मच गई है। विपक्ष के कई नेताओं ने इन वादों को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधना शुरू भी कर दिया है। खास तौर पर क्षेत्रिय पार्टियां एक देश एक चुनाव की परिकल्पना का कड़ा विरोध कर रही है और इसे लोकतंत्र को कुचलने की साजिश करार दे रही है। इसी तरह समान नागरिक संहिता का भी विरोध शुरू हो गया है। भाजपा का यह चुनावी घोषणा पत्र इसलिए भी विपक्ष के निशाने पर है क्योंकि इसमें भाजपा ने हर घर को मुफ्त बिजली देने और बिजली बेचकर कमाई करने का अवसर देने का भी वादा किया है। भाजपा के इस वादे से वे विपक्षी पार्टियां खासी नाराज है जो मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने के लिए गरीबो को और किसानों को मुफ्त बिजली देने का वादा कर उनके वोट कबाड़ने में सफल होती रही है। अब भाजपा ने सौर ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग करने की योजना बनाकर लोगों को ना सिर्फ मुफ्त बिजली देने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। बल्कि ऐसे लोग अतिरिक्त बिजली बेचकर अच्छी खासी आमदनी भी करेंगे। ऐसे में जो विपक्षी पार्टी निःशुल्क बिजली देकर सत्ता में आती रही है उनके मनसुंबो पर पानी फिरना स्वभाविक है। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में बुजुर्गों का भी ध्यान रखा है और उसने 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को जो बीपीएल श्रेणी में आते हो या ना आते हो सभी को आयुष्मान योजना के दायरे में लाने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। अब सभी बुजुर्ग चाहे वे गरीब हो या मध्यवर्ग के हो सभी को पांच लाख रुपए तक के मुफ्त ईलाज की सुविधा मिल जाएगी। निश्चित रूप से यह घोषणा बुजुर्गों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मोदी की गारंटी पर देश को विश्वास है। इसलिए भाजपा का यह चुनावी घोषणा पत्र लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए ब्रम्हास्त्र साबित हो सकता है। गौरतलब है कि पिछले दो लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने जो भी घोषाणएं की थी चाहे वह अयोध्या में राममंदिर बनाने का वादा हो या कश्मीर से 370 खत्म करने की घोषणा हो सभी महत्वपूर्ण घोषणाओं को उसने धरातल पर उतारा है। इसलिए इस बार भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम पर जो चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है। उस पर लोगों का भरोसा कायम होना स्वभाविक है। जबकि विपक्षी पार्टियों के चुनावी घोषणों पत्रों में जो लोकलुभावन घोषणाएं की गई है उस पर किसी को आसानी से यकिन नहीं हो रहा है। भले ही विपक्षी नेता भाजपा के चुनावी पत्र को कपोल कल्पित बता रहे हो लेकिन देश की जनता पर इस घोषणा पत्र का व्यापाक प्रभाव पड़ना तय है और भाजपा को इसका चुनावी लाभ मिल सकता है।

गुलामनबी ने कांग्रेस को दिखाया आईना

पूर्व कांग्रेसी नेता गुलामनबी आजाद ने कांग्रेस पार्टी को फिर एक बार आईना दिखाया है। कांग्रेस से अलग होकर अपनी क्षेत्रिय पार्टी बनाने वाले आजाद ने कश्मीर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ा यात्रा को लेकर तिखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि 1947 से भारत जुड़ा हुआ है ऐसे जुड़े हुए भारत को जोड़ने के लिए राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली जिससे कोई आखिर क्यों जुड़ेगा। राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा की जगह पाकिस्तान जोड़ों यात्रा निकलनी चाहिए। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मुद्दों का चुनाव करना ही नहीं आता। आज देश में महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या बन गई है। इस मुद्दे को छोड़कर कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी भारत जोड़ों यात्रा निकला कर सिर्फ मीडिया में सुर्खियां बटोर रहे हैं। गुलामनबी आजाद की इस खरी-खरी पर कांग्रेस ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। लेकिन आजाद ने कांग्रेस पार्टी को आईना दिखाकर इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बैकफुट पर धकलने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। कश्मीर में लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव की प्रस्तावित है और वहां गुलामनबी आजाद की क्षेत्रिय पार्टी को निश्चित रूप से कड़ी चुनौती देगी। बहरहाल कांग्रेस पार्टी को गुलामनबी आजाद की इस नसीहत पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए और लोकसभा चुनाव के दौरान बेरोजगारी तथा महंगाई जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना चाहिए वरना कांग्रेस को इस बार भी लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त का सामना करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है।

प्रेरक प्रसंग

बहुत समय पहले की बात है। एक गांव में एक मूर्तिकार (मूर्ति बनाने वाला) रहता था। वह ऐसी मूर्तियां बनता था, जिन्हें देख कर हर किसी को मूर्तियों के जीवित होने का भ्रम हो जाता था। आस-पास के सभी गांव में उसकी प्रसिद्धि थी, लोग उसकी मूर्तिकला के कायल थे। इसीलिए उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बड़ा घमंड था। जीवन के सफर में एक वक्ता ऐसा भी आया जब उसे लगने लगा कि अब उसकी मृत्यु होने वाली है, वह ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएगा। उसे जब लगा कि जल्दी ही उसकी मृत्यु होने वाली है तो वह परेशानी में पड़ गया। यमदूतों को भ्रमित करने के लिए उसने एक योजना बनाई। उसने हुबहू अपने जैसी दस मूर्तियां बनाई और खुद उन मूर्तियों के बीच जा कर बैठ गया।

यमदूत जब उसे लेने आए तो एक जैसी ग्यारह आकृतियों को देखकर दंग रह गए। वे पहचान नहीं कर पा रहे थे कि उन मूर्तियों में से असली मनुष्य कौन है। वे सोचने लगे अब क्या किया जाए। अगर मूर्तिकार के प्राण नहीं ले सके तो सृष्टि का नियम टूट जाएगा और सत्य परखने के लिए मूर्तियों को तोड़ा गया तो कला का अपमान हो जाएगा। अचानक एक यमदूत को मानव स्वाभाव के सबसे बड़े दुर्गुण अहंकार को परखने का विचार आया। उसने मूर्तियों को देखते हुए कहा, कितनी सुन्दर मूर्तियां बनी हैं, लेकिन मूर्तियों में एक त्रुटी है। काश मूर्ति बनाने वाला मेरे सामने होता, तो मैं उसे बताता मूर्ति

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:00, सूर्यास्तः 06:41
चन्द्रोदयः 11:07, चन्द्रास्तः 25:45
अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)
ऋतुः वसंत, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : अष्टमी, नक्षत्रः पुष्य, योग : धृति, प्रथम करण : वणिज (12:11 तक), द्वितीय करणः विष्टि (24:42 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : कर्क (21:42 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:56 से 12:47, अमृत काल 24:32 से 26:14, सर्वार्थसिद्धि योग 27:05 से 29:54, विजय मुहूर्त 14:30 से 15:21, गोधूलि मुहूर्त 18:46 से 19:08, सायाह्न सन्ध्या 18:47 से 19:54, निशिता मुहूर्त 23:58 से 24:43, राहुकाल 01:32 से 15:00, राहुवास उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड 10:45 से 12:21, होमाहुति शुक्र, दिशाशूल पूर्व, अग्निवास पाताल (12:11 से पृथ्वी), भद्रावास स्वर्ग (मृत्यु 20:39 से)

– प्रो. संजय द्विवेदी

राजनीति में भी चमके मीडिया के सितारे

इकोनॉमिक टाइम्स' में रहे देवेश कुमार बिहार में भाजपा से विधान परिषद में है और प्रदेश महामंत्री भी हैं। हरियाणा सरकार में वित्त मंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु भी दैनिक 'हरिभूमि' के संपादक, प्रकाशक रहे हैं। उर्दू के पत्रकार शाहिद सिद्दीकी (नई दुनिया) सपा से, तो मीम अफ़ज़ल (अखबार-ए-नौ) कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। आंध्र प्रदेश से 'वार्ता' के संपादक गिरीश सांघी कांग्रेस से राज्यसभा हो आए। पत्रकारिता से जुड़े रहे तेलंगाना के के. केशवराव कांग्रेस और टीआरएस दोनों दलों से राज्यसभा जा चुके हैं। कोलकाता के पत्रकार अहमद सईद मलीहाबादी भी राज्यसभा पहुंचे। जनता दल यूनाइटेड से एजाज अली भी राज्यसभा (2008 से 2010) में रहे। कुछ राजनीति की देहरी से भी लौट आए, जैसे वरिष्ठ पत्रकार उदयन शर्मा (कांग्रेस) और सीमा मुस्तफा जनता दल के टिकट पर लोकसभा नहीं पहुंच सके। राजनीति के मंच पर ऐसे अनेक सितारे चमके और अपनी जगह बनाई। तमाम ऐसे भी थे, जो पार्टी के प्रवक्ता या बौद्धिक कामों से जुड़े रहे। तमाम अज्ञात ही रह गये। राजनीति वैसे भी एक कठिन खेल है, संभावनाओं से भरा भी। किंतु सबको इसका फल मिले यह जरूरी नहीं। बावजूद इसके इसका आकर्षण कम नहीं हो रहा। वरिष्ठ पत्रकार प्रभाष जोशी कहते थे, 'पत्रकार की पोलिटिकल लाइन तो ठीक है, पर पार्टी लाइन नहीं होनी चाहिए।' किंतु यह लक्ष्मण रेखा भी टूट रही है। क्यों इस पर सोचिए जरूर।

इन दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है। सिने कलाकार, साहित्यकार, वकील, न्यायाधीश, खिलाड़ी, गायक, उद्योगपति सब क्षेत्रों के लोग राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। ऐसा ही हाल पत्रकारिता के सितारों का भी है। मीडिया और पत्रकारिता के अनेक चमकीले नाम राजनीति के मैदान में उतरे और सफल रहे।

आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गईं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में लगी थी। सेवा राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है, यह भाव भी प्रबल हुआ।

मूल्यों पर 'अटल' रहने वाले 'वाजपेयी'

राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आए, जिसमें सबसे खास नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो 'वीर अर्जुन' जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वे 'स्वदेश', 'पांचजन्य' और 'राष्ट्रधर्म' के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी 'हिंदुस्तान समाचार' और 'ऑर्गनाइजर' से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आए।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक 'लोकमत', साप्ताहिक 'सारथी' और 'श्री शारदा' के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शंभूनाथ शुक्ल बाद में बने मध्यप्रदेश में मंत्री और सांसद रहे। 'विशाल भारत' के संपादक रहे बनारसी दास चतुर्वेदी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी के शिष्य रहे बालकृष्ण शर्मा नवीन 'प्रताप' के संपादक रहे और कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। महाराष्ट्र का दर्डा परिवार राजनीति में अग्रणी रहा। 'लोकमत' समाचार के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा, राजेन्द्र दर्डा और विजय दर्डा सांसद, विधायक और मंत्री रहे। 'विजया कर्नाटक' और 'कन्नड़ प्रभा' अखबार से जुड़े रहे प्रताप सिम्हा भाजपा से दो बार लोकसभा पहुंचे। उनका नाम चर्चा में तब आया, जब उनके द्वारा अनुमोदित विजिटर पास से दो युवकों ने नई संसद में पहुंच कर हंगामा किया।

मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ तक सितारों की जगमगाहट

मूलतः पत्रकारिता से सार्वजनिक जीवन में आने वाले मोतीलाल वोरा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और लंबे समय तक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे श्यामाचरण शुक्ल ने रायपुर से 'दैनिक महाकौशल' अखबार निकाला। भाजपा के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के अध्यक्ष रहे लखीराम अग्रवाल ने बिलासपुर से 'लोकस्वर' अखबार निकाला। बिलासपुर के पत्रकार बीआर यादव मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री और चार बार विधायक रहे। बिलासपुर के ही रहने वाले कवि, पत्रकार श्रीकांत वर्मा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे 'दिनमान' के संपादक मंडल में रहने के बाद राजनीति में आए। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के रहने वाले चंदूलाल चंद्राकर दैनिक 'हिन्दुस्तान' के संपादक रहे। बाद में कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। राजनांदगांव के पत्रकार लीलाराम भोजवानी छत्तीसगढ़ सरकार में श्रम मंत्री रहे। 'देशबन्धु' में पत्रकारिता का पाठ पढ़ने वाले चंद्रशेखर साहू छत्तीसगढ़ से सांसद, मंत्री और विधायक रहे। मध्यप्रदेश में सीहोर के पत्रकार शंकर लाल साहू विधायक रहे। त्रिभुवन यादव पिपरिया से विधायक चुने गए। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे और दो बार विधायक चुने गए विष्णु राजोरिया मूलतः पत्रकार ही हैं, बाद में उन्होंने 'शिखर वार्ता' पत्रिका भी निकाली। मप्र में ही केएन प्रधान सांसद, विधायक और मंत्री भी रहे। नागपुर के अंग्रेजी अखबार 'हितवाद' के प्रकाशन करने वाले बनवारी लाल पुरोहित कांग्रेस और भाजपा दोनों से लोकसभा पहुंचे। संप्रति वे पंजाब के राज्यपाल हैं।

भाजपा हो या कांग्रेस, सबने दिये मौके

कांग्रेस ने राजीव शुक्ला, प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी, कुमार केतकर, विजय दर्डा आदि को राज्यसभा से नवाजा। राजीव शुक्ला मनमोहन सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। वरिष्ठ पत्रकार संजय निरुपम लोकसभा पहुंचे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। 'सामना' के संपादक संजय राऊत अपने धारदार बयानों के लिए लोकप्रिय हैं, वे भी राज्यसभा सदस्य हैं। जनता दल (यू) ने प्रभात खबर के संपादक रहे हरिवंश को दो बार राज्यसभा भेजा, वह इन दिनों राज्यसभा के उपसभापति भी हैं। 'ऑर्गनाइजर' के संपादक रहे श्री के.आर.मलकानी बाद में राज्यसभा पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी ने चंदन मित्रा, दीनानाथ मिश्र, बलबीर पुंज, राजनाथ सिंह सूर्य, नरेन्द्र मोहन, प्रभात झा, तरुण विजय, स्वप्नदास गुप्ता को राज्यसभा भेजा। इनमें मित्रा बाद में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए, जबकि पुंज और झा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। प्रभात झा मध्यप्रदेश भाजपा के चर्चित अध्यक्ष भी रहे। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों में रह चुके वरिष्ठ पत्रकार एमजे अकबर किशनगंज से कांग्रेस से लोकसभा पहुंचे। बाद में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और विदेश राज्य मंत्री बनाया।

भाषाई पत्रकारों को भी मिले अवसर

तृणमूल कांग्रेस ने हाल में ही अंग्रेजी की पत्रकार सागरिका घोष को राज्यसभा भेजा है। इसके पूर्व उर्दू पत्रकारिता से जुड़े रहे नदीमुल हक भी राज्यसभा में पहुंचे। हिंदी अखबार 'सन्मार्ग' के मालिक विवेक गुप्ता तृणमूल से सांसद भी रहे, अब विधानसभा में हैं। कुणाल घोष भी इसी दल से राज्यसभा पहुंचे। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश कौशिक भी मूलतः पत्रकार हैं। वह दिल्ली और शिमला में पत्रकारिता की लंबी पारी के बाद राजनीति में आए। हरियाणा के अंबाला लोकसभा क्षेत्र से 2014 में भाजपा सांसद चुने गए अश्विनी कुमार अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन 'पंजाब केसरी' के माध्यम से की गई उनकी धारदार पत्रकारिता लोगों के जेहन में है।'

– (लेखक भारतीय जन संचार संस्थान

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2008 में आज ही के दिन लंदन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण हुआ था। 2004 में 16 अप्रैल के दिन ही भारत ने रावलपिंडी टेस्ट जीतकर सीरीज में पाकिस्तान को 2-1 से हराया था। 2002 में आज ही के दिन दक्षिण कोरिया में एक विमान दुर्घटना में 120 यात्रियों की जान चली गई थी। 1992 में 16 अप्रैल के दिन ही अफगानिस्तान के राष्ट्रपति नजीबुल्लाह ने इस्तीफा दिया था। 1980 में आज ही के दिन अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया था। 1970 में 16 अप्रैल के दिन ही यूरोपीय देश फ्रांस में आये बर्फीले तूफान से 70 लोगों की जान चली गई थी। 1945 में आज ही के दिन रेड आर्मी ने बर्लिन की लड़ाई शुरू की थी। 1945 में 16 अप्रैल के दिन ही द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिकी सेना जर्मनी के नुरेम्बर्ग इलाके में घुस गई थी। 1922 में आज ही के दिन जर्मनी-रूस के बीच इटली में एक समझौता हुआ था जिसे Treaty of Rapallo कहा जाता है। 1919 में 16 अप्रैल के दिन ही जलियांवाला बाग हत्याकांड में मरने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए गांधी जी ने उपवास की घोषणा की थी। 1853 में आज ही के दिन भारत में मुंबई से ठाणे के बीच पहली रेल चली थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खयालों की बढ़ती रवानी

खयालों की बढ़ती रवानी
वही धूप गर्मी ओ पानी
चमन खो चुका है बहारें
रही खुशबुएं आनी जानी
बढ़ी इंतजारों की घड़ियां
रही मुख्तसर सी कहानी
किया काला जादू किसी ने
लगी 'हाय' मुझको सयानी
उतारे नज़र अब कोई तो
कोई अब उतारे तो पानी

ऐसा भी नहीं था

ऐसा भी नहीं था कि तू किस्मत में नहीं था
मैं ही जहाँ से लड़ने की हालत में नहीं था

तुमने भी मुझे मिलने की कोशिश न की कभी
और जोशे जुनून मेरी भी वहशत में नहीं था
मुमकिन था लौट आता मैं, आवाज़ तो देते
मुड़ मुड़ के देखना मेरी आदत में नहीं था
कुछ तुमने भी आना नहीं छोड़ा ख़याल में
और तुझको भूलना मेरी फ़ितरत में नहीं था
दिल को क़रार देने लगी बेकरारियां
फ़ुरकत में जितना लुत्फ़ है चाहत में नहीं था

अनु मित्तल 'इन्दु'

ख़ास पाती | आज सुबह सूरज कुछ उदास

आज सुबह सूरज कुछ उदास सा लगा बिल्कुल चुपचाप शांत सौम्य पर धिरे धिरे बढ़ रही थी तपिश मानो भितर जल रहा सब आना चाहता हो बाहर और बढ़ती जा रही है तपिश भी तेज और तेज होता जा रहा है मानो जला देना चाहता हो सब और गढ़ना चाहता है एक नयी सुंदर दुनिया...... एक साधारण इंसान का क्रोध मानो इस बार सब बदल देना चाहता है और चाहता है एक सुंदर स्वस्थ समाज.......आज कल की परिस्थितियों पर .....डेज़ी यूँ ही सुबह सुबह की सोच...एँवई...। **डेसी जायसवाल**

कौन सुनेगा सहज,सुनाये किसको

कौन सुनेगा सहज,सुनाये किसको हाल, बलात! नँचती धरती कह नहीं पाती है अब अपनी बात । नाच रहे हैं पेड़ नचाती है- मौसम की पाली । नदियां नँचती नँचें किनारे सूरज बना सवाली । नाँच द्रौपदी कहता है नभ और नँचती बरसात ! चौबीस घंटे की दिन रातें उसमें रातें आधी। भर-भर आँखें स्वप्न जगी है तकती छत भरमाती । चाँद अमा से ,अमा जहां से करती प्रणय की बात !**पंकज कुमार बंसत**

ठहर गई एक ष्ठबूंद पत्ते पर..

ठहर गई एक ष्ठबूंद पत्ते पर.. ये सोचकर कि...... शायद यही उसका घर है यही उसका बसेरा है पागल बूंद भ्रम में थी... जब पत्ते ही नहीं जुड़े रहते अपनी जड़ से तो पत्ता कैसे उसका बसेरा हो सकता है जल्दी ही खत्म हो गया ष्ठअस्तित्व बूंद का...।

अर्चना खंडेलवाल

सुनाओ मुहब्बत का तुम गीत कोई

सुनाओ मुहब्बत का तुम गीत कोई
जहां तक कहोगे वहां तक चलें हम !
जहाँ दर्द को गीत हवाएं सुनातीं
चलो मन बहारों से चन्दन करें हम ।
भरे बादलों मे रंग नीले--नीले
दिए पंख फूलों को, कितने सजीले
फिज़ा में सलोने , तराने बिखेरे
जरा गीत से उनका वन्दन करें हम।
मिलें चांदनी सी झिलमिल दुआएं
नए गीत गाने लगें कल्पनाएं
बसंती हवाओं के नगमे उड़ा के
हर गमे पतझर को ,मधुवन करें हम ।

अजय कुमार सिंह भदौरिया, भिंड मध्य प्रदेश

आया है हर कोई

जायगा वो अक्सर
साल हो या हो माह
बता रहा है दिसंबर ।

गोद माँ की रजाई
चरणों में है तामिल
सुकून कहाँ मिलेगा
रखो मखमली बिस्तर ।
ये इश्क नहीं आसाँ
चाहे झुक जाए अंबर
बदलो वक़्त के साथ
बाय बाय 2023 दिसंबर ।

सुरेश वैष्णव

QUIZ TIME

1) सूचना की सार्वभौमिक पहुँच के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?

2) संवादिनी का संबंध किस आंदोलन से है?

3) कौन नालंदा कॉलेज बुद्धिस्ट स्टडीज, कनाडा के संस्थापक है?

4) भारत और अमेरिका के बीच मुक्ताकाश समझौता किस वर्ष हस्ताक्षरित हुआ था?

5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेनेमास्पिस वांगोघी किस प्रजाति से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 28 सितम्बर (2) [illegible] (3) [illegible] (4) 2005 (5) छिपकली

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। आज कार्य क्षेत्र से समय निकाल कर एकांत में समय व्यतीत करना पसंद करेंगे।

वृष : आपका आज का दिन सामान्यतः शुभ ही रहेगा। परन्तु आज घरेलु खर्च अधिक रहने से आर्थिक समस्या खड़ी हो सकती है।

मिथुन : आपका आज का दिन प्रेम-प्रसंगों में यादगार अनुभूति कराएगा। प्रातः काल से ही लघु यात्रा की योजना बनाएंगे।

कर्क : आपका आज का दिन लगभग चिंता परेशानी में ही व्यतीत होने वाला है। परखतककल से दिमक़्क़ग को ठंडा रखने का प्रयास करेंगे लेकिन आसपास वातावरण क्रोध दिलाएगा।

सिंह : आपका आज का दिन हर प्रकार से लाभदायक रहने वाला है। विशेषकर कार्य क्षेत्र पर आज आपकी रुकी हुई योजनाओं में आकस्मिक गति आने से धन लाभ के मार्ग खुलेंगे।

कन्या : आज का दिन आपके लिए राहत भरा रहेगा। किसी दिव्य अनुभूति के कारण आध्यत्म के प्रति आस्था बढ़ेगी।

तुला : आज का दिन भी सुख शांति से व्यतीत करेंगे। आलस्य आज अधिक रह सकता है जिससे दिनचर्या दिन के आरंभ से ही धीमी रहेगी।

वृश्चिक : आज के दिन आपको सेहत का विशेष ध्यान रखने की सलाह है।

धनु : आज का दिन व्यापारियों के लिए लाभदायक रहेगा लेकिन इसके लिये आलस्य का त्याग करना पड़ेगा।

मकर : आज का दिन आपको मिला जुला फल देने वाला रहेगा। दिन के आरंभ दे मध्याह्न तक किसी कार्य को करने के लिये जोड़ तोड़ में लगे रहेंगे।

कुंभ : आज के दिन व्यक्तित्व निखरा रहने से आप जहां भी रहेंगे वहां अपनी अलग पहचान बनाएंगे। कार्य क्षेत्र से धन के साथ-साथ वर्चस्व में भी वृद्धि होगी।

मीन : आपको आज का दिन विवेकी व्यवहार से बिताने की सलाह है। आपके ऊपर कई लोगो की नजर रहेगी लोग आज आपकी छोटी-छोटी गलतियां तलाशेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -027

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फुर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, साजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़ खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 026 का हल

न्यूज गैलरी

प्रशिक्षु आईएएस डॉ. भार्गव को कलेक्टर ने दी ज्वाइनिंग

दुर्ग। जिला प्रशासन दुर्ग को एक और प्रशिक्षु आईएएस मिला है। डॉ. एम. भार्गव ने सहायक कलेक्टर के रूप में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को आज अपनी ज्वाइनिंग दी। गौरतलब है कि इन्होंने अपनी तेलंगाना के खम्मम जिले से बीडीएस की डिग्री ममता डेंटल कॉलेज से प्राप्त की है। मूलतः तेलंगाना राज्य के रहने वाले डॉ. एम. भार्गव वर्ष 2023 बैच की प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने डॉ. एम. भार्गव का स्वागत कर प्रशासनिक परम्परा का निर्वहन किया। उन्होंने एम. भार्गव को नये कर्तव्य पथ पर पदार्पण करने के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

भक्तों ने किया मंगल अभिषेक

भिलाई। श्री पार्श्वनाथ धाम रिसाली धनोरा में दिगंबर जैन मंदिर के सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति के मध्य 1008 महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर भिलाई के समस्त दिगंबर जैन मंदिर में सामूहिक अभिषेक सकल जैन समाज द्वारा किया गया। इस दौरान नेहरु नगर दिगंबर जैन मंदिर , वैशाली नगर, श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 06 रूआबांधा, रिसाली मल्लीनाथ मंदिर में अभिषेक शांति धारा किया गया। श्री महावीर भगवान की अष्ठधातू की प्रतिमा एवं तीस फीट ऊंची पाषाण की प्रतिमा श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान मंगल अभिषेक भक्तों ने किया। जहां बहुत ही धार्मिक उत्साह के मध्य पार्श्वनाथ धाम में समस्त दिगंबर जैन मंदिर के सैकड़ो भक्तों ने मंगल अभिषेक एवं शांति धारा किया। शांतिधारा का धर्मलाभ प्रदीप जैन, हेमंत जैन, निशांत जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल, भारत गोधा, प्रदीप, प्रमोद, अरुण, अक्षत जैन बाकलीवाल, मनोज छाबड़ा, मणिचंद्र जैन, भरत जैन को मिला। इस अवसर पर देवशास्त्र गुरु का पूजन क्षितिज जैन, वरुण जैन, साधना जैन बाकलीवाल आदि ने भक्त मंडली के साथ पूजन क्रिया संपन्न कराई।

आने वाले 5 साल में दुर्ग का होगा कायाकल्प : विजय बघेल

हरिओम चौहान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल ने आज यह कहां कि आने वाले 5 वर्षो में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में केन्द्रीय योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन किया जाएगा। क्योकि पिछली कांग्रेस की सरकार ने पीएम आवास से लेकर नल-जल योजना और सभी केन्द्रीय योजनाओं की धज्जियां उड़ा दी। लेकिन अब राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार है और केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाली सरकार बन रही है। डबल इंजन की यह सरकार आने वाले 5 वर्षो में दुर्ग लोकसभा का कायाकल्प कर देगी।

श्री बघेल आज यहां **दैनिक नवप्रदेश** से खास बातचीत कर रहे थे। आने वाले 5 साल के विजन के सवाल पर श्री बघेल ने कहा कि पिछली सरकार ने लगभग 91 हजार करोड़ रुपए के कर्ज में सरकार को डालकर केन्द्रीय योजनाओं की जो धज्जियां उड़ाई है उसे हमें ठीक करेगें। लंबित रेल परियोजना, पाटन से अभनपुर तथा बेमेतरा से बिलासपुर वाली रेल लाइन का इस 5 वर्षीय में कार्य होगा। हम जिस विकास की बात या दावा करते है उसकी झलक राज्य सरकार की पहले बजट में दिख गई है। जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र की परिकल्पना कर उसे बजट में शामिल करना इसकी मिशाल है। इस प्रोजेक्ट का सर्वाधिक लाभ दुर्ग लोकसभा क्षेत्र को होगा। कुम्हारी से लेकर अंजोरा तक और आस-पास का क्षेत्र विकसित होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में जातिगत समीकरण के सवाल पर श्री बघेल ने कहा कि लोकसभा में सभी समाज के लोग राष्ट्रीय मुद्दा पर वोट करते है और सर्वसमाज भारतीय जनता पार्टी को समर्थन करता है। रहा सवाल साहू समाज का तो साहू समाज सरल समाज है और भाजपा व मोदी का समर्थक समाज है। पूर्व सांसद ताराचंद साहू ने ही दुर्ग लोकसभा में भाजपा को स्थापित किया है और तब से लेकर अब तक दुर्ग भाजपा का गढ़ बना हुआ है। ताराचंद साहू मेरे राजनीतिक सरंक्षक भी रहे। गौरतलब है कि 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए बने घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल थे। उनसे जब पूछा गया कि आपके संयोजकत्व में बने घोषणा पत्र से सरकार बनी है तो क्या आप सरकार के अब तक के कामकाज से संतुष्ट है? उन्होने कहा कि मैं पूरी तरह संतुष्ट हूं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही सरकार के कामकाज व सत्ता और संगठन के बेहत्तर तालमेल से भाजपा दुर्ग समेत पूरी 11 लोकसभा सीटो पर चुनाव जीत रही है। पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल और जनता की शिकायतों को लेकर किए गए सवाल के जवाब में श्री बघेल ने कहा कि लोगो की अपेक्षा बहुत ज्यादा रहती है इसके बावजूद मैने अपना सबसे बेस्ट और 100 फीसदी फरफार्मेश देने की कोशिश की। जबकि 2 वर्ष कोरोना काल रहा और इस दरम्यान भी गांव, गरीब किसान व आम आदमी के लिए मेरा सेवा अभियान जारी रहा।

नवप्रदेश से खास बातचीत

5 ने खरीदे व 4 ने किए नामांकन जमा

दुर्ग/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 तृतीय चरण निर्वाचन के नामांकन जमा करने के दूसरे दिन 15 अप्रैल को चार लोगों ने अपने नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी को जमा किये। जिसमें विजय बघेल भाजपा, राजेन्द्र साहू इण्डियन नेशनल कांग्रेस, हरिश्चंद्र साहू निर्दलीय और सविता बंजारे शक्ति सेना (भारत देश) शामिल है। इसके अलावा पाँच लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिसमें भानुप्रसाद चतुर्वेदी निर्दलीय, अंजुबेन केमे एकम सनातन भारत दल, राकेश साहू न्याय धर्मसभा, भागबली सिवारे निर्दलीय और एएच सिद्दकी निर्दलीय शामिल है। अब तक 22 लोगों ने खरीदे व 5 लोग नामांकन पत्र जमा कर चुके हैं।

कांग्रेस को लगा बड़ा झटका, पूर्व सीएम की भाभी हुई भाजपा में शामिल

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। कांग्रेस को आज बड़ा झटका लगा है। प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की भारी सीमा बघेल ने कांग्रेस के भष्ट्राचार और गलत नीति से परेशान होकर कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया है। साथ ही उन्होंने सांसद विजय बघेल की सरलता, सजन्नता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया है। वह भी लोकसभा भाजपा प्रत्याशी बघेल के नामांकन रैली के दौरान आयोजित सभा में उन्होंने विधिवत भाजपा परिवार में शामिल हुए। प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने उन्हें भगवा गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया और सभी ने उनका स्वागत किया।

इसके अलावा सैड़को लोग आज भाजपा में शामिल हुए। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के दिग्गज प्रत्याशी विजय

बघेल ने आज अपने नामांकन का एक सेट भरकर जमा कर दिया है। नामांकन के पहले सेट में दीपक ताराचंद साहू प्रस्तावक बनें है। श्री बघेल ने नामांकन का दूसरा सेट भी तैयार रखा है। जिसके प्रस्तावक पद्मश्री आर एस बारले है। इसके पहले दुर्ग मानस भवन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में एक भव्य सभा का आयोजन हुआ।

नामांकन दाखिल करने से पूर्व सांसद विजय बघेल ने आज अपने निवास में कूल देवी-देवता की पूजा अर्चना की। इसके बाद घर से बाहर निकलते ही गौ माता की पूजा कर उन्हें हरा चारा, गूड़ खिलाया और गौ माता का आशीर्वाद लेकर नामांकन दाखिल करने के लिए घर से निकले। इससे पहले फिर बड़ी बहनों ने श्री बघेल को विजय तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद उन्होंने संकट मोचन हनुमान मंदिर सेक्टर 9 पहुंचे। जहां उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया। हनुमान जी की आराधना की और हनुमान जी को प्रमाण करके जय-जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए नामांकन दाखिल करने के लिए निकले।

चंडी व सत्ती चौरा माता के मंदिर पहुंचकर राजेंद्र ने की पूजा-अर्चना

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू सुबह अपने निवास से निकले और चंडी मंदिर और सत्ती चौरा मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद राजेंद्र साहू ने महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राजेंद्र साहू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, शहीद वीर नारायण सिंह, हेमू कालाणी, ठाकुर प्यारेलाल, मिनीमाता, स्व मोतीलाल वोरा, स्व ताराचंद साहू, स्व वासुदेव चंद्राकर, इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वररैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। दिवंगत राजनेताओं की प्रतिमा पर माल्यार्पण के समय उनके परिवारिक, समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं जिले के वरिष्ठ

नेतागण उपस्थित हुए। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, निगम सभापति राजेश यादव, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, भूपेंद्र सेन, मुकेश साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष चंद्रभूषण साहू, उपाध्यक्ष मिलाप साहू, उपाध्यक्ष रीना साहू, नया प्रकोष्ठ संयोजक घनश्याम सिंह साहू, कार्यालय सचिव महेंद्र साहू, उमदा परीक्षेत्र अध्यक्ष तेजराम साहू, उपाध्यक्ष बहलराम साहू, चरोदा परीक्षेत्र अध्यक्ष विनोद साहू, चरोटा भाटापारा उपाध्यक्ष अरुण साहू, उरला परिक्षेत्र दीपक साहू, उम्दा परिक्षेत्र अध्यक्ष तेजराम साहू, तहसील साहू संघ भिलाई-चरोदा के छात्रावास अधीक्षक गणेशराम साहू, कार्यकर्ता तारकेश्वरी साहू, युवा प्रकोष्ठ सहसंयोजक एवन साहू, भोलाराम साहू, कोषाध्यक्ष शिवरामराम साहू आदि मौजूद थे।

निस्तारी तालाब सहेजने निगम का प्रयास

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। निस्तारी तालाब को सहेजने और उसे दुषित होने से बचाने रिसाली निगम प्रयास कर रहा है। वार्ड 29 लक्ष्मी नगर के डबरी से मिट्टी निकाल सवारा जा रहा है।

इसका उपयोग केवल मवेशियों के लिए किया जाएगा। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर शीतला तालाब के बगल वर्षो पुराने डबरी को सवारा जा रहा है। मिट्टी निकलने का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोमवार को आयुक्त ने स्थल निरीक्षण कर डबरी से जलीय पौध को निकालने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने कहा कि अगर डबरी की सफाई हो गई तो डेयरी संचालक अपने मवेशी को यही धोने का काम करेंगे। तालाब निस्तारी के लिए सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि निस्तारी तालाब में मवेशी धुलाई करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी।

कल्याणी शीतला मंदिर तालाब के बगल बने डबरी पुरानी है। शीतला तालाब का आउटलेट इसी डाबरी में है। तालाब का ओवर फ्लो पानी इसी में आता है। वहीं तालाब भरने सिंचाई विभाग द्वारा छोड़े गए पानी का कुछ हिस्सा भी डबरी तक पहुंचता है। सफाई के अभाव में डबरी पूरी तरह दलदल नुमा बन गया था।

आयुक मार्निंग विजिट के तहत वार्ड 29, 13 व 14 भ्रमण की। उन्होंने टंकी मरोदा में बने ओवर हेड टैंक का निरीक्षण की। आयुक्त ने डुंडेरा, पुरैना , नेवई और टंकी मरोदा टैंक के नीचे स्टोर रूम बनाने के निर्देश दिए, ताकि जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपना सामान रख सके।

4 लाख की सहायता

दुर्ग/ नवप्रदेश। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान नं. 292 कचहरी वार्ड नं. 39 डिपरापारा दुर्ग निवासी सागर चौधरी की विगत 23 जून 2023 को महमरा एनीकेट में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप माता सुनिता को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

अधिकारियों को दिए माइक्रो प्लान बनाने के निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए अवगत कराया कि जिले में मतदान दिवस 7 मई 2024 को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक वर्ग के मतदाताओं को निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके तहत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर ऐसे मतदाताओं के

द्वारा मांग किये जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् उनके आवास तक छोड़ने वाहन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था की बेहतर क्रियान्वयन हेतु माइक्रो प्लान बनाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने अधिकारियों को सेक्टर एवं बुथवार वरिष्ठ नागरिकों की चिन्हांकित सूची तैयार करने कहा है। उन्होंने आरटीओ को मांग के अनुरूप वाहन उपलब्ध कराने टाटा मैजिक वाहन एवं स्कूलों की छोटी वाहन की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में नगरीय निकायों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाता रथ की व्यवस्था की जाएगी। नगरीय निकायों में ई-रिक्शा का भी उपयोग वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केन्द्रों तक लाने ले जाने हेतु उपयोग किया जाएगा। उन्होंने सभी एआरओ से संबंधित क्षेत्र से चिन्हांकित वरिष्ठ नागरिकों की जानकारी ली।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400180/अ-2/ वर्ष 23-24 — पक्षकार का नाम: श्री चंदन

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री चंदन आ. श्री विजय कुमार निवासी पटना बिहार द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम मोहलई प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग	74/3	0.0558हें 6000 वर्गफीट	व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400182/अ-2/ वर्ष 23-24 — पक्षकार का नाम: श्री कैलाश गुप्ता

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री कैलाश गुप्ता आ. श्री मंथलाल गुप्ता, निवासी साजा जिला बेमेतरा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 55 तह. व जिला दुर्ग	175/18	0.0180 हें 1925 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-2 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उषा वैश्य आ./पति याशीष वैश्य साकिन कैम्प-1 भिलाई के द्वारा ग्राम उरला प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 555/10 रकबा 1290 वर्गफीट हे. भूमि शत्रुहन कुमार वर्मा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.02.2022 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202402100900097/ब/121/वर्ष 2023-24

एदत द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक आशीष कुमार त्रिपाठी पिता स्व. शांति प्रसाद त्रिपाठी निवासी कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. द्वारा आवेदक के नाम पर दर्ज मौजा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित सिंगल खाते की भूमि आवेदक आशीष कुमार त्रिपाठी पिता स्व. शांति प्रसाद त्रिपाठी के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 2/225 रकबा क्रमशः 0.0100 हे0 दर्ज होने किन्तु मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक आशीष कुमार त्रिपाठी पिता स्व. शांति प्रसाद त्रिपाठी निवासी कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 22.04.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.04.2024 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430110400040

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुण्डेरा के वर्तमान भूमिस्वामी मोचन सिंह पिता/ पति गंगदेव पता-डुंडेरा के द्वारा धारित भूमि खसरा संख्या 218/1(0.0300), 966/1 (0.0700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता शैलेन्द्र क्षेत्री, योगेश्वर सिंह क्षत्री पिता/पति स्व. मोचन सिंह क्षत्री पता-गोवर्धन चौक, नेवई बस्ती भिलाई, ना.बा. संजना, ना.बा. महक पिता/पति-स्व. साष्टानंद क्षत्री वली माता श्रीमती मीनाबाई पता-गोवर्धन चौक, नेवईबस्ती, भिलाई, श्रीमती दुखिनबाई पिता/पति-स्व. मोचन सिंह क्षत्री पता-गोवर्धन चौक नेवईबस्ती भिलाई, श्रीमती मीनाबाई पिता/पति-स्व. सहानंद क्षत्री पता-गोवर्धन चौक नेवईबस्ती भिलाई, ना.बा. प्रेमप्रकाश पिता/पति-स्व. सहानंद क्षत्री, माता श्रीमती मीनाबाई पता-गोवर्धन चौक, नेवईबस्ती, भिलाई, उषाबाई, देविका कामड़ी, केशिनीबाई मेश्राम पिता/पति-स्व. मोचन सिंह क्षत्री पता-गोवर्धन चौक नेवईबस्ती भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती के बाद नामांतरण/अभिलेख सुधार/खाता विभाजन का प्रकरण अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में लंबित है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/04/2024 को प्रातः 11 बजे न्यायालय तहसीलदार दुर्ग में होगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाता है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद्रमुद्रा से आज दिनांक 13.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण राजपूत पिता स्व. भुवनसिंह राजपूत, साकिन समता नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि कुल खसरा नंबर 1330/54 रकबा 0.0090 हे. भूमि पर अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 22.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.04.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400095/अ-2/ वर्ष 23-24 — पक्षकार का नाम: श्रीमती नीतु गुप्ता

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती नीतु गुप्ता पति श्री संतोष गुप्ता, निवासी ग्राम पंचशील नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम मोहलई प.ह.न. 06 तह. व जिला दुर्ग	21/48	0.007 हें 826 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400092/अ-2/ वर्ष 23-24 — पक्षकार का नाम: श्रीमती दिनेश्वरी गुप्ता

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती दिनेश्वरी गुप्ता पति स्व. उत्तरा कुमार गुप्ता, निवासी ग्राम गोरकापार बालोद, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम मोहलई प.ह.न. 06 तह. व जिला दुर्ग	61/122	0.006 हें 660 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400144/अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका प्रताप मजुमदार आ./पति नारायणचंद्र निवासी राजनांदगांव द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 48/164 रकबा 0.0511 हें/ 5500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री पवन सिन्हा वगै. पिता स्व. दौलतराम सिन्हा निवासी ग्राम गयानगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 742/1, 887/17 रकबा 0.0670, 0.0160 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तामान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202402101100051/अ-6 अ/वर्ष 2023-24

ग्राम-खजरी, प.ह.न.26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. आवेदक विपिन कुमार पिता धनेश्वर प्रसाद जाति तेली निवासी ग्राम खजरी तहसील धमधा जिला दुर्ग छ.ग.द्वारा मौजा ग्राम खजरी प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. दारगांव में स्थित भूमि खसरा क्रमांक खसरा नंबर एवं रकबा क्रमशः 40(0.2100), 125(0.2500), 716 (0.2600) कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.72 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। खातेदार विपिन कुमार पिता धनेश्वर प्रसाद का नाम वर्तमान बी 1 राजस्व अभिलेख आनलाईन में नाबालिग दर्ज है। उक्त संबंध आवेदक विपिन कुमार पिता धनेश्वर प्रसाद आधार कार्ड, स्कूल सर्टिफिकेट के आधार पर राजस्व अभिलेख, बी-1 में बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 30/04/2024 को लिखित में

आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनाक 13/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202403100400356/अ-6अ/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी रा0 महोदय के रा.प्र. कमांक 202403100400356/अ-6-अ/वर्ष 2023-24 आवेदिकर - शालू सिंह पति नवीन सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी प्लाट नं. 60 प्रियदर्शनी नगर रिसाली, कृष्णा टॉकीज रोड रिसाली जिला दुर्ग द्वारा ग्राम उमरपोटी प.ह.नं. 52 स्थित भूमि खसरा नंबर 228/86 रकबा 0.013 हे. जो कि आवेदिका के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है किंतु ऑनलाईन में त्रुटिवश आवेदिका के नाम के आगे ममता शब्द अभिलिखित है जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुए सुधार कर रिकॉर्ड अघतन् किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गय है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202404101500006/ विषयः अ-6अ/ सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

सावनी प.ह.न. 00017 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - राजेन्द्र यदु अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राजेंद्र यदु पिता स्व. रिखीराम यदु निवासी ग्राम सावनी, तहसील पाटन, जिला दुर्ग द्वारा नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि, ग्राम सावनी, प.ह.नं. 17. रा.नि.मं. जामगांव-एम, तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 804 का कुल रकबा 1.33 हे आवेदक राजेंद्र यदु पिता स्व रिखीराम यदु के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज था। उक्त भूमि खसरा नंबर 804 का टुकडा रकबा 0.29हे. भूमि को अखिलेश यदु पिता स्व. एस. आर. यदु को विक्रय किया गया, जिसका नया खसरा नंबर 804/2 बना है। उक्त भूमि खसरा नंबर 804 का टुकड़ा विक्रय करने पश्चात मौके पर नक्शे में 3 टुकड़ों में विभाजित हो गया है, जबकि खसरे में केवल 2 टुकडा दर्ज है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूमि को मौके के अनुसार नक्शा एवं खसरा में 3 टुकडों में विभाजित किये जाने निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 18/04/2024 तक स्वतः अध्वा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक:202404101000062/ब-121/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार कुंजनबाई अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

आवेदक- श्रीमती कुंजन बाई पिता/ पति/ विभाग स्व. गैंदसिंह पता-वार्ड न 22 कुरूद ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमिस्वमी हक की भूमि ख.न. 1321/1, 1048/1 रकबा 0.0400, 0.1400 हे भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम जाने के करण द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक:202404101000061/ब-121/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- बलराम देवांगन/ अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

आवेदक- बलराम देवांगन पिता/ पति/ विभाग स्व. सखराम देवांगन पता-वार्ड न 22 कुरूद ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमिस्वमी हक की भूमि ख.न. 986 रकबा 0.1800 हे भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम जाने के करण द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक:202404101000063/ब-121/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - तीरज बाई, कुंजनबाई, दूरपत बाई, निर्मला बाई अनावेदक पक्षकार - निर्मलाबाई, दूरपतबाई, तीजन बाई, सवाना बाई, कुंजनबाई

ईश्तहार

आवेदक-श्रीमती कुंजन बाई स्व गेंद सिंह एवं अन्य निवासी पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई जिला दुर्ग, द्वारा ग्राम-कुरूद प.ह.न.19 अ. रा.नि.म. कोहका, तहसील व् जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खन 1048/1, 1321/1 रकबा 0.0400, 0.1400 हे. भूमि शीमती कुंजन बाई पति स्व. गेंद सिंह एवं अन्य 04 के नाम पर समिलात खाते में दर्ज है। जिसमे भूमिस्वामी सवाना स्व. गैंद सिंह की मृत्यु दिनांक 01.01.2017 को फौत हो जाने के करण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखे जाने एवं उसके वैध वारिसनो का नाम दर्ज किये जाने बाबत फौती नामांतरण अवेदन पत्र मय खसरा बी। मृत्यु प्रमाण पात्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर घा दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

महाराष्ट्र मंडल के गुड़ी पड़वा महोत्सव में रैना बनीं डायमंड रिंग विजेता

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल ने अंबुजा मॉल में अनिल जोतसिंघानी के साथ गुड़ी पाड़वा महोत्सव का जोशीला आयोजन किया। इस मौके पर मिस इंडिया रहीं सोनिया स्वर्णकार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने रैंप वॉक से हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित भी किया। गुड़ी पाड़वा महोत्सव का विशेष आकर्षण दर्शकों के लिए लकी ड्रा था। इसमें विजेता को डायमंड रिंग दिया जाना था। अनिल श्रीराम कालेले, निलिमा डोनगांवकर, मेघा पोतदार, शिल्पा राखुंडे, भारती पलसोदकर जैसे अनेक विजेताओं ने पुरस्कार जीते। अध्यक्ष अजय काले ने मुख्य अतिथि सोनिया के साथ लकी बॉक्स से भाग्यशाली विजेता रैना पुराणिक की पर्ची निकाली गई। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच रैना ने अतिथियों से डायमंड रिंग का पुरस्कार प्राप्त किया।

मुख्य आयोजक अनिल जोतसिंघानी ने कार्यक्रम का धाराप्रवाह संचालन किया। महोत्सव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मंडल अध्यक्ष अजय काले, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन, सचिव चेतन दंडवते, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, कार्यकारिणी सदस्य नमिता शेष व सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी को भी मंच पर सम्मानित किया गया। धीरज के समुधुर गानों के साथ उनके गानों के चयन की भी दर्शकों ने प्रशंसा की।

जग्गी हत्याकांड: शूटर चिमन सिंह और सहयोगी विनोद 15 साल बाद फिर पहुंचे जेल

- याहया समेत पांच को सुप्रीम कोर्ट से मोहलत
- हाईकोर्ट से उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के बाद शूटर व सहयोगी ने किया सरेंडर

रायपुर/नवप्रदेश। एनसीपी नेता रामावतार जग्गी हत्याकांड मामले में दो दोषियों ने सोमवार को न्यायालय के समक्ष सरेंडर कर दिया। विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में दोषी पाए गए शूटर चिमन सिंह और उसके सहयोगी विनोद सिंह पेश हुए। हाईकोर्ट के फैसलने के मुताबिक दोनों को जेल दाखिल कराया गया। हाईकोर्ट ने पूर्व में लोअर कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए हत्याकांड में दोषी सभी आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। हत्याकांड में कुल 28 आरोपी थे जिसमें एक बुल्टू पाठक की मौत हो चुकी है।

मालूम हुआ है याहया ढेबर समेत अन्य पांच लोगों ने सरेंडर के लिए मोहलत मांगी है जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं है। एनसीपी नेता रामावतार जग्गी के पुत्र सतीश जग्गी सरेंडर के दौरान अपने वकीलों के साथ कोर्ट में मौजूद रहे। सतीश जग्गी ने बताया, पांच लोगों को राहत मिलने की उन्हें जानकारी नहीं है। अभी तक आर्डर की कापी नहीं मिली है। हत्याकांड में दोषी चिमन सिंह और विनोद के सरेंडर करने पर उन्हें वापस जेल भेजा गया है। सतीश जग्गी ने बताया, गोलीकांड को अंजाम देने के पीछे चिमन सिंह की मुख्य भूमिका थी। विनोद के अलावा कुल 28 लोगों पर केस दर्ज हुआ था जिसमें निचली अदालत की ओर से उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। इस प्रकरण में दो गवाह पेश हुए थे।

एनसीपी नेता रामावतार की 4 जून 2003 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 अभियुक्त बनाए गए थे जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का भी नाम शामिल था। हालांकि बाद में निचली अदालत ने अमित जोगी को बरी कर दिया। रामावतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने इस आदेश के खिलाफसुप्रीम कोर्ट में अपील की थी । इस पर अमित के पक्ष में स्टे है। 31 में से दो बुल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे। हाईकोर्ट के आदेश के बाद 28 अभियुक्तों को पेश होना था। इनमें शामिल चिमन सिंह और विनोद सिंह ने सरेंडर किया। दोनों 15 साल बाद फिर जेल दाखिल हुए। 2009 में उन्हें जमानत मिली थी।

पांच को तीन हफ्ते की मोहल्लत

कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार जग्गी हत्याकांड में शामिल पांच दोषियों को सरेंडर के लिए तीन हफ्ते की मोहल्लत मिली है। इनमें क्राइम ब्रांच के प्रभारी रहे आर त्रिवेदी, तत्कालीन मौदहापारा थाना प्रभारी वीके पांडे, सीएसपी अमरीक सिंह गिल, सूर्यकांत तिवारी और महापौर एजाज ढेबर के भाई याहया ढेबर के नाम शामिल हैं। बाकी दोषियों को रायपुर कोर्ट में पेश होना था। नहीं आने पर इनके खिलाफ वारंट जारी होगा।

चिमन का दावा झूठी है कहानी

जेल रवाना होने के पहले दोषी चिमन ने मीडिया से कहा, हाईकोर्ट के फैसले को वे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। उनका नाम जबरन घसीटा गया है। जोगी परिवार से अच्छे संबंध थे, इसलिए उन्हें फंसाया गया। निचली अदालत को जो कहानी बताई गई वह पूरी तरह से झूठी है। कई हद तक मीडिया ने भी भ्रामक जानकारी फैलाई है। शूट आउट से उनका कोई संबंध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट से न्याय की उम्मीद है।

सर्व समाज के लोग शामिल हुए ईद मिलन कार्यक्रम में

रायपुर/नवप्रदेश। जमात ए इस्लामी हिंद, रायपुर यूनिट द्वार दिनांक 13.4.2024 को अलफ़्लाह टावर बैरन बाजार में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्म और समाज के लोग शामिल हुए

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रफुल्ल ठाकुर अध्यक्ष प्रेस क्लब रायपुर, नंदलाल साहब प्रबंधक शदाणी दरबार रायपुर, दिलेर सिंह प्रबंधक तेलीबांधा गुरुद्वारा रायपुर , फादर सेबेस्तियन बैरन बाजार चर्च एवं मेंतानंद भंते प्रबंधक बुद्ध विहार बिरगांव उपस्थित हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब मोहम्मद अहमद साहब सेक्रेटरी जमाअत ए इस्लामी हिंद, नई दिल्ली ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बना रहे।

ईद मिलन कार्यक्रम का आगाज़ हाफिज अर्मुगान द्वारा कुराअन की तिलावत से की गई उसके बाद जनाब फ़हीम उल्लाह ने प्रारंभिक भाषण में ईद मिलन कार्यक्रम में आने पर सभी का स्वागत किया और ईद की मुबारकबाद पेश की। इस में विशेष अतिथि के रुप आए प्रफुल्ल ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा मैं बचपन में किताबों में पढ़ा करता था हिंदू मुस्लिम सिख इसाई आपस में भाई-भाई आज यहां कार्यक्रम में आने पर मुझे यह देखने को मिला और कहा ईद की सेवई की जो मिठास है वह हमारे जबानो में भी उतर जाए तो हम हमेशा ऐसे ही मिलकर रहेंगे जैसे आज यहां देखने को मिल रहा है इसी के साथ उन्होंने इस कार्यक्रम में आमंत्रित करने पर जमाअत ए इस्लामी का शुक्रिया अदा किया और रायपुर प्रेस क्लब की तरफ से सभी को ईद की मुबारकबाद दी, श्री नंदलाल साहब ने कहा ईश्वर का नाम रख लेने से कोई ईश्वर नहीं बन जाता या किसी बड़ी से बड़ी मंदिर या मस्जिद में इबादत कर लेने से बड़ा इन्सान नहीं होता बल्कि उसका मन साफ होना और ईश्वर के बताए हुए मार्ग पर चलने और एक दूसरे के काम आने पर ही इंसान बड़ा और अच्छा होता है साथ ही उन्होंने संस्था द्वारा किए जाने वाले काम के सराहना कि और कहा ऐसे कार्यक्रम से शहर की अच्छी फ़िज़ा बनी रहती है।

विधि विभाग के छात्रों ने महिलाओं एवं बच्चों को दी कानून की जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के विधि विभाग के छात्र-छात्राओं ने लीगल एड का आयोजन शिवनगर मठपुरैना में किया। छात्रों ने बाल विकास, महिला सशक्तिकरण, श्रम विधि एवं कानून संबंधी सरल एवं पेचिदा मुदों पर कार्यवाही के लिए अनेक सुझाव दिये।

मोहल्ले की महिलाओं को कानून से संबंधित धाराओं की जानकारी दी एवं कानून से संबंधित कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया गया।

लीगल एड का आयोजनः रायपुर के शिवनगर मठपुरैना वार्ड क्रमांक-59 में किया गया था जिसमें महिला एवं बच्चे सम्मिलित हुए थे। महिलाओं द्वारा बताई गयी समस्याओं का समाधान एवं उचित उपचार की जानकारी दी गयी। जिसको गंभीरता पूर्वक सुना गया एवं महिलाओं ने अपने बच्चों को उचित शिक्षा प्रदान करने का वादा किया। कार्यक्रम में एलएलबी द्वितीय वर्ष के मधुसूदन लाउत्रे, कैलाश कुमार नेताम, देवेन्द्र साहू, समीर, खिलेश कुमार यादव, जय साहू, इंद्र यादव, नेहा साहू, भावना राजपूत, काजोल मेश्राम सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

महादेव सट्टा ऐप में नितिन टिबरेवाल की जमानत आवेदन खारिज

- कल सौम्या की दूसरी बेल एप्लीकेशन पर फैसला

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव सट्टा ऐप और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आरोपी नितिन टिबरेवाल की जमानत याचिका को रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दिया है। दरअसल, सोमवार को स्पेशल कोर्ट में सुनवाई थी। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया। वही, 16 महीनों से जेल में बंद राज्य सेवा अधिकारी सौम्या चौरसिया की सेंकड बेल एप्लिकेशन पर कल यानि मंगलवार को फैसला सुनाया जाएगा। इससे पहले 12 अप्रैल को विशेष न्यायालय में सुनवाई के दौरान सौम्या के वकील ने बच्चो की परवरिश को अधार बताते हुए जमानत देने की मांग की थी।

ये है आरोप

नितिन टिबरेवाल के नाम पर दुबई में प्रॉपर्टी है। विदेशी कंपनियों में शेयर होल्डर भी है। जांच में अब करोड़ रुपए का हिसाब मिला है। श्वष्ठ ने अपनी जांच में पाया गया है कि नितिन टिबरेवाल अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट स्काईएक्सचेंज के से जुड़ा हुआ था। जांच के दौरान नतिन का नाम से डिजिटल रिकॉर्ड भी मिला है।

सट्टा एप केस में इनका भी आवेदन खारिज

महादेव एप सट्टेबाजी केस में जेल में बंद निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के जमानत आवेदन को कोर्ट ने 12 अप्रैल को खारिज कर दिया।

बृजमोहन की नामांकन रैली में उमड़ी भीड़

कांग्रेस डुबती नइया हो चुकी है इस बार पूरी तरह से डूबा देना है: सीएम साय

नगर घड़ी चौक में रैली के बाद सभा का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को अपनी लोकसभा सीट के लिए नामंकन दाखिल किया। एकात्म परिसर से बाजे-गाजे के साथ नामंकन रैली निकालने के बाद दोपहर तीन बजे पर्चा भरा। इसके बाद नगर घड़ी चौक में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अपने लिए समर्थन मांगा। सभा के दौरान सीएम विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद सुनील सोनी, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, विधायक अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरेंद्र मिश्रा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव समेत तमाम दिग्गज नेता मौजूद रहे। मंच पर सीएम ने अपने भाषण में कहा, कांग्रेस डुबती नइया है और इसे अब पूरी तरह से डूबा देना है। भाजपा प्रत्याशी रायपुर लोकसभा से सिर्फ जीतेंगे नहीं बल्की रिकार्ड से जीतेंगे। प्रदेश के सभी 11 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसे भेंट करेंगे। सीएम ने कहा, इस बार भाजपा 400 के पार है। कांग्रेस पार्टी को उन्हीं के लोग किनारा कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। खुद पूर्व सीएम भूपेश बघेल की भाभी सीमा बघेल समर्थकों के साथ भाजपा प्रवेश कर चुकी है। कांग्रेसियों ने भ्रष्टाचार किया इसलिए जेल की हवा खा रहे हैं।

नामंकन के तुरंत बाद नगर घड़ी चौक में दिग्गज नेता सभा में शामिल हुए। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन ने कहा, जिस तरह से शहर में लोग उनका समर्थन कर रहे हैं, उसे कभी नहीं भूल सकते। साल, फूल माला लेकर लोगों ने उनका स्वागत किया। यही नहीं कइयों ने गाल चूम लिए, यह बताता है कि जनता ने पहले से कमल खिलाना तय कर लिया है।

गरीबों की बुलंद आवाज थे अंबेडकर : पुरंदर मिश्रा

- कोटा में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

रायपुर/नवप्रदेश। सामाजिक संस्था अंबेडकर अधिकार मंच के द्वारा कोटा वार्ड में धूमधाम से अंबेडकर जयंती मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम कोटा रेल्वे क्रॉसिंग स्थित नव निर्मित अंबेडकर जी की प्रतिमा में जाकर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा भारत का संविधान लिखकर बाबा साहब अंबेडकर ने देश के लिए ऐतिहासिक और महान कार्य किया जिसके लिए हम सभी उनके हमेशा आभारी रहेंगे। डॉ अंबेडकर गरीबों की बुलंद आवाज और सामाजिक न्याय के पैरोंकार थे । इस दौरान अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा बाबासाहेब अंबेडकर का महान जीवन चरित्र हम सभी के लिए प्रेरणादायी जो हम सभी को एक नई ऊर्जा देता है आगे बढने् की प्रेरणा देता है । कार्यक्रम प्रभारी बिट्टू क्षत्री ने अंबेडकर जयंती शुभकामनाएं देते हुए कहा अंबेडकर साहब हमारी आन बान और शान है उनके जीवन से प्रेरणा देने के लिए हम प्रतिवर्ष कार्यक्रम करते हुए समाज को जागते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में अंबेडकर जी पर आधारित गीतों, संबलपूरी और छत्तीसगढ़ी गीतों ने लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया। अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अधिवक्ता भगवानू नायक, सामाजिक नेता किशोर महानंद, जिला अध्यक्ष आशीष तांडी, कार्यक्रम प्रभारी बिट्टू क्षत्रि, जितेंद्र नायक, जयलाल नायक, हरिचरण महानंद, शशि क्षत्रि, खगेश सोना, रवि कुमार, अमित क्षत्रि, पारस नायक, धुबले तांडी, प्रीतम तांडी, कदम क्षत्रि, रिक्की मोहन बाघ सोनू तांडी, नीला नायक कल्पना बाग, बाला मोंगराज सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

संविधान ने बदली महिलाओं की दशा और दिशा : सावित्री

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़, दिनांक 13 अप्रैल 2024। भारतीय संविधान ने देश की महिलाओं की दशा और दिशा को बदल दिया। सहीं मायने में महिलाओं को असली आजादी भारत का संविधान बनने के बाद मिली है जिसमें महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिला। भारत के संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किये यही कारण है कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। मखियर समाज के अध्यक्ष विनोद त्यागी द्वारा आमा पारा रायपुर छ.ग. में आयोजित मखियर समाज द्वारा भव्य बाईक रैली की विशिष्ट अतिथि, सामाजिक कार्यकर्ता व महिला नेत्री श्रीमति सावित्री जगत ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। श्रीमती सावित्री जगत ने कहा भारतीय संविधान के जनक बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती के 1 दिन पुर्व 13 अप्रैल को मखियर समाज की महिलाओं ने समाज जनों के सैकड़ों की संख्या पर जुटकर भव्य बाईक रैली निकाल कर सामाजिक एकता का परिचय दिया है जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। इस अवसर श्रीमती सावित्री जगत ने कहा बाबा साहब अंबेडकर जी की रोशनी में पड़कर देश और समाज को रोशन किया है उनके द्वारा दिए गए नर शिक्षित बनो संगठित रहोऔर संघर्ष करो समाज के लिए प्रेरणा है स्वतंत्रता समानता और पक्षधर अंबेडकर राजनीतिक समानता के साथ ही सामाजिक समानता की भी जीवन भर वकालत की थी दलितों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने पूरा जीवन लगा दिया ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

रायपुर में बृजमोहन, दुर्ग- विजय...

हुआ जहाज है इसे छत्तीसगढ़ में पूरी तरह डुबाना है। डबल इंजन की सरकार बनाना है। सीएम ने कहा कि, आने वाले समय में 70 प्लस वालों का आयुष्मान भारत योजना से मुफ्त इलाज किया जाएगा। इसके बाद दुर्ग में भी नामांकन रैली निकाली गई जो पचरी पारा, कुआं चौक, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची।

रायपुर में मुख्यमंत्री बोले -

सीएम ने कहा कि, मोदीजी गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास इसे मोदीजी अपना मूलमंत्र मानते हैं। इसी तरह यहां बृजमोहन अग्रवाल जो 8 बार के विधायक हैं और अपराजेय योद्धा हैं। उन्हें रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, किसी भी काम में बारिश होती है तो उसे शुभ माना जाता है।

राजधानी की जनता को रिकॉर्ड बनाना है- साव

देश में रिकॉर्ड बनाने का अवसर रायपुर की जनता को मिला है। देश में सर्वाधिक वोट से बृजमोहन अग्रवाल को जिताना है। नामांकन रैली में जिस तरह से मेहनत की है उसी तरह 7 मई तक मेहनत करना है।

इंद्रदेव ने भी अपना आशीर्वाद दे दिया- देव

किरण देव ने कहा कि, इस रैली को देखकर लग रहा है कि यह नामांकन रैली नहीं विजय रैली है। आज इंद्रदेव भी हम पर प्रसन्न हैं। छांव देकर उन्होंने अपना आशीर्वाद दे दिया है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि, 10 साल में मोदीजी ने देश का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है।

बम फोड़ने वालों को अब बिरयानी खाने नहीं मिलती- शर्मा

विजय शर्मा ने कहा कि, अब पूरे देश में कहीं बम नहीं फूटते हैं। 2014 के पहले कई धमाके होते थे। अब धमाके करने वालों को पता है कि, जेल में उन्हें बिरयानी नहीं मिलेगी। बृजमोहन अग्रवाल के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, बृजमोहन अग्रवाल 8 बार के विधायक हैं।

दुर्ग में बाइक रैली के साथ ...

कार्यकर्ता शामिल हुए। वाहन में भाजाप प्रत्याशी के साथ सीएम साय और डिप्टी सीएम अरुण साव भी शामिल हुए। सीएम बोले दुर्ग से विजय बघेल को 6 लाख से ज्यादा वोट से जिताकर दिल्ली भेजना है और नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। छत्तीसगढ़ की 11 की 11 लोकसभा सीट भाजपा जीतेगी। कांग्रेस कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचा।

राहुल गांधी इटली से लाएंगे पैसा- विजय बघेल

नामांकन दाखिल करने के बाद भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल बोले- काफी उत्साहित हैं। प्रदेश भर से भाजपा कार्यकर्ता और नेता पहुंचे। विजय बघेल बोले- राहुल गांधी बोल रहे हैं लोगों को सालाना 1 लाख रुपए देंगे। इतना पैसा तो देश के खजाने में नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि क्या राहुल गांधी इटली से पैसा लाकर बांटेंगे। बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल ने नामांकन दाखिल किया।

सरगुजा से शशि ने ...

संगठन के पधाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे। नामांकन रैली में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम भी शामिल हुये। कॉग्रेस पार्टी समेत राहुल गांधी जिंदाबाद मल्लिकार्जुन खड़ेगे जिंदाबाद का नारा और जीत के लिए भी रैली में शामिल समर्थक आवाज बुलंद करते दिखे।

बीजेपी के चिंता ने यह दी नसीहत

कांग्रेस प्रत्याशी ने संस्कार और अपनी स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा का परिचय देते हुए अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी का पैर छूकर आशीर्वाद लिया तो चिंतामणि बोले- चुनाव के मैदान में डटकर लड़ें, जीत मिलेगी। चिंतामणि महाराज भी नामांकन जमा करने जा रहे थे कलेक्ट्रेट, 19 को सीएम की मौजूदगी में शक्ति प्रदर्शन कर भी जमा करेंगे नामांकन।

कोर्ट ने ठुकराई शीघ्र ...

की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की इस मामले की अगली सुनवाई शीघ्र करने की गुहार साफतौर पर ठुकरा दी॥।

केजरीवाल की याचिका...

ईडी को अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था।

हो रहा आतंकियों जैसा ...

क्लीनिक और स्कूल बना दिए। सभी के लिए बिजली, पानी मुफ्त कर दिया। आप उनके साथ ऐसा सुलूक कर रहे हैं, जैसे कोई बहुत बड़ा आतंकवादी पकड़ लिया हो। उन्होंने कहा कि जेल मैनुअल के नियम के अनुसार, जेल में अच्छा आचरण होने पर आरोपी को आमने-सामने मुलाकात की इजाजत दी जा सकती है।

जेल भेजने से मनोबल और ...

शायद यह मौका नहीं दिया होता तो स्वयं अपने आप से मुलाकात नहीं कर पाता। उन तमाम महापुरुषों से मुलाकात नहीं कर पाता, उन तमाम क्रांतिकारियों से मुलाकात नहीं कर पाता, जिनके बारे में सुनता था, उनकी कहानी पढ़ता था क्योंकि जब कोई व्यक्ति एकांत में होता है तो उसे बहुत कुछ सोचने, समझने और चिंतन करने का मौका मिलता है।

15 साल बाद शूटर चिमन ...

एनसीपी नेता रामावतार जग्गी के पुत्र सतीश जग्गी सरेंडर के दौरान अपने वकीलों के साथ कोर्ट में मौजूद रहे। सतीश जग्गी ने बताया, पांच लोगों को राहत मिलने की उन्हें जानकारी नहीं है। अभी तक आर्डर की कापी नहीं मिली है।

लोकसभा चुनाव.. पहला ...

बस्तर में मतदान को लेकर राजधानी स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में राज्य के उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलाभ साहू ने आज मिडिया को जानकारी दी। श्री साहू ने बताया कि, बस्तर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है इसलिए चुनाव आयोग ने यहां 2 एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की है।

द्रमुक पर मादक पदार्थ ...

हैं, उस गिरोह का मास्टरमाइंड है, जिसने नारियल जैसी किराने की वस्तुओं की आड़ में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में मादक पदार्थों की तस्करी की है।

राज्य के इस हिस्से से कई स्वतंत्रता सेनानियों के अपार योगदान को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने पिछले दस वर्षों से तमिलनाडु के विकास के लिए हमेशा काम किया है और लोगों के सपने को पूरा करना उनकी प्रतिबद्धता है।

राज्य के भोरमदेव अभ्यारण्य...

पक्षियों को देख, आवाज सुन पहचान जाते हैं अनुभवी

इन पक्षियों की उपस्थिति की निरंतर पुष्टि के लिए एवं किसी अन्य नए पक्षी के संबंध में जानकारी एकत्र करने के लिए समय-समय पर बर्ड सर्वे कराए जाने की आवश्यकता होती है। बर्ड सर्वे में पक्षियों के संबंध में विशेष ज्ञान रखने वाले पक्षियों को देखकर, आवाज सुनकर एवं उड़ने के अंदाज को देखकर पहचानने वाले योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता होती है।

अनुभवी व्यक्ति सर्वे में ले सकता है भाग

इस सर्वे में कोई भी व्यक्ति जो बर्ड वाचिंग का शौक रखते हो एवं पक्षियों के संबंध में उन्हें पहचान के संबंध में विशेष ज्ञान रखते हो वह भाग ले सकते हैं। भाग लेने के लिए व्यक्ति को 15 मई 2024 के पूर्व पंजीयन करवाना होगा। पंजीयन ऑनलाइन किया जाना है, पंजीयन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन कर लिंक खोलें और पंजीयन करें।

केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate
शाखा: केपीएस, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि
1.	ऋणी- मेसर्स कॉर्पस टेक्निका, प्रोप. विशाखा बसु, फ्लैट नं. 116, सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट, जुनवानी रोड, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई-490020. एवं	प्रथम तल, सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट, मॉडल टाउन के पास जुनवानी, गली नं. 1ए के बाजू में, स्मृति नगर, भिलाई-490020. निर्मित क्षेत्रफल 799.95 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नं. 116 के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः पूर्व- फ्लैट नं. 117, पश्चिम- खुला आसमान, उत्तर- गली, दक्षिण- बाहरदीवारी।	₹ 31,51,922.06 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	07.02.2024 / कब्जा सूचना तिथि 12.04.2024
	जमानतदार- श्रीमती अंजना बसु, फ्लैट नं. 116, सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट, जुनवानी रोड, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई-490020.			

दिनांक : 15.04.2024, स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

लग्जरी कार में घूमने वाले भाजपा नेता आज फिर चाय की चुनावी केटली पकड़कर गरीब होने का ढोंग कर रहें

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार कि 10 साल की नाकामी ने एक बार और लग्जरी कार में घूमने वाले भाजपा नेताओ को चाय की चुनावी केटली पकड़ने मजबूर कर दिया। भाजपा नेताओं के इस बहरूपिया चरित्र को देश की जनता समझ गई है। जनता 2014 में भाजपा नेताओं के साथ चाय पीने का कर्ज अब तक चूका रही हैं. उसके एवज में हर आवश्यक वस्तु में जीएसटी दे रही हैं। पेट्रोल डीजल रसोई गैस के महंगे दामों से प्रताड़ित है। खाद्य सामग्री, स्टेशनरी, दवाईयां की दो गुना तीन गुना क़ीमत दे रही हैं. देश बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और 205 लाख करोड़ के कर्ज से जख्मी हो गया हैं. और इस जख्म की दवा अब भाजपा सरकार के पास नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जो भाजपा नेता आज चाय की चुनावी केटली पकडे नजर आ रहे हैं. इन्होंने ही सत्ता परिवर्तन के बाद प्रदेश में ठेला खोमचा, रेहड़ी वाला, सड़क किनारे पसरा लगाने वालों पर बुलडोजर चलवाया था. रोजी-रोटी छीनकर उनके परिवार को तंगहाली में ढकेला था।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जनता आज चाय पर नहीं काम पर चर्चा करना चाहती है बीते 10 साल में मोदी सरकार ने जनता से कितने वादे को पूरा किया. लेकिन भाजपा नेताओं के पास इसका कोई जवाब नहीं है 10 साल से जनता सिर्फ जुमला सुन रही है मन की बात सुन रही है, लेकिन काम की बात आज तक कभी भाजपा नेताओं के मुंह से निकला नहीं है. जनता अब अपनी मन की बात भाजपा नेताओं को बताएगी. केंद्र में बदलाव होगा. मोदी सरकार की विदाई तय है।

मतदान 26 को अवकाश घोषित

महासमुन्द/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन द्वारा समस्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम अनुसार तीनों चरणों के मतदान तिथियों में सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। जिसमें लोकसभा संसदीय क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए द्वितीय चरण के मतदान तिथि शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश रहेगा।

सेन समाज पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ प्राप्त करें : रिकेश सेन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संतोष पांडे को भारी मतों से विजय बनाने हेतु सेन समाज की एक मत्वपूर्ण बैठक वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता गौरी शंकर श्रीवास, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, लोकसभा क्षेत्र के संयोजक मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला भाजपाध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, जिला सचिव लोकेश सेन, वरिष्ठ पत्रकार विजय कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष निर्भय श्रीवास सेवानिवृत आरक्षक सुंदरलाल सेन विशेष रूप से उपस्थित हुए।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक को संबोधित करते हुए विधायक रिकेश सेन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने 1 फरवरी 2023 से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की हैं। इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा पत्र लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण एवं ट्रेनिंग दी जाएगी । प्रशिक्षण के दौरान उन्हे पाँच सौ रुपए की राशि प्रदान करने की योजना हैं। सरकार प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थी को टूल किट खरीदने के लिए पंद्रह हजार रुपए की राशि बैंक से ट्रांसफर करेगी। ट्रेनिंग प्राप्त व्यक्ति अपना खुद का व्यवसाय करने के लिए बैंक से पांच प्रतिशत ब्याज दर पर तीन लाख रुपए तक की राशि का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। श्री सेन आगे बताया की इस योजना के लिए सरकार ने 13000 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कामकाजी क्षेत्र में सही ट्रेनिंग प्रदान करना तथा उन्हें खुद का रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बहुत कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाना हैं। इस योजना का लाभ 140 से भी ज्यादा जातियों को प्राप्त हो रहा हैं। इस योजना का लाभ सेन समाज के द्वारा किए जाने वाले पारंपरिक व्यवसाय नाई कार्य के लिए भी उपलब्ध हैं। समाज के लोगों को इस योजना का अधिकाधिक लाभ प्राप्त करना चाहिए।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों के हित के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है जिनमें प्रमुख रूप से निःशुल्क राशन प्रदान करना, उज्ज्वला गैस उपलब्ध कराना, नल-जल योजना के अंतर्गत हर घर में नल लगवाना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान प्रदान करना, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख तक के स्वास्थ्य बीमा योजना का संचालन हो रहा हैं। सेन समाज सरल एवं सहज रूप से अपना जीवन यापन करते आ रहा हैं, इनकी जितनी प्रसंशा की जाए वह कम हैं। श्री सिंह ने सेन समाज के बंधुओं, बहनों एवं माताओं से आग्रह किया कि केंद्र में फिर एक बार मोदी जी की सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करें, जिससे छोटे-छोटे शिल्पकारों और कुशल कारीगरों को लाभ प्राप्त हो सके। बैठक को लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सेन समाज के जिला महामंत्री अनूप श्रीवास, दयानंद सेन, सलाहकार महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निशा श्रीवास, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शिव श्रीवास, विक्की सेन, मुकेश सेन, गणेश कौशिक, बिहारी सेन, रवि सेन, मनीष सेन, पायल सेन, संतोषी सेन, गौरी कौशिक, हिलेश्वरी सेन सहित दो सौ से अधिक स्वजातीय बंधु एवं बहने उपस्थित थे।

महादेव सट्टा ऐप को चालू रखने के लिए भाजपा ने कितना चंदा लिया : भूपेश



राजनांदगांव/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खैरागढ़ की चुनावी सभा में राज्य की भाजपा सरकार के कारनामों को छिपाकर बड़े-बड़े झूठ बोलकर चले गए। उन्होंने महादेव ऐप के बारे में तो ढेर सारी बातें की, लेकिन यह नहीं बताया कि अब जबकि डबल इंजिन की सरकार है तो महादेव ऐप क्यों चल रहा है? उन्हें बताना चाहिए कि भाजपा ने महादेव ऐप को चालू रखने के लिए चलाने वालों से कितना चुनावी चंदा लिया है?

भूपेश बघेल ने कहा है कि महादेव ऐप पर कार्रवाई तो कांग्रेस की सरकार ने की थी और केंद्र की भाजपा सरकार से अनुरोध किया था कि महादेव ऐप को बंद करके उसके संचालकों को गिरफ्तार कर ले, लेकिन गिरफ्तारी तो दूर की बात केंद्र सरकार ने महादेव ऐप को बंद तक नहीं करवाया। उन्होंने पूछा कि क्या वजह है कि महादेव सट्टा ऐप अभी भी बिना रोक-टोक चल रहा है, तो भाजपा ने उनसे कितना चंदा लिया है? श्री बघेल ने कहा है कि अगर वे सच में सट्टेबाजी के खिलाफ होते तो केंद्र की भाजपा सरकार सट्टेबाजी पर जीएसटी वसूलकर उसे कानूनी रूप नहीं देती। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक रूप से भाजपा लड़ नहीं पा रही है तो बेवजह आरोप लगाकर कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश रच रही है।

उन्होंने कहा कि धर्म की बात करने वाले अमित शाह को बताना चाहिए, उनकी पार्टी की सरकार ने गाय की देखभाल के लिए बने गौठानों को बंद कर दिया? क्यों गोबर की खरीदी बंद हो गई? और क्या वजह है कि भाजपा की सरकार बनते ही गौ-तस्करी शुरु हो गई? और गौ तस्करी इसी राजनांदगांव जिले के बाघनदी वाली सीमा से हो रही है। अमित शाह को यह भी बताना चाहिए कि यदि वे इतने ही गौ-रक्षक हैं तो उनकी पार्टी ने गौमांस तैयार करने वाली कंपनी से करोड़ों रुपयों का चंदा क्यों लिया?

अमित शाह पर तमाम तरह के झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा-हमने गंगाजल हाथ में लेकर किसानों की कर्जमाफी और प्रति क्विंटल 2500 रुपए देने का वादा किया था और वह हमने समय पर पूरा कर दिया था। शराबबंदी को लेकर कोई शपथ हमने नहीं ली थी और हम धीरे-धीरे शराबबंदी की ओर बढ़ रहे थे। भूपेश बघेल ने कहा कि या तो प्रदेश के भाजपा नेता अमित शाह को सच नहीं बता रहे हैं, या फिर अमित शाह आदतन झूठ बोल रहे हैं। तीन साल में नक्सली समस्या हल करने के दावे को आड़े हाथों लेते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता इस बात की गवाह है कि भाजपा की सरकार बनते ही बस्तर में नक्सली घटनाएं बढ़ गई हैं।

अंबेडकर जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर मनाई जयंती

खैरागढ/नवप्रदेश। नगर में आंबेडकर जयंती के अवसर पर बौद्ध समाज द्वारा बाइक रैली निकालकर बस स्टैंड स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पणकर हर्षोल्लास के साथ जयंती मनी। दाऊचौरा स्थित बौद्ध विहार में भगवान गौतम बुद्ध वंदना कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। बाइक रैली अमलीडीह, सोनेसरार, इतवारी बाजार, बक्शी मार्ग, गोलबाजार, राजफेमली, पिपरिया सिविललाईन होते नगर भ्रमण कर बस स्टैंड स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पहुँची जहाँ माल्यार्पण किया गया। रैली में समाज की युवतियां भी बड़ी संख्या में शामिल हुई।

बाबा साहेब जयंती पर बौद्ध समाज द्वारा डीजे के साथ धम्म रैली निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के पुरूष और महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई। नगर भ्रमण के बाद समाज की रैली बस स्टैंड स्थित बाबा अंबेडकर की प्रतिमा के पास पहुंची जहां बाबा की प्रतिमा मे पूजा अर्चना कर की गई। रैली में बाबा साहेब के जयकारों के साथपंचशील का झंडा लहराते रहे। रैली का नगर भ्रमण के दौरान जगह जगह स्वागत भी किया गया। कई जगहो पर जलपान और पेय की व्यवस्था की गई थी। अंबेडकर चौक पर पूजापाठ के बाद समाज की रैली समापन उपरांत समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में शाम को मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुआ । यहाँ समाज के प्रतिभावान बच्चे गीत, कविता, भाषण अथवा बाबा साहेब के जीवनवृत्त पर रचनात्मक प्रस्तुति दी। दाउचौरा स्थित बौद्ध विहार में सामुहिक भोज का आयोजन किया गया।

भाजपा का कोल प्रेम रूपी महत्वाकांक्षी चारागाह है रेल परियोजना : कांग्रेस

- **300 करोड़ की दुहाई देने वाली भाजपा 500 करोड़ का काम तो बताएं : रूपेश दुबे**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे द्वारा डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन सहित रेल में अपनी उपलब्धि बताने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कटाक्ष करते हुए कहा मात्र ज्ञापन देकर अपनी औपचारिक हाजरी लगाने वाले सांसद संतोष पांडे पहले डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन की उद्देश्य जो वित्त मंत्री अरुण जेटली ने प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया जिसे 27 सितंबर 2018 को तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल ने अपने सोशल मीडिया में पोस्ट किया, उससे परिचित हो, क्योंकि उससे यह साफ खुलासा हो गया था कि डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन छत्तीसगढ़ में कॉल खदानें हैं, उसके कॉल परिवहन को देखते हुए यह योजना लागू की गई है। साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के कॉल खनन को जो डेढ़ सौ एमपीपीएस था, उसे ढाई सौ एमपीपीएस करने के उद्देश्य से इस परियोजना को लागू कर अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना उन्होंने अपने प्रेस वार्ता में साबित कर दी थी। वर्ष 2020-21 के केंद्रीय बजट में 500 करोड़ की राशि स्वीकृत होने के बाद भी कोई कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहा है और तो और छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा अपने बजट में 300 करोड़ का प्रावधान किए जाने की बात को भाजपाई गले फाड़-फाड़ कर दुहाई दे रहे हैं। श्री पांडे कवर्धा में जो रेलवे का बुकिंग काउंटर था, उसे पोस्ट ऑफिस में मर्ज हो जाने से उसको पृथक करने में भी सक्षम नहीं रहे और कर्मचारियों के अभाव में कवर्धा के निवासी रेल टिकट प्राप्त करने के लिए भी निरंतर परेशान होते रहे हैं। डोंगरगढ़-कवर्धा-कटघोरा रेल लाइन में स्टेशनों की दूरी ग्राम से दूरी बड़ी समस्या रही जिसके कारण ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 24 सितंबर 2022 को जनहित को सुविधा उपलब्ध कराने सर्वे में संशोधन हेतु रेल मंत्री को पत्र लिखा, किंतु रेल विभाग जनहित के लिए बेसुध रहा।

संविधान का संकल्प पत्र से तुलना भाजपा की नकारात्मक सोच का उदाहरण : कुसुम दुबे

- **गैस पाइप लाइन के नाम पर किसानों पर अत्याचार फिर भी सांसद मौन**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं खैरागढ़ विधानसभा की प्रभारी अधिवक्ता श्रीमती कुसुम दुबे ने मुख्यमंत्री के भारतीय संविधान का संकल्प पत्र की तुलना पर कटाक्ष करते हुए कहीं के मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद धारी को संविधान से राजनीतिक पत्र का तुलना करना उनकी संविधान के प्रति नकारात्मक सोच का जीवंत उदाहरण है। भारतीय संविधान से देश चलने के साथ मौलिक अधिकार आम जनता को प्रदान किए हैं जो अकक्षुण है, वहीं संकल्प पत्र वर्ष 2004, 2009, 14 19 अब 2024 के संकल्प पत्रों से भाजपा का बदलता चेहरा साफ नजर आता है। वर्तमान में गैस पाइप लाइन के से गैस प्रदान करने की बात की जा रही है। सांसद संतोष पांडे के संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने वाले गेल लिमिटेड ने किसानों के खड़ी फसल व सिंचाई के लिए बिछाए गए ड्रिप इरिगेशन को जिस प्रकार से तहस-नहस कर उन्हें आर्थिक मार दी है, यहां तक की किसानों को मुआवजा भी प्रदान न कर सीधे उनको जहां फसल से वंचित किया, वहीं दोहरा आर्थिक मार दी, ऐसी स्थिति में भाजपा और संसद में थोड़ी भी नैतिकता है तो गेल लिमिटेड पर अपराध दर्ज कराकर किसानों को उनकी भूमि और उनकी संपत्ति के नुकसान का मुआवजा प्रदान करावे। शौचालय की राशि का हेराफेरी भी लोकसभा क्षेत्र में जगजाहिर है।

पीएम उज्जवला गैस योजना के नाम महिलाओं को मुक्त गैस देने का सब्जबाग दिखाकर रिफिलिंग के बोझ तले दबाने का काम भी बीजेपी ने किया है। उज्जवला गैस कनेक्शन की रिफिलिंग का प्रतिशत आंकड़ों के अनुसार उजागर हुआ है, जो गरीब परिवारों के साथ जुमलेबाजी और अन्याय का साफ उदाहरण है।

हमारा सौभाग्य हम भक्त माता कर्मा के कुल में जन्में : चोवाराम

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले की स. लोहारा तहसील अंतर्गत ग्राम कोयलारी में गत 14 अप्रैल को साहू समाज की कुल देवी भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के तहत जहां रविवार दोपहर 12 बजे से स्थानीय भक्त माता कर्मा मंदिर में विधिवत पूजा पाठ, कलश यात्रा व अन्य अनुष्ठानों के साथ मूर्ति स्थापना तथा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। वहीं शाम को रामायण का आयोजन किया गया। सातों राज के अध्यक्ष छबिलाल साहू के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के अतिथि चतुर साहू, चोवाराम साहू,घासी साहू, डरबन साहू, सुखचरण साहू, झा साहू, मदन साहू, बृजलाल साहू, गोवर्धन साहू, गोविंद साहू, मेखा लाल साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग व ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अतिथि चोवाराम साहू ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारा जन्म कृष्ण भक्त माता कर्मा के कुल के हैं।

एक अनूठी और अभिनव संकल्पना सीमाहीन स्वीप कार्यक्रम

- **दो जिलों महाराष्ट्र के गोंदिया और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले ने स्वीप के लिए की ऐतिहासिक पहल**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले ने एक अनूठी पहल करते हुए अंतर्राज्यीय स्वीप कार्यक्रम की योजना बनाने के उपलक्ष्य में हाथ मिलाये और पहली बार ऐसा वक्त रहा जब दो राज्यों के जिलों ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को नये आयाम प्रदान किए हैं। इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रवासी मजदूरों को मतदान करने के लिए जागरूक करने का था। अंतर्राज्यीय स्तर पर दो जिलों ने आपसी समझ एवं समन्वय से पलायन करने वाले श्रमिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने एक इबारत लिखी है। इसके साथ ही नये मतदाताओं या ऐसे मतदाता जो किसी कारण से मतदान करने में वंचित हो गये हो, उन्हें लक्षित करते हुए मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें एमएमएस करने के साथ ही मतदान करने के लिए फोन के माध्यम से सूचना दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में स्वीप अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर सघन अभियान चलाये जा रहे हैं। यह कार्यक्रम डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत बागनदी पुल पर आयोजित किया गया और दोनों जिले के मतदाता अपने-अपने जिले से रैली के रूप में निकले और बागनदी पुल पर एकत्रित हुए। मिलने पर उन्होंने एक दूसरे को गुलाब के फूल भेंट कर स्वागत किया ।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 10490 दिनांक 15.04.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651P00339 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAHUL AGARWAL पिता/पति श्री/श्रीमती GOVINDRAM के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1 ARUN KUKREJA 2 ANAND KUKREJA पिता/पति श्री/श्रीमती 1S/O PRABHU MAL KUKREJA 2 S/O PRABHU MAL KUKREJA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
// उद्घोषणा //
राजस्व प्रकरण क्र. /202404210200022/ अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम छुईहा (मा.) प.ह.नं. 08 तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)
सर्व साधारण जनता ग्राम छुईहा (मा.) तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीरज वर्मा पुत्र दिनेश वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम छुईहा (मा.) तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.) ग्राम छुईहा (मा.) पी.एच.नं.08 तहसील बलौदा बाजार द्वारा भूमि खसरा नं. 931/11 क्षेत्रफल 0.009 हे. भू-राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु है। छत्तीसगढ़ संहिता 1959 की धारा 59(2) के अंतर्गत संहिता की धारा 172 के अंतर्गत परिवर्तित कर पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिंट के साथ प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में मामला इस न्यायालय में विचाराधीन है।
उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 19/04/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।
आज दिनांक 03/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 10507 दिनांक 15.04.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651K01592 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS HIMALAYA INDIA DEVELOPERS पिता/पति श्री/श्रीमती MS HIMALAYA INDIA DEVELOPERS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ANUP KUMAR MUNDHRA पिता/पति श्री/श्रीमती S/O BIRAJ RATAN MUNDHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 10506 दिनांक 15.04.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651I00942 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS NIVESH-WEL BHAGIDAR SUNIL SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती LT. SHYAM LAL SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ANIL MEWADE पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI RAMCHAND MEWADE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र , शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 10491 दिनांक 15.04.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651P00170 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MANOHAR JAISINGHANI पिता/पति श्री/श्रीमती PANJUMAL JAISINGHANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SN BUILDCON PARTNER NAVIN GAWRI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O LATE MOHAN LAL GAWRI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 10639 दिनांक 15.04.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446I00403 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LEELAWATI LEELADHAR पिता/पति श्री/श्रीमती के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ANANTGOPAL KOTHARI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O LATE LEELADHAR KOTHARI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्रीविलेख के अनुसार/---/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 10632 दिनांक 15.04.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651N0077A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHRI RAM THOK SABJI MANDI KABIJ- MAHESH KUMAR KESHWANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. UDHAMDAS KESHWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHRI RAM THOK SABJI MANDI KABIJ-SUNIL KUMAR KESHWANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O GOVIND RAM KESHWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ अभिस्वीकृति पत्र/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 10590 दिनांक 15.04.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651J01409 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SATISH THOURANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MANSHARAM THOURANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती NEETU FATEHARAMKA पिता/पति श्री/श्रीमती W/O VIKASH FATEHARAMKA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 10574 दिनांक 15.04.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446N01253 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती TTAM JIWNANI, ASHISH SIDARA पिता/पति श्री/श्रीमती LT. GANESHRAM JIWNANI, RAJKUMAR SIDARA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती TTAM JIWNANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O LATE GANESH RAM JIWNANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /BATWARA NAMA, B-v /वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
// उद्घोषणा //
राजस्व प्रकरण क्र. /202404210200023 अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम कोकड़ी प.ह.नं. 16 तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)
सर्वसाधारण जनता ग्राम कोकड़ी तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उत्तरा बाई साहू पति परसराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम परसदा तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोकड़ी प.ह.नं. 16 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं 1604/2 रकबा 0.022 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 19/04/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।
आज दिनांक 03/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार

न्यूज गैलरी

हवन पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन आज

नगरी/नवप्रदेश। राज राजेश्वरी माँ भगवती सिद्ध शीतला शक्तिपीठ समिति सेमरा में 10 अप्रैल दिन मंगलवार से नौ दिनों के लिये मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की गई हैं। जिसमें मनोकामना घी ज्योति कलश 111 एवं तेल ज्योति कलश 236 इस तरह कुल 347 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। मंदिर प्रांगण को बहुत ही आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। प्रतिदिन श्रधालुओं की भीड़ माँ शीतला के दर्शन के लिए लगी हुई हैं। लोगों की मान्यता है कि मां शीतला की दरबार में जो भी भक्त मनोकामना लेकर आते हैं मां उन सबकी मनोकामना पूर्ण करती है। पंडित जागेश्वर प्रसाद पाठक के द्वारा प्रतिदिन समिति के सदस्यों एवं श्रधालुओं को मां शीतला की सुबह शाम पूजा अर्चना कराई जाती है। शीतला मन्दिर प्रांगण में 13 अप्रैल दिन शनिवार को पंचमी पर्व,16 अप्रैल दिन मंगलवार को हवन पूजन एवं विसर्जन कार्यक्रम 17 अप्रैल दिन बुधवार को होगा।

पालिका सीएमओ छुट्टी के दिन पहुंचे लाइब्रेरी, किया निरीक्षण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा द्वारा संचालित नगर के एक मात्र स्व.भीखमचंद बोथरा वाचनालय का नगर पालिका के सीएमओ प्रदीप मिश्रा द्वारा रविवार 14 अप्रैल को अवकाश के दिन औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने वाचनालय की वर्तमान स्थिति के बारे में लाइब्रेरियन अनंत पुराणिक से जानकारी ली। सीएमओ श्री मिश्रा ने वाचनालय के पाठकों के लिए पुस्तकों का व्यवस्थित ढंग से रखरखाव के साथ ही उसकी उपलब्धता व साहित्यिक किताबों का क्रय करने तथा वाचनालय स्थित गार्डन की साफ-सफाई की ओर विशेष रूप से ध्यान देने का दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर नगर पालिका के कर्मचारी रोशन साहू, वाचनालय के नियमित पाठक डॉ. आशीष दीवान, राजा शर्मा, पुरुषोत्तम कंसारी,बड़ू सोनी, ईश्वर कंसारी,रामाधार कहार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

बाइक से गांजे की तस्करी 3 गिरफ्तार

नगरी/नवप्रदेश। रविवार 14 अप्रैल की रात ग्राम सांकरा फारेस्ट नाका चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग दौरान मेचका की ओर से आ रहे एक काला रंग के पल्सर वाहन कमांक सी.जी. 05 एएन 2307 जिसमे तीन व्यक्ति सवार थे। उन्हें रोक कर तलाशी ली। पल्सर में अवैध रूप से 11 किलो गसे ज्यादा गांजा बरामद किया गया। इसकी कीमत 224000/- रुपए, दो नग एन्ड्राइड मोबाइल कीमती 11000/- रुपए और मोटर सायकल पल्सर सी.जी. 05 एएन 2307 कीमती 70000/- रूपये नगदी 1500/- रूपये जुमला किमती 306500/- रूपये बरामद कर जप्त किया गया। आरोपियों दिलीप कुमार ध्रुव पिता दिनेश कुमार ध्रुव (38) साकिन मूलगाँव, थाना मगरलोड, जिला धमतरी (छ.ग.), विघ्नेश्वर साहू उर्फ बिट्टू साहू पिता दुर्योधन साहू (19) साकिन गांधी चौक सांकरा और दुर्योधन साहू पिता स्व. समारू राम साहू (54) साकिन गांधी चौक सांकरा, थाना सिहावा,जिला धमतरी (छ.ग.) को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत पाये जाने से थाना सिहावा में अप.क्र. 62/24 धारा- 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सन्नी दुबे, सायबर प्रभारी, उप निरीक्षक उमाकांत तिवारी थाना प्रभारी सिहावा, सउनि. दुलाल नाथ, आरक्षक चण्डीकेशर चौहान, टिकेशर साहू, सौरभ साहू, राजेन्द्र चिण्डा, रितेश कश्यप,थाना सिहावा एवं सायबर से वीरेंद्र सोनकर, योगेश ध्रुव,आनंद कटकवार का विशेष योगदान रहा।

पर्यटन विभाग की एलईडी ब्रांडिंग की बारिश के कारण खुली पोल

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। पूर्ववर्तीय कांग्रेस शासन काल की महत्वाकांक्षी योजना राम वन गमन परिपथ अंतर्गत करोड़ों रुपए के स्वीकृत राशि से राजिम को पर्यटन की दृष्टिकोण से विकसित करने के उद्देश्य को लेकर विभिन्न विकास कार्य की जानी हैं लेकिन इन विकास कार्यों की पोल खुलती नजर आ रही है। राजिम कुंभ मेला के दौरान नगर के श्यामाचरण शुक्ल चौक के पास एलईडी ब्रांडिंग बनाया गया है जिसमें बारिश की वजह से सामने का हिस्सा धंसने लगा है। जिससे यह

अंदेशा होता है कि निर्माण कार्य में संबंधित ठेकेदार द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य किया गया है जिसके कारण एलईडी ब्रांडिंग से लगा हुआ हिस्सा चारों तरफ से धंसने लग गए। जिससे स्पष्ट होता दिख रहा है।

ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गई हैं। इस संबंध में जब पर्यटन विभाग के अनुराधा दुबे से बात की गई तो बताया कि निर्माणाधीन एलईडी ब्रांडिंग के पास कार्य पूर्ण नहीं हुआ है अभी ठेकेदार द्वारा काम किया जा रहा है। इसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारी को अवगत कराने के बाद कुछ ही घंटों में जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा एलईडी ब्रांडिंग के पास धंसे हुए जगह पर रेत डाल कर धंसी हुई बेस को छुपा दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि ठेकेदार द्वारा आधे अधूरे कार्य कर कार्य में लापरवाही बरती गई है जबकि राजिम कुंभ मेला के गुजरे एक माह हो चुके हैं और एलईडी ब्रांडिंग के पास बेस का काम पूर्ण नहीं होने से बारिश में एलईडी ब्रांडिंग के चारों तरफ का बेस धस गया है द्य राम वन गमन परिपथ के निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार होने का अंदेशा है।

डांडिया से दिया शत प्रतिशत मतदान का संदेश

■ **बड़ी संख्या में महिलाओं ने लिया हिस्सा**

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में लगातार विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पंचायत विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नवरात्र के सातवें दिन जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पलारी में भी स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

उक्त कार्यक्रम के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर के एल चौहान एवं सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे भी शामिल हुई। उक्त आयोजित डांडिया समारोह में प्रतिभागियों ने डांडिया कर जिले वासियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तख्ती एवं पोस्टर के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में अपने अपने मतों उपयोग करनें संदेश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होने कहा यह लोकतंत्र का उत्सव है जो पांच साल में एक बार आता है. अतः इस ऐतिहासिक उत्सव में हम सब की सहभागिता अनिवार्य है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ श्री मंडावी,सीएमओ श्री भोई,साक्षर भारत सोमेश्वर राव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिले के विभिन्न गांवों एवं शहरों में जिसमें विशेष रूप से 70 प्रतिशत से कम मतदान केंद्रों में स्वीप की गतिविधियों को तेज कर दिया गया है।

बाबा साहब सामाजिक न्याय के शिल्पकार

नगरी/नवप्रदेश। नगर आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज नगरी ने सामाजिक समरसता एवं समानता का मुलमंत्र देने वाले भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती सभा भवन नगरी में मनाई।

समाजिक जनों ने बाबा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर समाज के तहसील महासचिव नरेश छेदैहा ने कहा कि बाबा साहब स्वतंत्राता और भाईचारा के प्रतिक थे। वे श्रमिकों, शोषितों, किसानों और महिलाओं के अधिकार दिलाने और समाजिक न्याय के शिल्पकार थे। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कैलाश मरई,सर्वाराकार परसादी राम चंद्रवंशी,भांवत राम ध्रुव, पार्षद टिकेश्वर ध्रुव, पार्षद जितेन्द्र ध्रुव,राम कुमार ध्रुव, हेमलाल ध्रुव,संत नेताम, शिवरतन लाल ध्रुव, राधेलाल नेताम, बसंत अमतिया,मनोहर कुंजाम, विष्णु भास्कर, दुर्गेश ध्रुव,बड़कू मरकाम ,खिरभान नेताम, अम्बिका मरकाम, गोदावरी छेदैहा, शांति नेताम, माधुरी ध्रुव,मानकी नेताम, सुशीला मरकाम, पुर्णिमा मरकाम, सावित्री नेताम के अलावा समाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गांवों में चल रहे चंगाई सभा को विहिप और बजरंग दल ने कराया बंद

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में लगातार चंगाई सभा आयोजित की जा रही है। जहाँ भोले भाले ग्रामीणों का ब्रेनवाश कर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा रहा है। विहिप और बजरंग दल द्वारा विरोध प्रदर्शन कर एवं प्रशासन से शिकायत कर इसे रोकने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। रविवार को कुरूद,भखारा एवं मगरलोड में कुछ स्थानों पर चंगाई प्रार्थना सभा होने की जानकारी मिलने पर जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक ठाकुर के निर्देशन और जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन, जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू क नेतृत्व में विहिप और बजरंग दल के सदस्य इन स्थानों पर पहुंचे और चंगाई सभा का शांतिपूर्ण ढंग से विरोध किया। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस भी वहां पहुंच गई और सभा को बंद कराया। साथ ही गांव वालों को भी संविधान के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों अनुच्छेद 25 से 28 तक की पूरी जानकारी दी गई। गांव वालों को अंधविश्वास फैलाने वाले लोगों से सावधान रहने के लिए कहा गया। विभिन्न राज्य में धर्मांतरण के विरुद्ध जो कानून बनाए गए हैं उसको विस्तार से समझाया गया। दीपक सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को कहा कि मातृभूमि की रक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा, इस मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिए किसी भी प्रकार के राजद्रोह को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा चाहे वो गौ माता की सुरक्षा हो या अंधविश्वास के जरिए धर्मांतरण का हो ।

अंचल में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

खुज्जी/नवप्रदेश। संविधान रचयिता समाज सेवक डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती को खुज्जी ,दर्री, बन्दर कटा सहित अंचल के विभिन्न गांवों में धूमधाम से मनाई गई। बाबा की जयंती को लेकर सामाजिक जनों में उत्साह का माहौल रहा। ग्राम खुज्जी के बौद्ध समाज के लोगों ने स्थानीय अंबेडकर भवन में विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा को याद किया। दर्री के सामाजिक जनों ने बाबा की झांकी डी जे धुमाल के सांथ रैली निकाल कर आतिशबाजी बाजी कर आम्बेडकर जिंदा बाद के नारे लगाते हुए ग्राम का भ्रमण किया रात्रि में अम्बेडकर भवन में भाषण संम्भाषन के पश्चात भोजन भंडारा का आयोजन किया गया अंचल में यह पहला अवसर था जिसमे बाबा के जीवन दर्शन की झांकी का निर्माण ग्राम दर्री के युवाओं ने किया था।

गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति को मजबूत बनाने की दी गारंटी

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र ÷मोदी की गारंटी÷ पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल ने कहा कि ÷मोदी की गारंटी देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने की गारंटी है । मोदी की इस गारंटी में देश की मजबूती के 4 प्रमुख स्तंभों गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति को मजबूत बनाने की गारंटी दी गई है, जो प्रधानमंत्री मोदी की, भारत को 1947 तक विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार बनाने के लिए अनिवार्य है । श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पिछ्ले 10 वर्षों के कार्यकाल में देश ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं । देश पहले से कहीं अधिक मजबूत, सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सम्मानित बना है, जो केवल प्रधानमंत्री मोदी के ठोस फैसलों के चलते संभव हुआ है और यही वजह है कि देशवासियों का विश्वास, प्रधानमंत्री मोदी पर लगातार बढ़ा है । उसी विश्वास के बल प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा द्वारा संकल्प पत्र ÷मोदी की गारंटी÷ बनाया गया है, जिसमें मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में एक बार फिर से भारत को विकास के पथ पर और आगे ले जाने का दृढ़ संकल्प प्रदर्शित किया गया है । उन्होंने कहा कि हम भारतवासी खुशकिस्मत हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को प्रत्यक्ष देखा और सुना है, जिसने जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण रूप से अभिन्न अंग बनाया।

पेंशनधारी कल्याण संघ ने दिया न्योता भोज

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा से संलग्न आदर्श पूर्व माध्यमिक विभाग के छात्रों को छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनरों द्वारा नवरात्रि के अवसर पर न्योता भोज कराया गया। संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के नेतृत्व में पेंशनरों के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया ।डॉक्टर आरके वर्मा द्वारा मंत्रोचार एवं श्रीमती वीणा साहू द्वारा सरस्वती माता के साथ मां दुर्गा का वंदन गीत प्रस्तुत किया गया। सभी छात्र, स्टाफ सदस्य एवं पेंशनर तालियों से अपनी सहभागिता दी। भोज के पूर्व संस्था के प्रधान पाठक देवलाल बघमार ,पेंशनरों में प्रांतीय संयुक्त सचिव कमल नारायण यदु एवं अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने न्योता भोज के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पेंशनरों दिलीप सिंह बिसेन, उमराव सिंह रात्रे, डॉक्टर आरके वर्मा,, नारायण साहू, रमेश कुमार वर्मा,,आशा राम अनंत, हरीराम वर्मा ,जयलाल कश्यप, जीवन सिंह ठाकुर ,गणपत लाल वर्मा ,बाबूलाल निषाद ,मनीराम साहू एवं सागर सिंह ठाकुर उपस्थित थे।भोज के पहले सभी छात्रों को हाथ जोड़कर भोजन प्रार्थना कराया गया। उसके बाद बच्चे मां अन्नपूर्णा को प्रणाम कर भोजन प्राप्त किया ।बुजुर्ग पेंशनरों के द्वारा इस प्रकार के आत्मिय एवं वात्सल्य पूर्ण व्यवहार से छात्रों के साथ स्कूल स्टाफ भी प्रसन्न होकर उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया ।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती दीप्ती पाठक | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400179/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती दीप्ति पाठक पति श्री विवेक पाठक निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	876/8	0.036 हें 3990 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम मोहम्मद फरहान अली | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400192/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मोहम्मद फरहान अली पिता एम.अली निवासी आदर्शनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	353/22	0.0089 हें 967.5 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम मोहम्मद फरहान अली | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400190/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मोहम्मद फरहान अली पिता एम.अली निवासी आदर्शनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	353/20	0.0089 हें 967.5 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम मोहम्मद फरहान अली | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400189/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मोहम्मद फरहान अली पिता एम.अली निवासी आदर्शनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	353/21	0.0089 हें 967.5 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम तपस्या विश्वकर्मा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400186/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका तपस्या विश्वकर्मा पिता सीताराम विश्वकर्मा निवासी फरीदपुर, तप्पा मलाक अशोकपुर पो. भरवारी कौशाम्बी, उप्र द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	353/27	0.0092 हें 990 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री हिमांशु अग्रवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400191/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री हिमांशु अग्रवाल पिता लवकुश अग्रवाल निवासी म.न. 130/के कादम्बरी नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	353/28	0.0092 हें 990 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री नवनीत कुमार विश्वकर्मा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400193/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री नवनीत कुमार विश्वकर्मा पिता हरिनारायण विश्वकर्मा निवासी सी.ए.एफ. लाइन कातुलबोर्ड तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	353/25	0.0092 हें 990 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम मोहम्मद फरहान अली | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400194/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मोहम्मद फरहान अली पिता एम.अली निवासी आदर्शनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	353/23	0.0089 हें 967.5 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री मोनू कुमार साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400195/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री मोनू कुमार साहू पिता अशोक कुमार साहू निवासी कांति चौक पोटियाकला वार्ड 53 तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	353/26	0.0092 हें 990 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202401410150003
विषयः अ-6 सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

तुलसी प.ह.न. 00016 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- महेश
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम तुलसी प.ह.नं. 16 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदक महेश पिता बुधारू उम्र 37 वर्ष 37 जाति केवट निवासी ग्राम सड्डू तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम तुलसी प.ह.नं. 16 में तह. पाटन जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 290/5 रकबा 0.24 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा द्वारा उप-पंजीयक कार्यालय पाटन मे दिनांक 02.02.2007 को क्रय किया गया है। क्रय पश्चात् भूमि का प्रमाणीकरण करा चुका है जिसका ना.क्र. 44 एवं दिनांक 08.09.2007 है। तथा उक्त भूमि का ऋणपुस्तिका क्रमांक पी. 0938382 प्राप्त हो गया है तथा उक्त भूमि से संबंधित किसी प्रकार की राशि बकाया नहीं। उक्त आवेदक के नाम पर प्रमाणीकरण हो कर राजस्व अभिलेख में नाम दुरूस्त हो चुका है। जिसका राजस्व रिकार्ड मे रूप मे ऋण- पुस्तिका की सत्यप्रतिलिपि संलग्न किया गया। वर्तमान मे उक्त भूमि का कम्प्यूटर रिकार्ड अनावेदक के नाम पर दर्ज चले आ रहा है। आवेदक उक्त संबंध में सभी आवश्यक दस्तावेज पांचशाला बी-1. नक्शा, खसरा, ऋण पुस्तिका की सत्यप्रतिलिपि एंव पंजीकृत बैनामा की सत्यप्रतिलिपि संलग्न कर न्यायालय मे आवेदन पेश किया गया है। आवेदक के आवेदन आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है। अतः उपरोकतानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 02.05.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद्मुद्रा से आज दिनांक 02.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम करविन्दर कौर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400188/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका करविन्दर कौर पिता हरिपाल सिंग निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	353/24	0.0092 हें 990 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202401410150039
विषयः अ-6 सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

तुलसी प.ह.न. 00016 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- महेश
अनावेदक पक्षकार- नेतराम

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम तुलसी प.ह.नं. 16 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक महेश पिता बुधारु अन्य 01 उम्र 17 जाति केवट निवासी ग्राम सड्डू तह. व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम तुलसी प.ह.न 16 में तहसील पाटन जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 544 का टु. रकबा 0.19 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा द्वारा उपपंजीयक कार्यालय पाटन में दिनांक 13.05.1994 को क्रय किया गया है। क्रय पश्चात उक्त भूमि पर आवेदक व अन्य के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। जिसका कम्प्यूटर रिकार्ड वर्तमान में अनावेदक के नाम पर दर्ज चहा आ रहा है। वर्तमान में आवेदक के भाई सहखातेदार सुरेश निषाद का निधन दिनांक 01.04.2008 को चुका है जिसका विधिक वारिसान आवेदन पेश किया गया है। आवेदक के आवेदन आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपने लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 02.05.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

पूर्व सीएम भूपेश की भाभी सीमा बघेल भाजपा में शामिल

दुर्ग/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर पर ही भाजपा की सेंध लग गई है। राजनांदगाव से मौजूदा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की भाभी सीमा बघेल ने भाजपा का दामन थाम लिया है। दुर्ग भाजपा के उम्मीदवार विजय बघेल की नामांकन रैली में शामिल होने सीएम विष्णुदेव साय दुर्ग पहुंचे हुए थे। इसी दौरान सीमा बघेल को सीएम विष्णुदेव साय ने भगवा गमछा ओढ़ाकर भाजपा में शामिल कराया। ऐसे में कहा जाए एक भूपेश है तो भरोसा है के नारे का अस्तित्व ही मिट गया हो। ऐसे देखें तो भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल भी पूर्व सीएम के परिवार से ही हैं और रिश्ते में उनके चाचा लगते हैं। विजय बघेल को भाजपा ने फिर से दुर्ग से टिकट दिया है। इस दौरान सीएम साय ने कहा कि, विजय बघेल पिछली बार 4 लाख वोट से जीते थे। विजय को इस बार 6 लाख वोट से जिताना है। सीएम ने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया और कहा कि कांग्रेस को जीरो में आउट करना है। मोदी की गारंटी हमने सांय-सांय पूरी की है।

स्कूल बसों की जांच करने पहुंची विभाग की टीम

मुंगेली/नवप्रदेश। आयुक्त परिवहन विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ एवं पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में आज जिला मुख्यालय स्थित बीआर साव स्कूल मैदान में स्कूल बसों की जांच तथा चालकों व परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला परिवहन, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित शिविर में 35 स्कूली बसों की मैकेनिकल जांच की गई। जिसमें सभी बस फिट पाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में 52 चालकों एवं परिचालकों का ब्लड प्रेशर, मधुमेह, आंख एवं चश्मा आदि जॉच किया गया एवं उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर ने बताया कि शिविर के दौरान बस संचालकों को सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए बस संचालन की समझाईश दी गई।

देवांगन समाज की कार्यकारिणी घोषित

सक्ती/नवप्रदेश। प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ (पंजीयन क्रमांक 2338) के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोहर देवांगन के द्वारा अपने समिति का विस्तार करते हुए सक्ती जिला से रोशन देवांगन को संरक्षक एवं राकेश देवांगन को सलाहकार नियुक्त किया गया है एवं महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष किरण देवांगन के द्वारा अपने समिति का विस्तार किया गया है।

आंगनबाड़ी केन्द्र में नौनिहालों को डेढ़ माह से नहीं मिल रहा पोषण

- मार्च के आखिर में पहुंचा पोषण आहार अप्रैल में वितरण कर चलाया

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों मे पहुँचने वाले नौनिहालों को दो माह से पर्याप्त पोषण आहार नही मिल पा रहा है। जिले के छह सौ से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों मे लगभग 14 हजार से अधिक नौनिहालों की देखरेख हो रही है। लेकिन इन केन्द्रों मे पहुँच रहे नौनिहालों को पिछले माह मार्च मे पोषण आहार समय पर नही मिल पाया। अप्रेल महीनें मे भी पिछले माह के बचे पोषण आहार को आंगनबाड़ी केन्द्रों मे वितरित किया जा रहा है। अप्रेल मे वितरित किया जाने वाला पोषण आहार अब तक नही पहुँचा है। पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान पोषण आहार वितरण कार्य महिला समूहो से छीनकर बीज निगम को दिया गया था। प्रदेश मे सरकार बदलने के बाद दिसंबर जनवरी और फरवरी मे इसकी नियमित वितरण किया जाता रहा। लेकिन मार्च माह मे जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों मे पहुँचने वाले नौनिहाल पोषण आहार के लिए तरस गए। बताया गया कि मार्च मे वितरित किए जाने वाले पोषण आहार का वितरण होली के बाद किया गया। जिसे आंगनबाड़ी केन्द्रों मे अप्रेल माह मे पहले दो सप्ताह वितरित किया गया। अप्रेल माह आधा गुजर चुका है लेकिन अप्रेल का पोषण आहार अब तक जिला मुख्यालय नही पहुँच पाया है। बताया गया कि मार्च के आखिरी सप्ताह मे मिला लेकिन इसमे वितरित किए जाने वाले आटे की मात्रा आधे से कम थी। अन्य पोषण आहार के पैकेट भी निर्धारित मात्रा से काफी कम मिल पाए थे। जानकारी होने के बाद भी विभागीय अधिकारी मामले में आंख मूंदे बैठे है।

बाहर से आता है पोषण आहार

खैरागढ़ जिले मे खैरागढ़ और छूईखदान परियोजना के तहत छह सौ से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जाता है। इन केन्द्रों मे लगभग 14 हजार से अधिक नौनिहाल रोजाना पहुँचते है। फरवरी माह तक पोषण आहार का वितरण नियमित रूप से किया जाता रहा है। लेकिन मार्च माह का पोषण आहार जिले मे समय पर पहुँचा ही नही। इसके चलते जिले मे मार्च माह मे आंगनबाड़ी केन्द्रों मे पोषण आहार का वितरण नही हो पाया। इसको लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ सहायिकाओं ने महिला बाल विकास विभाग मे भी सतत संपर्क किया। लेकिन अधिकारी भी इसका जवाब देने की बजाय कन्नी काटते रहे। मार्च माह के आखिरी सप्ताह में मिले कम मात्रा के पोषण आहार को अब अप्रेल माह मे केवल दो सप्ताह का वितरण किया गया था जो अब केन्द्रों में खत्म हो चुका है।

> मै फिलहाल छूटटी पर हू फैमली फंक् शन मे आई हूँ आप को कल काल करूं गी।
>
> **पदमजा सिन्हा,** परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग खैरागढ़

परिवहन कर्ताओं को भी नहीं मिल रहा भुगतान

पोषण आहार का महिला बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी केन्द्रों तक वितरण करने की जवाबदारी उन महिला समूहो को दी गई है। जो समूहें पहुँचे आंगनबाड़ी केन्द्रों मे वितरित होने वाले पोषण आहार का खुद निर्माण करती थी। महिला समूहो के संचालको ने बताया कि पिछले 24 माह से अधिक समय से विभाग के गोदाम से पोषण आहार का वितरण आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पहुँचाया जा रहा है। लेकिन इसमे छह माह से अधिक समय का परिवहन भुगतान नही हो पाया है। इसके चलते परिवहनकर्ता भी भुगतान को लेकर लगातार विभाग के चक्कर लगाकर परेशान है। मामले को लेकर जिला महिला बाल विकास अधिकारी आर के जांम्बुलकर से लगातार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होने हर बार की तरह काल रिसीव नही किया।

मनरेगा में पचपेड़ी के ग्रामीणों को सप्ताह भर में मिली 200 की ही मजदूरी

20 रुपए दिहाड़ी पाकर गुस्साई महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची, कलेक्टर के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के पचपेड़ी पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने मनरेगा मे मनमानी कर अधिकारियों द्वारा सप्ताह मे केवल दो सौ रू ही मजदूरी देने का हवाला देते कलेक्ट्रेट पहुँच एडीएम प्रेमकुमार पटेल को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप त्वरित कार्यवाही की मांग की। बड़ी संख्या मे पचपेड़ी से वाहनो मे भरकर पहुँची महिलाओं ने एडीएम को ज्ञापन सौंपने के दौरान बताया कि ग्राम पंचायत पचपेड़ी मे पिछले आठ सप्ताह से मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य जारी है।

जिसमें गांव के 250 से अधिक ग्रामीण रोजगार पा रहे है। पिछले आठ सप्ताह काम करने के बाद कूछ दिनों पहले ही इसका मजदूरी भुगतान ग्रामीणों के खातें में किया गया है। हर ग्रामीण को सप्ताह भर का दो सौ रू ही मजदूरी भुगतान किया गया है। मनरेगा मे कार्य के दौरान एक दिन की मजदूरी 243 रू निर्धारित होने के बाद भी ग्रामीणो को तालाब गहरीकरण कार्य की मजदूरी प्रतिदिन 20 से 30 रू के हिसाब से ही दी गई है। ज्ञापन सौंपने पहुँची सीमा, लक्ष्मी, खिलेश्वरी, मनीषा, किरण, संगीता, मेनका, रामेश्वरी, रेवती, आशाबाई, लोकेश्वरी, सतरूपा, सुनीता, मालती, नैना, त्रिवेणी, शशिबाई, गायत्री, सुनीता जांगड़े, जेठियाबाई, सीता, हेमबाई, आजू, दिलीप पाटिल, गिरजा, पूर्णिमा, राजकुमारी, संगीता काजल लीलाबाई, रूपा, सीमाबाई, नेमिन, हितेश्वरी सरोज सहित महिलाओं ने बताया कि पंचायत द्वारा ग्रामीणो को तालाब गहरीकरण का प्रतिदिन 20 से 50 रू तक ही मजदूरी भुगतान किया जा रहा है। महिलाओं ने एडीएम पटेंल से मनरेगा की पूरी मजदूरी दिलाए जाने की मांग की। एडीएम ने इस दौरान महिलाओं से कम खुदाई सहित अन्य जानकारी भी ली। महिलाओं ने बताया कि दसबाईदस की गोदी को गहराई कम होने का हवाला देने पर 13 बाई 13 का गडढा खोदा जा रहा है। अधिकारी इसका मौका मुआयना भी कर सकते है।

शिकायत करने से किया मना

महिलाओं ने बताया कि आठ सप्ताह काम करने के बाद तालाब गहरीकरण कार्य की मजदूरी भुगतान की राशि खातों मे पहुँची तो सभी राशि देख सन्न रह गए। किसी के खाते मे 11 सौ तो किसी के 12 रू ही सप्ताह भर के मिले थे। मामले मे महिलाओ ने पंचायत सरपंच से बात कर बिना कारण मजदूरी काटने और प्रतिदिन 20 से 50 रू ही मजदूरी भुगतान करने पर सवाल किया तो सरपंच ने इसे आगे काम के दौरान पूरी तरह सुधारने की बात कहते मामले को टाल दिया। महिलाओं ने बताया कि कलेक्टर से शिकायत का हवाला देने पर भी पंचायत सरपंच महिलाओं सहित ग्रामीणो को शिकायत करने से रोकता रहा।

एडीएम ने जताई नाराजगी अधिकारियों को जांच के निर्देश

महिलाओं के ज्ञापन लेकर पूरी शिकायत सुनने के बाद नाराज एडीएम प्रेमकुमार पटेल ने जनपद पंचायत खैरागढ़ के अधिकारियों से फोन पर ही चर्चा कर शिकायत की त्वरित जांच करने, मजदूरी भुगतान को सही करने सहित मामले मे की गई कार्यवाही से तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश दिए।

ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के घर हुई चोरी के आरोपी गिरफ्त से बाहर

लाखों के जेवर व नकदी ले उड़े थे चोर

सक्ती/नवप्रदेश। चोरों का पुलिस को अभी तक सुराग नहीं मिला है। 30 घटे बीत जाने के बाद भी उच्चाधिकारी घटना स्थल पर जांच कर आवश्यक निर्देश दे रहे है। बीती रात बाराद्वार रोड में राईस मिलर के निवास पर अज्ञात चोरो द्वारा लगभग 76 लाख का नगद तथा सोना चांदी चुरा कर ले जाने से बिलासपुर आई.जी. संजीव शुक्ला ने निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश के लिये अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के कार्यालय में एक बैठक लेकर एस.पी. अंकिता शर्मा एवं टी.आई तथा विभागीय अधिकारियों की एक बैठक लेकर चोरी के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुये जांच टीम का गठन कर इस संबंध में नगर निरीक्षक विवेक शर्मा ने बताया कि टीम गठित जो की गई है जो अलग अलग दिशाओं में जांच करेगी, जिनके यहां चोरी हुई थी उन्होंने एक भेंट में बताया कि आज बिलासपुर से आई.जी. संजीव शुक्ला तथा एस.पी. अंकिता शर्मा ने मेरे घर आकर बारीकी से जांच पड़ताल करते हुये मुझे कहा कि चोर जरूर पकड़े जायेगे। साथ ही आई.जी. संजीव शुक्ला ने परिवार के सभी सदस्यों से मिलकर चोरी के संबंध में आश्वस्त किया। छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स ने भी एक ज्ञापन आई.जी. डॉ.संजीव शुक्ला को दिया नगर में बढ़ती चोरियों को चोरी एवं बीती रात लाखों की चोरी के संबंध में एक ज्ञापन छ.ग.चेम्बर ऑफ कामर्स सक्ती ईकाई के अध्यक्ष विजय डालमिया एवं छ.ग.चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेष मंत्री मनीष कथुरिया के साथ चेम्बर के सदस्य आई.जी. को ज्ञापन दिया। नगर में जिस हिसाब से चोरिया हो रही है उस पर लगाम कसने की मांग की है तथा चेम्बर को आई.जी. ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्दी इस ओर ध्यान देकर कार्यवाही की जायेगी।

व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी कक्ष व कमांड सेंटर की देखी स्थिति

मुंगेली/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्रीकांत नामदेव ने जिला कलेक्टोरेट के आगर संगोष्ठी कक्ष में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति कक्ष, व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ एवं कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने एमसीएमसी कक्ष में सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज के मामलों में निगरानी एवं चुनाव प्रक्रिया के दौरान मीडिया उल्लंघन के मामलों की निगरानी के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय के अनुवीक्षण के लिए स्थापित व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर प्रत्याशी और राजनैतिक दल द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक निर्वाचन व्यय का पारदर्शिता के साथ लेखा-जोखा हेतु आवश्यक निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक श्री नामदेव ने कमांड सेंटर के निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए जारी हेल्प लाईन नंबर 8641002203 और सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों और उसके निराकरण की प्रकिया के संबध में चर्चा की। उन्होंने निर्वाचन कार्य में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में निर्वाचन संबंधी कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा सभाओं, जुलूस, रैली, रोड-शो, पोस्टर, पाम्पलेट, टी.वी., आकाशवाणी, समाचार-पत्रों, बैनर, दीवारों पर नारा लेखन के माध्यम से चुनाव प्रचार में किये जाने वाले व्यय तथा शिकायतों के संबंध में कार्यवाही के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

कांग्रेस के न्याय पत्र के सामने जुमला है मोदी की गारंटी

कांग्रेस के घोषणा पत्र में सर्वहारा वर्ग की सोच: शाहिद भाई

जितेंद्र मुदलियार, हेमा देशमुख, रूपेश दुबे ने भी भाजपा को घेरा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केंद्र में 10 वर्ष से बैठी मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए मोदी की गारंटी रूपी कपोल कल्पित संकल्प पत्र जारी किया। जिस पर कटाक्ष करते हुए छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा के प्रभारी शाहिद भाई ने लोकसभा वाररूम प्रभारी जितेंद्र मुदलियार, महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे के साथ पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। शाहिद भाई ने न्याय पत्र और मोदी की गारंटी का सिलसिलेवार तुलनात्मक व्याख्या करते कहा कि एक तरफ कांग्रेस ने जहां किसानों को एसपीपी की गारंटी और कर्ज माफी सहित कृषि यंत्रों व खाद बीज को जी एस टी मुक्त करने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने किसानों के प्रति अपना फिर से अड़ियल रवैया अपनाते हुए एमएसपी की कोई ठोस बात नहीं की है।

2019 में किए वादे आधूरे

2019 में आजादी के अमृतकाल के 75 वें वर्ष में 75 वादे करते हुए संकल्प पत्र जारी किये थे जिसमें 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने 2 करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार देने सभी गरीब परिवार को मकान देने लघु एवं सीमांत किसान को 60 वर्ष बाद पेंशन जिसका कोई अता-पता नहीं है एक तरफ 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का दावा बीजेपी करती है वहीं दूसरी ओर अपने दावों को ही 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन प्रदान करने के रूप में झूठलाने का काम भाजपा सरकार कर रही है। कांग्रेस ने देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी को नियंत्रित करने की बात अपने न्याय पत्र में की है। वहीं भाजपा के द्वारा इस पर कुछ नहीं कहा गया है।

जातिगत जनगणना के संबंध में कांग्रेस ने अपना स्पष्ट रुख प्रदर्शित किया है भाजपा ने जिस प्रकार से अपने जुमलेबाजी की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस बार भी संकल्प पत्र जारी किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर केंद्र और राज्य के बीच के रोड़ा को समाप्त करने में असफल भाजपा जनधन खाते की बड़ी-बड़ी बात कर रही है जबकि अधिकांश खाते बंद है महादेव ऐप के नाम पर कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने का घिनौना खेल भी भाजपा कर रही है जबकि महादेव पर पहली कार्रवाई छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने करते हुए 710 बैंक खाता फ्रीज कर 72 मामले दर्ज कर 449 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस महादेव को आज भी भाजपा का संरक्षण मिला हुआ है। यहां तक फ्यूचर गेमिंग जैसे कंपनी से भाजपा 1300 करोड़ का इलेक्ट्रोल बॉन्ड लेकर उन्हें भी संरक्षित करने का काम किया है भाजपा की कुनितीयों के चलते आज देश 215 लाख करोड़ के कर्ज में है और विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ जुमलेबाजी है।

अग्निशमन सेवा दिवस — एनटीपीसी सीपत में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरूआत, दो अग्निशमन वाहनों को किया रवाना

अग्निशमन कर्मियों की राष्ट्र के प्रति योगदान सराहनीय- पाण्डेय

परियोजना प्रमुख पांडेय ने दिलाई जवानों को ईमानदारी से काम करने की शपथ

सीपत/नवप्रदेश। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन शाखा इकाई एनटीपीसी सीपत द्वारा अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस दौरान केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उपकमाण्डेंट मुनीराज मीना द्वारा मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी वीके पांडेय एवं सभी अनुभागो के महाप्रबंघको व वरिष्ठ अधिकारीगणों का अभिवादन किया गया।

अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर 1944 में हुए बॉम्बे डॉकयार्ड की भीषण अग्नि दुर्घटना एवं देशभर में प्रत्येक वर्ष होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को मुख्य अतिथि समूह महाप्रबंधक वीके पाण्डेय, एएस सरन महाप्रबंधक/आपरेशन/अनुरक्षण, उप कमाण्डेंट मुनीराज मीना एवं केऔसुब के अन्य अधिकारीगणों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई तथा उन वीर शहीदों की दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। परियोजना प्रमुख वीके पाण्डेय ने सभी को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता व जवानों को ईमानदारी से काम करने की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने अग्निशमन सेवा सप्ताह दिनॉक 14 से 20 अप्रैल तक का शुभारंभ किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में अपने अनुभव को बाटंते हुए अग्नि सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिए व अग्निशमन कर्मियों की कर्तव्य परायणता व राष्ट्र के प्रति योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे निरीक्षक अग्नि महेश मीना ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान संयंत्र के अधिकारियो कर्मचारियों कामगारो स्कूल के बच्चों तथा सीआईएसएफ की गृहणियों व बच्चों को आग के प्रति जागरुक रहने के लिए जानकारी दी जाएगी। परियोजना प्रमुख द्वारा दो नए अग्निशमन वाहनों को विधिवत पूजा अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

न्यूज गैलरी

बाबा साहब की जयंती मनाई गई

भटगांव/नवप्रदेश। नगर की स्काउट गाइड के द्वारा 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

बाबा भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर पार्वती वैष्णो ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की देश के लिए दिए गए बलिदान के बारे में जानकारी देते हुए जयंती मनाी गई। इस अवसर पर दीपक पांडे - स्काउट गाइड जिला सचिव ,महेंद्र सोनी ,रुक्मण सिंह सरदार, लक्ष्मीकांत साहू ,रामकृष्ण साहू उपस्थित थे।

मतदान की दिलाई शपथ

महासमुंद/नवप्रदेश। पूरे महासमुंद ज़िले में नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाक़ों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप अभियान एस. आलोक के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में महासमुंद विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्राथमिक चिकित्सालय, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं चौक चौराहों पर उपस्थित लोगों को ÷ग्रामीण क्षेत्रों में करेंगे शत-प्रतिशत मतदान÷ का नारा देकर 26 अप्रैल को मतदान के दिन मतदान केन्द्र में आकर अपना वोट अवश्य करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही सभी को शपथ दिलाई गई।

ईटीपीबी कार्य होंगे कक्ष क्रमांक 25 में

महासमुन्द/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के सेवा मतदाताओं को जारी किए गए इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट (ईटीपीबी) को मतदान उपरान्त वापस प्राप्त किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा इस कार्य हेतु कक्ष क्रमांक 25 कार्यालय कलेक्टर महासमुंद को अधिसूचित किया गया है। ईटीपीबी 3 जून दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किया जाएगा एवं प्रतिदिन प्राप्त ईटीपीबी को दोपहर 3 वीडियोग्राफी एवं अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, प्रतिनिधि की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम जिला कोषालय महासमुंद में सील बंद पेटी में जमा किया जाएगा।

स्थैतिक निगरानी दलों और ड्यूटी स्थल में आंशिक संशोधन

महासमुन्द/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विधानसभा 42-महासमुंद में नियुक्त स्थैतिक निगरानी दलों एवं ड्यूटी स्थल में प्रशासनिक आधार पर संशोधन करते हुए अपर कलेक्टर एवं नोडल स्थैतिक निगरानी दल रवि साहू द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी चेक पोस्ट घोड़ारी-1 (धरम कांटा के सामने) में तीन पालियों में लगाई गई है। जिसमें प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक रामेश्वर देवांगन उप अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं भूषण लाल ठाकुर श्रम निरीक्षक श्रम विभाग ड्यूटी पर रहेंगे। इसी तरह दोपहर 03:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक प्रेमसिंग नवर्गे जिला परियोजना समन्वयक पीएचई तथा रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक नीलेश देवांगन जिला परियोजना समन्वयक पीएचई की ड्यूटी लगाई गई है। तीनों पालियों में एक पुलिस अधिकारी, दो सुरक्षा गार्ड और एक वीडियोग्राफर साथ रहेंगे।

कट्टहा नवागांव में ग्रामीणों ने ली सौ फीसदी मतदान की शपथ

खैरागढ़/नवप्रदेश। स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ब्लाक के शासकीय प्रा. शा.

कट्टहा नवागांव में ग्रामीणो एवं युवाओ के साथ मिलकर स्कूल में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया । स्कूल के प्रधान पाठक रामलाल साहू की अगुवाई में स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों को सौ फीसदी मतदान के लिए प्रेरित करने नियमित रूप से गांव में मतदान करने जाना है, अपना फ़र्ज़ निभाना है के नारे के साथ रैली निकाल लोगो को बिना किसी रोकटोक के मतदान करने प्रेरित करने अभियान जारी है । रैली के दौरान लोगों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व बताने के साथ-साथ जागरूक भी किया जा रहा है ।

राजनांदगांव लोकसभा, चौंकाने वाला होगा कवर्धा का नतीजा

■ **सांसद से नाराज हैं ग्रामीण महंगाई से परेशान हैं लोग**

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को राजनांदगांव लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होना है।

कवर्धा की जनता को सरकार से क्या उम्मीद है और जनता को किस तरह का नेता चाहिए? इस सवाल के जवाब में कवर्धा शहर के लोगों का कहना है कि हर बार नेता मतदाताओं को कई तरह के वादे करते हैं और वोट लेकर जीत हासिल करते हैं। लेकिन सत्ता मिलते ही जनता से किए वादे भूल जाते हैं। इसलिए इस बार जनता बहुत सोच समझकर अपना वोट देने के मूड में दिख रही है। इस बार कवर्धा से आने वाले परिणाम नेताओं को चौंका सकते हैं।

व्यापारी वर्ग अधिक लागत मूल्य से परेशान

कवर्धा के व्यापारियों का कहना है कि समान का दाम इतना बढ़ चुका है कि व्यापार करने में लागत मूल्य अधिक आता है। आज के वक्त में छोटे व्यापारी के लिए ठेला में व्यापार करना मुश्किल हो चुका है। लोग दूसरों के दुकानों और मकानों में काम करते हैं, जिससे उनके घर का चूल्हा जल सके. लोगों की कमाई तो रोजी रोटी चलाने में निकल जाती है, ऐसे में इस तबके के बच्चों को अच्छी शिक्षा और बेहतर जिंदगी नहीं मिलती। जनता आत्मनिर्भर बनने के लिए खुद का व्यापार करना चाहती हैं, लेकिन महंगाई इतनी ज्यादा है कि गरीब लोग खुद का व्यापार नहीं कर पाते।

सांसद के खिलाफ नाराजगी: ग्रामीणों ने कहा कि विधायक तो चुनाव जीतने के बाद कभी कभी गांव आ भी जाते हैं, लेकिन सांसद तो सिर्फ चुनाव में वोट मांगने ही आते हैं. फिर पांच साल देखना भी मुश्किल होता है। तो विकास दूर की बात है। गांव की खस्ताहाल सड़कें और मूलभूत सुविधा के लिए आज भी ग्रामीण तरसते हैं।

महंगाई बड़ा मुद्दा

कवर्धा के मतदाता चाहते हैं कि सरकार देश को शक्तिशाली तो बनाए ही, लेकिन गरीब जनता का ख्याल भी रखे। देश में तेजी से बढ़ती महंगाई ने मध्यम और गरीब वर्ग के लोगों की कमर तोड़ दी है। चावल, दाल, सब्जी, राशन, गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। गरीब जनता को महंगाई से राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने वाली सरकार चाहिए।

लोग इस उम्मीद से वोट करते हैं कि इस बार बेहतर नेता मिलेगा, जो गांव कि स्थिति सुधारेगा। लेकिन हर बार सिर्फ धोखा मिलता है। इस बार बहुत सोच-समझकर नेता चुनेंगे, जो सिर्फ देश की नहीं, बल्कि गांव की स्थिति सुधारे. - स्थानीय ग्रामीण, कवर्धा योजनाओं को लेकर महिलाओं की रायः महिलाओं का कहना है कि आने वाली सरकार महिलाओं के लिए अच्छी योजना लेकर आए. ताकि महिलाएं घर की जिम्मेदारी के साथ दो पैसा कमा सके और घर चलाने में मददगार साबित हों। सरकार ज्यादातर जो योजना बनाती है असल में अमल में नहीं आ पाता। विज्ञापन और बैनर पोस्टर तक ही सीमित रह जाती है. जो योजनाएं आगे बढ़ाई जाती हैं, वह जागरूकता के अभाव और प्रशासन की लापरवाही से जरूरत मंद तक नहीं पहुंचती हैं। ऐसे में जमीनी स्तर पर लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता।

सरकार जो भी योजनाएं बनाएं, वह देश के हर घर तक पहुंचे. तभी इसका सही लाभ मिल पाएगा। कवर्धा के कुछ लोग विकास पुरुष के रूप में नेता चाहते हैं, जो देश के दुश्मन को उखाड़कर फेंक सके। साथ ही पूरी जिम्मेदारी के साथ फैसला ले सके। लोग राष्ट्र की बात करने वाला नेता चुनना चाहते हैं। इसलिए ऐसे लोग नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर पसंद कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीटों पर 3 चरण में मतदान होने हैं. राजनांदगांव लोकसभा सीट में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होने जा रहा है।

लायंस क्लब ऑफ नादंगांव ने नवरात्रि में पदयात्रियों की सेवा की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लायंस क्लब ऑफ नादंगांव के द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर पंचमी के दिन डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाले पदयात्रियों को बागेश्वर धाम मंदिर परिसर में फलों का वितरण किया गया, जिसमें लायंस क्लब ऑफ नादंगांव से लायन डॉ. आनंद वर्गीस, लायन प्रमोद बागड़ी, लायन योगेश गुप्ता, लायन ऋषभ नाहटा, लायन राजेश कोटडिया, लायन आकाश चोपड़ा, लायन नवीन तिवारी, लायन दिनेश अग्रवाल ने अपनी सेवाएं दी। यह जानकारी पीआरओ लायन अशोक श्रीवास्तव ने दी।

विधायक रिकेश सेन के प्रथम कवर्धा आगमन पर सर्व सेन समाज ने किया उत्साह से स्वागत

कवर्धा/नवप्रदेश। सेन समाज के लाडले विधायक रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर भिलाई के प्रथम आगमन पर सेन समाज के सैकड़ों भाई और बहनों ने स्वागत किया। विधायक राकेश सेन के साथ गौरी शंकर श्रीवास राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा भी उपस्थित थे।

कबीरधाम जिला अध्यक्ष मनहरण श्रीवास ने कहा कि रिकेश सेन समाज हित में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। मृदु भाषी, परोपकारी समाज हित में कार्य करने की छवि के कारण उन्हें मौका मिला है। यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है। उनके कार्यों और विचारों से प्रभावित होने के कारण भाजपा ने चुनाव में टिकट दिया। वैशाली नगर की जनता ने अपना प्रतिनिधि चुना। कबीरधाम सर्व नाई सेन समाज के पूर्व अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि पूरा नाई सेन समाज आज भाजपा के समर्थन में है। रिकेश सेन को टिकट देने के लिए भाजपा और पीएम के आभारी हैं।

जिला सचिव अश्वनी श्रीवास ने कहा कि रिकेश सेन और गौरी शंकर श्रीवास समाज हित में कार्य कर रहे हैं। उनकी प्रेरणा से समाज के युवा वर्ग समाज को प्रगति की ओर ले जाने जुटे हुए हैं। इन प्रतिभाओं का जिला स्तर पर सम्मान करने का निर्णय लिया है। इस दौरान मुख्य रूप से दिनेश सेन पूर्व जिला अध्यक्ष मनहरण श्रीवास जिला अध्यक्ष नंदकुमार श्रीवास वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ विजय सेन जिला उपाध्यक्ष , चंद्ररू चंद्रसेन उपाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास जिला सचिव, नंदराम श्रीवास पूर्व जनपद सदस्य बेंदरची , मनहरण सेन जिला कोषाध्यक्ष , कपिल श्रीवास जिला महामंत्री राजेश सेन सेनुल संघ अध्यक्ष कवर्धा होली राम युवा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजा राम श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष कवर्धा डाकेश्वर श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष लोहार तहसील श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष बोडला यशवंत श्रीवास दानेश सेन जिला मीडिया प्रभारी अवधेश श्रीवास सहसचिव भगत श्रीवास पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बोडला गोपाल सेन जी संरक्षक कवर्धा मोनू सेन डेहरी राजेश श्रीवास रामकुमार श्रीवास दुर्गेश श्रीवास रोहित श्रीवास रोहित श्रीवास ब्लॉक सचिव बोडला मुकेश श्रीवास बिहारी श्रीवास नोहर श्रीवास मुन्ना श्रीवास विशंभर श्रीवास विष्णु श्रीवास जलेश श्रीवास नेमीचंद श्रीवास लक्ष्मी चंद श्रीवास शत्रुघ्न श्रीवास तीर्थ नाथ श्रीवास श्री अयोध्या प्रसाद श्रीवास रामानुजन श्रीवास श्री मनोज श्रीवास रामचरण श्रीवास गोविंद श्वास राजेश सेन महेंद्र श्रीवास महेश श्रीवास लखन श्रीवास दुर्गेश श्रीवास राम नारायण श्रीवास

इसी प्रकार महिला प्रकोष्ठ से शैल श्रीवास संगीता श्रीवास उर्मिला श्रीवास गुड्डी श्रीवास लक्ष्मी श्रीवास विद्या श्रीवास लता श्रीवास आदि उपस्थित थे।

खड़खड़िया खेलाने वाले 17 आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला कोंडागांव के माकड़ी थाना व बासकोट चौकी क्षेत्र में खड़खड़िया खेलाने वाले को किया गिरफ्तार कर जुआड़ियों के कब्जे से महिन्द्रा बोलेरो नगदी रकम एवं खड़खड़िया खेलाने की सामग्री को किया गया जप्त। माकड़ी थाना निरीक्षक विनोद साहू ने बताया कि शनिवार 13 अप्रैल को पुलिस ने मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी सुरेन्द्रो हरिजन पिता बुधराम हरिजन (43), बाली शांता पिता असाढ़ू शांता (35) साकिनान डोंडेसरा थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर ओडिशा को खड़खड़िया खेलाते रंगे हाथों पकड़कर उसके कब्जे से एक महिन्द्रा बोलेरो नगदी रकम 7000 रूपये एवं खड़खड़िया खेलाने पर्दा बॉस का टोकना एवं गोटी को जप्त किया गया है। बांसकोट पुलिस ने चौकी बांसकोट क्षेत्रान्तर्गत ग्रामों में खडखडिया खेलाने वाले 15 लोगों के खिलाफ छ0ग0 जुआ ;प्रतिशेधद्ध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत किया कार्यवाही कर दो महिन्द्रा बोलेरो एक मोटरसायकल नगदी रकम 23000 रूपये एवं खडखडिया खेलाने का सामग्री को जप्त किया गया।

कलेक्टर, डीएफओ सहित जिला अधिकारियों ने 2 किमी पैदल चलकर दिया मतदान का संदेश

■ **मिनी स्टेडियम में अनिवार्य मतदान के लिए हजारों लोगों ने ली शपथ**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अनिवार्य मतदान को लेकर कलेक्टर प्रभात मलिक, वनमंडल अधिकारी पंकज राजपूत सहित जिला अधिकारी और कर्मचारियों ने वॉकथान में भाग लेकर लगभग 2 किलोमीटर पैदल चलते हुए मतदाता जागरूकता के लिए संदेश दिया। इस दौरान महासमुंद के मिनी स्टेडियम में सभी एकत्रित हुए और कलेक्टर द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि जिले में मतदान की प्रति उत्साह को देखते हुए इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। यहां लोग मतदान के प्रति जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक वोट की कीमत पहचानी होगी तभी लोकतंत्र स्वस्थ और समृद्ध रहेगा। आज यहां मिनी स्टेडियम में हजारों लोगों ने शपथ ली और संकल्प पत्र भरे हैं इसका सकारात्मक प्रभाव मतदान के दौरान आवश्यक दिखेगा। उन्होंने जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना की और जिले वासियों से अनिवार्य मतदान के लिए अपील भी की।

वनमंडल अधिकारी पंकज राजपूत ने कहा कि महासमुंद के लोग हमेशा से ही जागरूकता का परिचय देते हैं, आज फिर जागरुक होकर मतदान करने की आवश्यकता है। हमें पिछले मतदान के रिकॉर्ड को ध्वस्त करना है। उन्होंने आज के इस आयोजन के लिए बधाई दी। कलेक्टर, वन मंडल अधिकारी सहित जिलाधिकारी और अलग-अलग विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने मिनी स्टेडियम से कॉलेज रोड होते हुए बरोंडा चौक, सातबहनिया चौक, गांधी चौक, नेहरू चौक होते हुए वापस मिनी स्टेडियम पहुंचे, जहां पुनः मतदान की शपथ ली गई।

सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो आब्जर्वर की ली बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने जिले में नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर अपने नाम के अनुसार कार्य करता है अर्थात उसे मतदान दिवस पर मतदान दलों के कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण करना होगा। इसके लिए यह जरूरी है कि उन्हें मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान दल का सदस्य नहीं होता इसलिए उसके कार्यों में सहायता या हस्तक्षेप नहीं कर सकता। लेकिन यदि पीठासीन अधिकारी से कोई चुक हो रही हो तो उसे सलाह अवश्य देना चाहिए जिससे मतदान का कार्य बिना किसी त्रुटि के सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने अंतर्राज्यीय व अंतर जिला चेकपोस्ट की स्थिति देखी

महासमुन्द/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद 9 संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने रविवार 14 अप्रैल को बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लारीपुर ,ढोढरकसा और किशनपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां तैनात एसएसटी टीम से जानकारी लेकर संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए और किसी भी तरह के अवैध परिवहन और निकासी पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर नोटिस

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने रविवार 14 अप्रैल को चुनावी कामकाज में लापरवाही बरतने के चलते दो अधिकारी सहित एक कर्मचारी को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर जवाब तलब करने के आदेश दिए हैं। जिसमें जनपद पंचायत सीईओ एमएल मंडावी,बलौदाबाजार नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी, नगर पालिका परिषद राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनी शामिल है। उप जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत सीईओ एमएल मंडावी द्वारा एसएसटी टीम के लिए मूलभूत व्यवस्था नही करने, बलौदाबाजार नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी निर्धारित ड्यूटी स्थल स्ट्रांग रूम में नही पहुंचने,रिर्पोट नही देने एवं नगर पालिका परिषद राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनी ड्यूटी स्थान में उपस्थित होकर भी कार्य नही करने पर सख्त चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किया गया है। उक्त सभी नोटिस लोकसभा व्यय प्रेक्षक के निर्देश पर कलेक्टर द्वारा जारी किया है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत स्थैतिक निगरानी दल (ैज) का गठन किया गया है। उक्त दल के द्वारा लोकसभा निर्वाचन के अनुक्रम में जिले के विभिन्न चेक पोस्ट पर वाहनों एवं अन्य माध्यमों से हो रहे अवैध परिवहन की जांच की जाती है। स्थैतिक निगरानी दलों के लिए चेक पोस्ट पर आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी जनपद सीईओ की थी। पर व्यय प्रेक्षक लोकसभा क्षेत्र कमांक 08-रायपुर द्वारा भ्रमण के दौरान डोटोपार में स्थैतिक निगरानी दल (ैज) को पेड़ की छाया में बैठकर ड्यूटी करते पाया गया। निर्देशित किये जाने के उपरांत भी आज दिनांक तक जनपद सीईओ मंडावी द्वारा स्थैतिक निगरानी दल के लिए छाया,पानी, स्टॉपर इत्यादि की व्यवस्था नहीं की गई।

नवरात्रि की अष्टमी पर आज होगी हवन पूजन के साथ आराधना

खैरागढ़ । नवरात्रि पर्व पर आज देवी मंदिरों मे सुबह से अष्टमी हवन की तैयारी है । शहर सहित ग्रामीण इलाकों मे विभिन्न देवी मंदिरों मे अष्टमी हवन मे हजारो भक्त शामिल होंगें। शहर के रियासत कालीन दंतेश्वरी मंदिर, ईतवारीबाजार स्थित शीतला मंदिर, महामाया, बम्लेश्वरी मंदिर, दाउचौरा के शीतला मंदिर, धरमपूरा स्थित शनिधाम सहित विभिन्न देवी मंदिरों मे दोपहर बाद अष्टमी हवन प्रारंभ होंगें । इन देवी मंदिरों मे भक्तों के मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किए गए है । ग्रामीण क्षेत्रों मे विभिन्न देवी मंदिरों मे भी दोपहर बाद अष्टमी हवन की तैयारी की गई है । इस दौरान मंदिर परिसर मे भक्तों की भीड़ और उपस्थिति को देखते विभिन्न तैयारी की गई है । मौसम बिगडनें सहित अन्य स्थिति मे भी हवन कराए जाने व्यापक तैयारियाँ की गई है । अष्टमी हवन के साथ देवी मंदिरों के साथ साथ घरों मे कन्या भोजन का आयोजन भी होगा ।

नवमी को होगा ज्योत जंवारा विसर्जन

आज अष्टमी हवन के साथ ही देवी मंदिरों मे जलाए गए मनोकामना ज्योत के विसर्जन की तैयारी शुरू की जाएगी । इसके लिए भी व्यापक तैयारी की जा रही है । शहर के देवी मंदिरों के ज्योति कलश मंदिर परिसर मे ही विसर्जित किए जाते है । घरों मे विराजित और जलाए गए ज्योति कलश की शहर के विभिन्न नदियों मे जंवारे के साथ विसर्जन प्रक्रिया पूरी की जाएगी ।

संकल्प पत्र — हमारा संकल्प पत्र हमारे लिए संविधान की तरह पवित्र दस्तावेज़ होता है

हमारा संकल्प पत्र भारतीय लोकतंत्र के प्रति भरोसे का, भारत के भविष्य का सुनहरा रोड मैप

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा द्वारा रविवार 14 अप्रैल को जारी संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कांकेर लोकसभा के भाजपा नेताओं ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र हमारे लिए संविधान की तरह पवित्र दस्तावेज़ होता है। पिछले दस वर्षों में हमने यह साबित किया है कि भाजपा अपने घोषणा पत्र के एक-एक शब्द पर अमल करती है, जैसा हमने मोदी जी की गारंटी में करके दिखाया है। ख़ासकर पिछले दस वर्षों में मोदी जी ने जो किया है वह विश्वास बहाली का नया अध्याय है।

विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि असम से लेकर बंगाल और तमिलनाडू तक देश भर में अलग-अलग रूपों में त्यौहार मनाया जा रहा है। कहीं नव वर्ष की चर्चा है, तो कहीं वैसाखी की धूम है। उन्होंने कहा कि आज देवी उपासना का पर्व नवरात्र का भी छठा दिन, माता कात्यायनी का भी दिन है। और जैसा कि पीएम मोदी ने कहा भी कि कात्यायनी माता के दोनों हाथों में कमल है।

सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती भी है और इस पवित्र अवसर पर भाजपा ने आज अपना संकल्प पत्र 'मोदीकी गारंटी' के रूप में प्रस्तुत किया है। वास्तव में यह घोषणा पत्र भारतीय लोकतंत्र के प्रति भरोसे का, विश्वास बहाली का, भारत के भविष्य का एक सुनहरा रोडमैप है। मेरा यह सौभाग्य है कि इस संकल्प पत्र में मुझे भी सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदान किया है।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि 2014 और 2019 का हमारा संकल्प पत्र हमारा ऐसा विजन डॉक्युमेंट था जिस पर लोगों को सहज विश्वास नहीं होता था, लेकिन पिछले दस वर्ष ने यह साबित किया है कि भाजपा अपने द्वारा घोषित घोषणा पत्र के एक-एक शब्द पर अमल करती है।

24 बिंदुओं पर आधारित

लोकसभा संयोजक भरत मटियारा ने कहा कि 2024 का यह घोषणा पत्र 24 बिन्दुओं पर आधारित है। कुल 76 पेज का यह घोषणा पत्र आजादी के 75 वर्ष के बाद का आधुनिक भारत के भविष्य का निर्माण करने वाला घोषणा पत्र है। इसमें 24 स्तंभों में से 10 सामाजिक और 14 आर्थिक स्तंभ है।

युवा भारत का प्रतिविंब

भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा यह युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिविंब है। महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव माताओं-बहनों के उत्थान के लिए संकल्पित रही है. हमने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू कर माताओं के सम्बल को बढ़ाया है। आज दस करोड़ महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। उन्हें हम अब आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन आदि के लिए ट्रेनिंग देंगे। आज साइकिल भी चलने जानने वाली महिलाएँ ड्रोन पायलट बन रही हैं। यह मोदी की गारंटी है।

बसना और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सीलिंग दलों का प्रशिक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए ईवीएम को सीलिंग कर तैयार करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा विधानसभावार अलग-अलग दलों का गठन किया गया है। जिसमें से बसना और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सीलिंग दलों को जिला मुख्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर रवि साहू , एसडीएम बागबाहरा श्रीमती सृष्टि चंद्राकर , एसडीएम बसना रविराज ठाकुर उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपीएटी को तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में इस बार नोटा सहित कुल 18 अभ्यर्थी हैं इसलिए प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए दो - दो बैलेट यूनिट तैयार किया जाना है। पहले बैलेट यूनिट में एक से लेकर सोलह तक के अभ्यर्थियों का मतपत्र लगाया जाएगा तथा उसके थंब व्हील को जीरो वन पर सेट करना होगा। इसी तरह दूसरे बैलेट यूनिट में सत्रह और अठारहवें नंबर का अभ्यर्थी जो कि नोटा होता है, उनका मतपत्र लगाया जाएगा तथा उसके थंब व्हील को जीरो टू पर सेट करना होगा। इसके बाद कंट्रोल यूनिट में बैटरी तथा वीवीपीएटी में बैटरी और पेपर रोल लगाकर उन्हें भी तैयार करना होगा।

उन्होंने मशीनों को आपस में जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बैलेट यूनिट नंबर दो का केबल बैलेट यूनिट वन से, बैलेट यूनिट वन का केबल वीवीपीएटी से तथा वीवीपीएटी का केबल कंट्रोल यूनिट में जाकर लगेगा। इसके बाद माकपोल करना होगा। माकपोल के बाद कंट्रोल यूनिट से मतों को डिलीट करना तथा वीवीपीएटी के ड्राप बाक्स को खाली भी करना होगा।

एक बार फिर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका

पेट्रोल डीजल हो सकता है मंहगा

नई दिल्ली। 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमला किया। ईरान ने 12 दिन बाद यानी इसके जवाब में इजराइल पर 300 मिसाइलों और ड्रोन से अटैक कर दिया। मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते इंटरनेशनल ऑयल मार्केट में क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़ सकती हैं। अगर ऐसा हुआ तो इसका सीधा असर भारतीयों की जेब पर पड़ सकता है।

ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला करने से एक दिन पहले ओमान की खाड़ी में होर्मुज पास से गुजर रहे एक जहाज पर कब्जा कर लिया था। दुनिया के 20त्न तेल की सप्लाई इसी होर्मुज पास से होती है। यहां ईरान की कई सौ बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें तैनात हैं।

दोनों देशों में विवाद बढ़ा तो इजराइल इस इलाके से जहाजों की आवाजाही रोक देगा। ईरान स्वेज नहर को भी ब्लॉक करने की धमकी दे चुका है। द इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक स्वेज नहर से हर दिन 5.5 मिलियन बैरल से ज्यादा क्रूड ऑयल की सप्लाई होती है। वित्त वर्ष 2023 में भारत का 65त्न क्रूड ऑयल स्वेज नहर के रास्ते से आया था। स्वेज नहर और होर्मुज पास में किसी भी तरह की

रुकावट तेल की सप्लाई का बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा। इन सब अटकलों के बीच तेल के बाजार पर इसका असर दिखाई देने लगा है। ईरान और इजराइल में तनाव की शुरुआत 1 अप्रैल को हुई थी। तब से अब तक क्रूड ऑयल के दाम 80 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 90 डॉलर प्रति बैरल हो चुके हैं।

अमेरिकी थिंक टैंक %सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज% के मुताबिक अगर तनाव कम नहीं हुआ तो तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल भी जा सकते हैं। एनर्जी पॉलिसी और जियोपॉलिटिक्स एक्पसपर्ट नरेंद्र तनेता बताते हैं कि ऑयल पूरी दुनिया में एक राजनीतिक कमोडिटी है। सारा तेल मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) से आता है। यहां बड़े-बड़े तेल उत्पादक देश जैसे सऊदी अरब, कुवैत, ओमान और UAE हैं।

1. डिमांड और सप्लाई- इस वक्त तेल की डिमांड और सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं है। मांग से ज्यादा बाजार में तेल उपलब्ध है। ऐसे में तेल की कीमत ऊपर जाने की संभावना कम है। हालांकि, अगर ईरान ने होर्मुज पास पर किसी तरह से सप्लाई रोकने की कोशिश की तो सप्लाई चेन डिस्टर्ब होने से क्रूड ऑयल की कीमत तेजी से बढ़ सकती है।

2. जियोपॉलिटिक्स- फिलहाल तेल की कीमत में जियोपॉलिटिक्स अहम भूमिका में दिख रही है। जबसे ईरान और इजराइल में तनाव बढ़ा है तभी से तेल की कीमतें ऊपर जा रही हैं। मार्केट कुछ बड़ा हो जाने के डर में है।

बाजार में जो तेल की कीमतों पर असर डालते हैं

1. अंदाजा लगाने वाले यानी स्पैक्युलेटर्स- ये जरा सा तनाव होने पर भी ओवर रिएक्ट करते हैं, जिससे बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने लगती हैं।
2. परिस्थितियों को समझने वाले लोग- ये एकाएक तेल की कीमत बढ़ने की बात नहीं कहते हैं। ये पहले सिचुएशन का एनालिसिस करते हैं।इनके मुताबिक अभी की परिस्थिति में ईरान पूरा युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं है। इजराइल पहले से ही गाजा में जंग लड़ रहा है। ऐसे में दोनों देश आपस में लंबी-चौड़ी जंग नहीं लड़ेंगे। इसलिए तेल की कीमत पर थोड़ा बहुत उछाल होगा, लेकिन ज्यादा बढ़ने की संभावना नहीं है। ये तनाव बड़ी जंग में तब्दील होगा, ऐसा मुझे नहीं लगता है। फिलहाल जो भी चल रहा है वो साइकोलॉजिकल वॉरफेयर है। ऐसे में जब तक इजराइल जवाबी कार्रवाई नहीं करता है तब कुछ भी कहना मुश्किल है।

हेल्थ ड्रिंक्स के नाम पर बेचे जा रहे उत्पादों को लेकर सरकार सख्त

नई दिल्ली। बच्चों की ग्रोथ बढ़ाने का दावा करने वाले बॉर्नविटा जैसे तमाम हेल्थ ड्रिंक्स बाजार और ई-कॉमर्स वेबसाइट्स पर उपलब्ध हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि ऐसे हेल्थ ड्रिंक्स वाकई में आपके बच्चों के लिए सेहतमंद हैं या नहीं? अब, भारत सरकार ने हेल्थ ड्रिंक्स के नाम पर बेवरेज बेचने को लेकर ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

दरअसल, बाजार में अब बॉर्नविटा जैसे तमाम ड्रिंक्स ई-कॉमर्स साइट पर हेल्थ ड्रिंक्स के नाम से नहीं बेचे जा सकेंगे। हेल्थ ड्रिंक्स पर उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें बताया गया है कि बॉर्नविटा और दूसरे बेवरेज को हेल्थ ड्रिंक्स कैटेगरी में नहीं रखा जाए।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को वेबसाइट से बॉर्नविटा सहित सभी बेवरेज को 'हेल्थ ड्रिंक्स कैटेगरी' से हटाने को कहा है। एडवाइजरी में बताया गया है कि विभाग के संज्ञान में आया है कि बॉर्नविटा सहित कुछ पेय पदार्थों को ई-कॉमर्स साइटों और प्लेटफार्म्स पर 'हेल्थ ड्रिंक' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने अपनी जांच के बाद पाया कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स कानून के तहत 'हेल्थ ड्रिंक्स' की कोई परिभाषा नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए ई-कॉमर्स कंपनियों और वेबसाइट्स को सलाह दी जाती है कि वे अपने प्लेटफॉर्म्स से बॉर्नविटा सहित बेवरेज को 'हेल्थ ड्रिंक्स' की कैटेगरी से हटा दें।मालूम हो कि एनसीपीसीआर ने चिट्ठी लिखकर बॉर्नविटा जैसे तमाम हेल्थ ड्रिंक्स और बेवरेज को बच्चों की हेल्थ के लिए नुकसानदेह बताया था। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जांच रिपोर्ट आने के बाद डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) ने चिट्ठी लिखकर एडवाइजरी जारी की है।

ईरान-इजरायल के बीच तनाव से शेयर बाजार क्रैश, सेंसेक्स 900 अंक टूटा

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट के साथ कारोबार की शुरुआत हुई। शेयर बाजार के दोनों इंडेक्स सेंसक्स और निफ्टी लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 929.74 अंक गिरकर 73,315.16 पर और निफ्टी 216.9 अंक गिरकर 22,302.50 पर आ गया।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि कई प्रतिकूल परिस्थितियां हैं जिनका असर सोमवार को बाजार पर पड़ रहा है, जिसमें मध्य पूर्व में नए सिरे से संघर्ष, भारत-मॉरीशस कर संधि में प्रस्तावित बदलाव और अमेरिका में मुद्रास्फीति दर का बढ़ना शामिल है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को सावधान रहना होगा क्योंकि इस तरह की तनावपूर्ण स्थिति के दौरान

अनिश्चितता अधिक होती है। उन्होंने कहा, टीसीएस के उम्मीद से बेहतर आंकड़ों और वित्त वर्ष 25 के लिए आशाजनक परिदृश्य के कारण आईटी शेयर मजबूत रहेंगे। बैंकिंग शेयर भी मजबूती दिखाएंगे क्योंकि नतीजे अच्छे होंगे और वैलुएशन ठीक ठाक है।

बायजू पर एक और संकट सीईओ अर्जुन मोहन ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। सात माह पहले एडटेक फर्म बायजू के सीईओ बनाए गए अर्जुन मोहन ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। सोमवार को कंपनी ने यह जानकारी दी। मोहन के इस्तीफे के बाद कंपनी के सह-संस्थापक और सीईओ बायजू रवींद्रन कंपनी के दैनिक कामकाज को संभालेंगे। रवींद्रन ने कहा, मोहन ने चुनौतीपूर्ण दौर में कंपनी को आगे बढ़ाया। हम उनके आभारी हैं। कंपनी ने अब अपने व्यवसाय को द लर्निंग ऐप, ऑनलाइन क्लासेस और ट्यूशन सेंटर व टेस्ट-प्रीप तक सीमित कर लिया है। कंपनी ने कहा कि इनमें से प्रत्येक इकाई को अलग-अलग लोग संचालित करेंगे। रवीन्द्रन के अनुसार, यह पुनर्गठन बायजूस 3.0 की शुरुआत का प्रतीक है। नकदी संकट का सामना कर रही एडटेक कंपनी ने पिछले साल सितंबर में मोहन को अपने भारतीय परिचालन के सीईओ के रूप में पदोन्नत किया था।

एक्स का भारत में 2 लाख खातों पर प्रतिबंध

नई दिल्ली। एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स कॉर्प ने 26 फरवरी से 25 मार्च के बीच भारत में रिकॉर्ड 2,12,627 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया, जो ज्यादातर बाल यौन शोषण और गैर-सहमति नग्नता को बढ़ावा देने के लिए थे। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में अपने प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,235 खातों को भी हटा दिया। कुल मिलाकर, एक्स ने देश में समीक्षाधीन अवधि में 213,862 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया।

एक्स ने नए आईटी नियम, 2021 के अनुपालन में अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि उसे अपने शिकायत निवारण तंत्र के जरिए एक ही समय-सीमा में भारत में उपयोगकर्ताओं से 5,158 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके अलावा, एक्स ने 86 ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई की, जिनमें खाता निलंबन के खिलाफ अपील की गई थी। कंपनी ने कहा, स्थिति की बारीकियों की समीक्षा करने के बाद हमने इनमें से 7

खातों के निलंबन को पलट दिया। बाकी रिपोर्ट किए गए खाते निलंबित रहेंगे। इसमें कहा गया है, हमें इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान खातों के बारे में आम सवालों से संबंधित 29 अनुरोध मिले। भारत से ज्यादातर शिकायतें (3,074) प्रतिबंध को टालने के बारे में थीं। इसके बाद संवेदनशील वयस्क सामग्री (953), घृणित आचरण (412) और दुर्व्यवहार/उत्पीड़न (359) थीं। एक्स ने 26 जनवरी से 25 फरवरी के बीच भारत में 5,06,173 अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में अपने प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले 1,982 खातों को भी हटा दिया।

खेल, मनोरंजन

चेन्नइयन एफसी पर श्रेष्ठता कायम करने उतरेगी एफसी गोवा

फतोर्दा। आईएसएल 2023-24 सीजन अपने क्लाइमैक्स के नजदीक पहुंच रहा है और एफसी गोवा व चेन्नइयन एफसी शाम 7-30 बजे (भारतीय समयानुसार) फतोर्दा में श्रेष्ठता कायम करने के लिए भिड़ेंगी।

दोनों टीमों की नजरें अपने-अपने लक्ष्यों पर हैं, लिहाजा इस मैच बेहद कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। एफसी गोवा को दूसरे स्थान की तलाश- गौर्स तालिका में प्रतिष्ठित दूसरे स्थान पर पहुंचने के लिए पूरी एकाग्रता के साथ मैच में उतरेंगे। उनके 21 मैचों में 42 अंक हैं। चेन्नइयन एफसी पर जीत और फिर अंतिम लीग मैच में मोहन बागान सुपर जायंट की हार गौर्स को शीर्ष-दो में पहुंचा सकती है, जिससे उन्हें प्लेऑफ से पीछा छुड़ाकर सीधे सेमीफाइनल में जगह मिल जाएगी।चेन्नइयन एफसी का लक्ष्य प्लेऑफ के लिए लय- मरीना मचान्स जीत की फॉर्म के साथ फतोर्दा स्टेडियम में पहुंचेंगे, क्योंकि वे प्रभावशाली प्रदर्शन करके प्लेऑफ की छठी टीम बने हैं। उन्होंने पिछले पांच मैचों में चार जीत हासिल करके लीग के टॉप सिक्स में अपनी स्थिति मजबूत की है। प्लेऑफ करीब है, मरीना मचान्स का लक्ष्य अपनी जीत की लय बरकरार रखना और एफसी गोवा पर दबदबा कायम करना है।

क्या है दांव पर एफसी गोवाएफसी गोवा ने चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपने पिछले पांच लीग मैचों में से चार जीते हैं। इनमें से प्रत्येक जीत में उन्होंने क्लीन शीट बरकरार रखी है। उन्होंने मरीना मचान्स के खिलाफ अपने पिछले 13 मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। दोनों के बीच आईएसएल में प्रतिद्वंद्विता

ऐतिहासिक रही है, जिसमें एफसी गोवा ने चेन्नइयन एफसी पर 48 गोल किए हैं, जो लीग में किसी एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ किसी टीम के सबसे अधिक गोल हैं। वहीं, मरीना मचान्स ने गौर्स पर 39 गोल दागे हैं, जो लीग में एफसी गोवा के खिलाफ किसी टीम के सबसे अधिक गोल हैं। क्या इस महत्वपूर्ण मुकाबले में गोल-वर्षा की देखने को मिलेगी?

चेन्नइयन एफसी चेन्नइयन एफसी ने अपने पिछले तीन आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में कम से कम दो या अधिक गोल किए हैं। ओवेन कॉयल ने अपनी टीम को बाधाओं पर विजयी होकर प्लेऑफ में पहुंचने के लिए प्रेरित किया है, लेकिन आगामी मुकाबला उनके सामने कड़ी चुनौती होगा। मैनोलो मार्कुएज के खिलाफ कॉयल की जीत की दर 20 प्रतिशत है, जो आईएसएल में किसी भी मैनेजर के खिलाफ उनकी सबसे कम जीत है, जिसके साथ उन्होंने कम से कम तीन बार मुकाबला किया हो।

इन दोनों रणनीतिकारों ने अलग-अलग टीमें तैयार की हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि मार्कुएज ऐसा विचार लेकर आए हैं जो कॉयल के मचान्स को मुश्किल में डाल सकता है। चेन्नइयन एफसी जॉर्डन मरे की हवाई क्षमता पर भरोसा करेगी, जिन्होंने आईएसएल 2023-24 में प्रति 90 मिनट में छह हवाई द्वंद्व जीते हैं।

फुले नया मोशन पोस्टर जारी प्रतीक-पत्रलेखा का दमदार लुक

प्रतीक गांधी इन दिनों अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।इसके अलावा प्रतीक आने वाले दिनों में हंसल मेहता की वेब सीरीज गांधी में महात्मा गांधी की भूमिका में नजर आएंगे। महाराष्ट्र के महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की जयंती के अवसर पर उनकी बायोपिक फिल्म फुले का नया मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है. यह सीरीज इसलिए खास है क्योकि इसमें प्रतीक अपनी पत्नी भामिनी ओझा के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करने वाली हैं।गांधी में वह कस्तूरबा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी।

प्रतीक और भामिनी असल जिंदगी में पति-पत्नी हैं और गांधी में भी पति-पत्नी (गांधी- कस्तूरबा) के किरदार में दिखाई देंगे।भामिनी ने खुशी जताते हुए कहा, मेरे लिए यह किसी सपने के सच होने जैसी बात है। मैं और प्रतीक एक साथ एक सीरीज में वो भी पति-पत्नी की भूमिका निभाएंगे। इससे ज्यादा खुशी की बात और क्या हो सकती है।इस सीरीज में राजकुमार राव की पत्नी-अभिनेत्री पत्रलेखा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। प्रतीक गांधी अपनी आगामी सीरीज गांधी को लेकर बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। प्रतीक इस शो में महात्मा गांधी की भूमिका में दिखाई देंगे। प्रतीक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपनी पत्नी भामिनी की तस्वीर को साझा करते हुए लिखा है, एक कलाकार के तौर पर मैं भामिनी को थियेटर के दिनों से जानता हूं। मैं उनके सफर का साक्षी रहा हूं। अब हम एक साथ काम करने वाले हैं

यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मैं भामिनी के लिए बेहद खुश हूं। मैं इस दिन का कब से इंतजार कर रहा था जब उन्हें उनकी क्षमता वाले किरदार मिले और वे उस किरदार के साथ न्याय कर सकें। मैं उन्हें कस्तूरबा के किरदार में देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हंसल मेहता अप्लॉज एंटरटेनमेंट टीम के साथ मिलकर गांधी का निर्माण कर रहे हैं। हंसल कहते हैं, भामिनी एक जबरदस्त अभिनेत्री हैं। मुझे लगता है वे कस्तूरबा के चरित्र को परदे पर बेहद खूबसूरती के साथ निभा पाएंगी। वहीं अप्लॉज एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक समीर नायर कहते हैं, वास्तविक जीवन के जोड़े प्रतीक और भामिनी को मोहन और कस्तूरबा के रूप में लेने का निर्णय हमने इसलिए किया क्योंकि ये दोनों असल जिंदगी में भी पति-पत्नी हैं और यह बात सीरीज को हकीकत के और नजदीक लाएगी। आपको बताते चलें यह सीरीज मशहूर इतिहासकार और लेखक रामचंद्र गुहा की किताब गांधी बिफोर इंडिया और गांधी-द इयर्स दैट चेंज्ड द वर्ल्ड पर आधारित होने वाली है।

तेज हुई मैदान की रफ्तार, फिल्म की कमाई में उछाल

अमित शर्मा के निर्देशन में बनी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान को रिलीज हुए तीन दिन हो गए हैं और यह मूवी धीरे-धीरे कर कमाई के मामले में आगे बढ़ रही है। इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया है और साथ ही अजय देवगन के अभिनय की तारीफ भी की है। फिल्म में अभिनेता ने फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम का किरदार निभाया है। यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज हुई है। फिल्म की घोषणा के समय से ही फैंस इस मूवी का इंतजार कर रहे थे। इसके बाद फिल्म के ट्रेलर ने लोगों में और एक्साइटमेंट भर दी। अब मैदान के तीसरे दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। चलिए जानते हैं फिल्म ने कितनी कमाई कर ली है। अजय देवगन और प्रियमणि स्टारर इस फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर 4.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके बाद शुक्रवार को इस फिल्म ने 3 करोड़ रुपये कमाए। अब तीसरे दिन यानी शनिवार को इसकी कमाई में उछाल देखने को मिला है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, मैदान मूवी ने तीसरे दिन अभी तक 5.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। हालांकि, यह अभी शुरुआती आंकड़े ही हैं, इनमें बदलाव हो सकता है। अगर देखा जाए तो इस मूवी ने अभी तक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 15.6 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है। इस फिल्म की कहानी साल 1952 से शुरू होती है, उस साल में भारतीय फुटबॉल टीम हार जाती है और इस हार का ठीकरा सैयद अब्दुल रहीम पर फोड़ दिया जाता है। इसके बाद सैयद 1956 में मेलबर्न में होने वाले ओलंपिक के लिए खुद टीम का चुनाव करते हैं और देशभर से बेस्ट खिलाड़ियों को टीम में शामिल करते हैं। हालांकि, टीम ओलंपिक में चौथे स्थान तक पहुंचती है। इसके बाद क्या होता है इसके लिए तो फिल्म देखना बनता है।

शिमरोन की शानदार बल्लेबाजी से राजस्थान रॉयल्स की जीत

मुल्लांपुर। महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2024 के मैच में राजस्थान रॉयल्स के लिए मुश्किल समय में शिमरोन हेटमायर ने 10 गेंदों में नाबाद 27 रनों की शानदार पारी खेली। कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर बनी रही। पीबीकेएस को 20 ओवरों में 147/8 पर सीमित करने के बाद आरआर टीम तब मुश्किल में पड़ गई, जब रियान पराग के गिरने के बाद हेटमायर आए और ध्रुव जुरेल को भी आउट होते देखा। बढ़ते दबाव में हेटमायर ने एक गेंद शेष रहते आरआर को लाइन पर लाने के लिए विजयी चौका सहित तीन छक्के लगाए। दोनों टीमों के बीच आखिरी ओवर के एक और मुकाबले में आरआर को करीबी जीत दिलाने में रोवमैन पॉवेल ने भी पांच गेंदों में महत्वपूर्ण 11 रन बनाकर उनकी मदद की। 148 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए टी20 में पहली बार सलामी बल्लेबाज के रूप में खेल रहे तनुश कोटियन ने अर्शदीप सिंह की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर कट लगाकर शानदार शुरुआत की और तेज गेंदबाज की गेंद पर एक और चौका लगाया। दूसरे छोर से यशस्वी जयसवाल ने अपने फ्लिक को सही समय पर चलाया और दो चौके लेने के लिए अच्छी ड्राइव की।हालांकि कोटियन को कैगिसो रबाडा को मिड-ऑन पर चार रन के लिए आउट करने के बावजूद आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जयसवाल ने सैम कुरेन की गेंद को काट दिया और मिसफील्ड के कारण उन्हें दो चौके लेने में भी मदद मिली। आरआर ने पहली बार आईपीएल 2024 के पावर-प्ले में एक भी विकेट नहीं खोया। संजू सैमसन ने लिविंगस्टोन की गेंदों पर छक्के और चौके लगाकर आरआर के लक्ष्य का पीछा करने में सकारात्मक भूमिका निभाई।

पलक ने शूटिंग में जीता 20वां ओलंपिक कोटा

दिल्ली। भारतीय शूटर पलक गुलिया ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ISSF फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में भारत के लिए 20वां पेरिस ओलिंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता।18 साल की पलक ने 217.6 का स्कोर किया। वहीं आर्मेनिया की एल्मिरा करापेटियन ने 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जबकि थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा ने 240.5 के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय शूटर सान्याम 176.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। फाइनल में पलक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वहीं थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा और हंगरी की मेजर वेरोनिका ने ओलिंपिक कोटा के लिए हो

रही प्रतियोगिता में शुरुआत में ही अच्छी बढ़त बना ली।हालांकि, दबाव के बाद भी पलक ने वापसी करते हुए एलिमिनेशन स्टेज के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। वेरोनिका को पांचवें राउंड में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा।वहीं पहले स्थान पर रही एल्मिरा करापेटियन पहले ही ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुकी थी, ऐसे में सिल्वर जीतने वाली साएंचा और ब्रॉन्ज जीतने वाली पलक को ओलिंपिक कोटा मिल गया।

न्यूज गैलरी

पुरानी रंजिश के चलते महिला से मारपीट

रायपुर/नवपद्रश। बंजारी नगर केंद्रीय विद्यालय के पास पुरानी रंजिश के चलीते तीन लोगों ने एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया हर्षिता मानिकपुरी 26 वर्ष बंजारी नगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी भागीरथी देवदास, रमेश व बिरित बाई ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवपद्रश। सेक्टर 3 उदिया सोसायटी आमानाका में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आलेख भोई 25 वर्ष सेक्टर 3 उदिया सोसायटी आमानाका का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 07 एएक्स 2321 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 25 गिरफ्तार

रायपुर/नवपद्रश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने अमलीडीह शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी बादल कुमार दानी 45 वर्ष व इस्टीव रोडरिक्स 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी विष्णू साहू 40 वर्ष, भगवान दास 40 वर्ष, हेमलाल ध्रुव 35 वर्ष, राजेश 25 वर्ष, सतीश साहू 22 वर्ष, लाला नरेंद्र ओझा 31 वर्ष, रतन धृतलहरे 58 वर्ष, भावेश साहू 29 वर्ष, अनिरूद्ध साहू 29 वर्ष, दिवाकर मिश्रा 25 वर्ष, महावीर निषाद 21 वर्ष, अतुल भाई 55 वर्ष, मनीराम नायक 30 वर्ष, रिषभ राज 23 वर्ष, किशोर साहू 34 वर्ष, विजय कुमार विश्वकर्मा 34 वर्ष, धर्मेन्द्र कुमार मिरी 34 वर्ष, राहुल नेताम 23 वर्ष व संजय यदु 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब बेचते 4 धरे गए

रायपुर/नवपद्रश। राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 103 पाव देशी शराब, बिक्री रकम 670 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने ग्राम नकटी रोड किनारे अवैध शराब के साथ आरोपी साधुराम टंडन 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 23 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने ग्राम सेमरिया मेन रोड के पास आरोपी भेखूराम साहू 45 वर्ष व सूरज सेन 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 35 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 370 रुपए जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र सिसोदिया 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

मोबाइल चोरी करने वाले तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

धमतरी/नवपद्रश। जिले के साइबर व कोतवाली पुलिस की टीम ने मोबाइल चोरी करने वाले तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 नग मोबाइल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम अंबेडकर चौक धमतरी के पास पहुंचा और घेराबंदी कर तीनों को पकड़कर पुछताछ किए, तो अपना नाम संजय गोरा 20 वर्ष, गजेन्द्र बांधे 19 वर्ष व राज कोशले 19 वर्ष बताया। तीनों आरोपी डाक बंगला धमतरी के रहने वाले है। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किए है।

दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

धमतरी/नवपद्रश। जिले के करेलीबाड़ी चौकी पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक बाइक जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक बेचने के लिए ग्राहक तलाशते आरोपी नारायण यादव 27 वर्ष निवासी करेलीबढ़ी चौकी करेलीबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ किया तो आरोपी ने एक घर के आंगन से चोरी कर अपने घर ले जाकर रखना कबूल किया।

भोरमदेव अभ्यारण्य राष्ट्रीय तितली- ऑरेंज ओक लीफ के लिए अनुकूल

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव वन्य जीव अभ्यारण्य का वह ट्रेल अप्रतिम हैं। जिसमें अभ्यारण्य की जीवनदायिनी सकरी नदी को 23 बार पार करना होता है और रास्ते में एक झरना भी है। ऑरेंज ओक लीफ बटरफ्लाई (डेड लीफ बटरफ्लाई) के अलावा 20 अन्य तितलियाँ देखी गयी। जिनमें गोल्डन फ्लैट, डबल बैन्डेड जुडी, कॉमन जज्बेल, टाइगर ब्लू, प्लेन टाइगर, striped टाइगर, कॉमन क्रो, बैरोनेट, ग्रे काउंट, इवनिंग ब्राउन, कॉमन सेलर, रेड फ़्लैश, ओक ब्लू, ज़ेब्रा ब्लू, लेओपोर्ड, पिएरोंट, कॉमन माइम, एमिग्रांट, लेमन येलो, ग्रास ब्लू, ग्रे पैन्सी, चॉकलेट पैन्सी, ब्लू पैन्सी, येलो पैन्सी, लेमन पैन्सी, आदि प्रमुख हैं, साथ ही 19 प्रकार की पक्षी भी दिखे, जिनमे क्रेस्टेड सरपेंट ईगल, वाइट आइड बज्ज़र्ड, एमरल्ड डव, टर्टल डव, कालरड डव, जंगल ओवलेट, वाइट ब्रेस्टेड किंगफ़िशर, लिटिल कोर्मोरेंट, इंडियन रोलर,oriental magpie robin, वैगटेल, ग्रीन लीफ बर्ड, अलेक्संद्रिन पेराकीट, तिम्निच्क्स स्तिंत (Timniks Stint), बुलबुल, मैना, वीवर बर्ड . Caucal, हिल क्रो, हॉक कुकु आदि प्रमुख हैं।

राष्ट्रीय तितली मिली

वनमंडलाधिकारी, कवर्धा शशि कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन्य जीव प्रेमी डॉक्टर रविकांत दास, वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं प्राध्यापक, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिम्स, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा 10 एवं 11 अप्रैल को भोरमदेव अभ्यारण्य भ्रमण किया। जहां पर उन्हें राष्ट्रीय तितली - ऑरेंज ओक लीफ बटरफ्लाई (डेड लीफ बटरफ्लाई) देखने को मिली।

डॉक्टर रविकांत दास ने बताया कि उन्हें अभ्यारण्य में ऑरेंज ओक लीफ बटरफ्लाई (डेड लीफ बटरफ्लाई) (Kalimbainachu) जिसे वर्ष 2020 में देश की राष्ट्रीय तितली चयनित किया गया था, देखने का अवसर मिला। गौरतलब है कि जब भी प्राणियों द्वारा छद्म धारण का उदहारण दिया जाता है तो सबसे पहले डेड लीफ का नाम लिया जाता है। ये जब अपने पंख बंद कर लेती है तो एक सूखी हुई पत्ती लगती है और इस तरह से अपने भक्षियों को चकमा देती है। अगर कोई शिकारी जीव, उसकी उड़ान के दौरान आक्रमण कर देता है, तो यह अपने पंख बंद कर जमीन में सूखे पत्तियों के ढेर मे छुप जाती है और शिकारी लाख कोशिशों के बाद भी उसे खोज नहीं पाताद्य परन्तु खुले पंखों में इसकी सुन्दरता की कोई मिसाल नहीं है. गहरे हल्के नीले रंग के आवरण में नारंगी रंग के चौड़े पट्टे अत्यंक मोहक लगते है। यही वजह है की इसे राष्ट्रीय तितली का दर्जा मिला हुआ है। इसकी उपस्थिति भोरमदेव वन्य जीव अभ्यारण्य को ख़ास बनाती है। अन्य तितिलियों की तुलना में इनको ढूंढ पाना बहुत मुश्किल है, क्योंकि ये अन्य तितलियों की तरह उड़ती नहीं रहती बल्कि पेड़ों के तने अथवा पत्तियों पर चिपकी रहती है बिना किसी हलचल के और कभी कभार ही उड़ती है, बहुत ही कम समय के लिए और बहुत ही तेज गति से उड़ती है।

लोन वर्राटू की बड़ी कामयाबी : एसपी रॉय के सामने 27 नक्सली सरेंडर

आत्मसमर्पित नक्सलियों में एक लाख का ईनामी भी शामिल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। जहां लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान से प्रभावित होकर 1 ईनामी सहित 26 नक्सलियों ने एसपी गौरव रॉय के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। जहां लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान से प्रभावित होकर 1 ईनामी सहित 26 नक्सलियों ने एसपी गौरव रॉय के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित सभी माओवादी नक्सली बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना और नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे।

01. कोराजगुड़ा (कोरोस) पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष जोगा मुचाकी पिता स्व. सोमड़ा मुचाकी उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी दंतेषपुरम पटेलपारा थाना भेजी जिला सुकमा। (1 लाख ईनामी)

02. किस्टाराम एरिया कमेटी सीएनएम सदस्य वेको देवा पिता वेको हुंगा उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी दंतेषपुरम पुजारीपारा थाना भेज्जी जिला सुकमा।

03. अरनपुर पटेलपारा कमेटी सदस्य मुया कोवासी पिता कोसा कोवासी उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी अरनपुर पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।

04. ककाड़ी पंचायत मिलिषिया सदस्य जग्गू वेट्टी पिता हड़मा वेट्टी उम्र लगभग 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी मेड़पाल थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।

05. पिट्टेपाल पंचायत सीएनएम सदस्य कुमारी बिमला कुंजाम पिता सनकू कुंजाम उम्र लगभग 17 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोण्डापाल पटेलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर।

06. ग्राम कोण्डापाल डीएकेएमएस सदस्य सुरेश कुमार कड़ियाम पिता स्व. जोगा कड़ियाम उम्र लगभग 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोण्डापाल बीचपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर।

07. ग्राम पेडका सीएनएम सदस्या कुमारी जोगी मण्डावी पिता पिता स्व. कोसा मण्डावी निवासी उम्र लगभग 16 वर्ष जाति माड़िया निवासी पेड़का ऊपरपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।

08. ग्राम पेडका केएएमएस सदस्या श्रीमती नंदे माड़वी पति स्व. नंदा माड़वी उम्र लगभग 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेड़का ऊपरपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।

09. ग्राम पेडका केएएमएस सदस्या कुमारी गंगी मण्डावी पिता स्व. आयतु मण्डावी उम्र लगभग 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेड़का ऊपरपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।

10. ककाड़ी पंचायत केएएमएस सदस्या श्रीमती मासे वेट्टी पति स्व. मासा उर्फ पोदिया वेट्टी (पिता स्व0 मासा उर्फ गुड्डी हेमला) उम्र 42 वर्ष जाति मुरिया निवासी मेडपाल पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।

11. ग्राम पेडका सीएनएम सदस्या कुमारी जोगी माड़वी पिता आयतु माड़वी उम्र लगभग 18 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेड़का ऊपरपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।

12. तोड़मा पंचायत मिलिषिया सदस्य महादेव उर्फ जटेल पोयामी पिता स्व. सुदराम पोयामी उम्र लगभग 17 वर्ष जाति मुरिया निवासी तोड़मा स्कूलपारा थाना बारसूर जिला दन्तेवाड़ा।

13. फुलगट्टा पंचायत डीएकेएमएस सदस्य श्याम लाल उर्फ दूला भास्कर पिता स्व0 लक्ष्मण भास्कर उम्र लगभग 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी फुलगट्टा गोरूडपारा/स्कूलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर।

14. फुलगट्टा पंचायत डीएकेएमएस सदस्य भूनेष कड़ती पिता सुदरू कड़ती उम्र लगभग 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी फुलगट्टा गोरूडपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर।

15. फुलगट्टा पंचायत मिलिषिया सदस्य शंकर लाल लेकाम पिता बैसाखू लेकाम उम्र 29 वर्ष जाति राऊत निवासी फुलगट्टा तेलंगापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर।

16. ग्राम डेगमेट्टा कमेटी सदस्य बुधराम नेगी पिता सोमलू नेगी उम्र लगभग 29 वर्ष जाति तेलंगा निवासी डेगमेटा थाना मिरतुर जिला बीजापुर।

17. फुलगट्टा पंचायत डीएकेएमएस उपाध्यक्ष सोमलू उर्फ सोमू पोटाम पिता स्व. मासा पोटाम उम्र लगभग 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी दोर्रागुड़ा ओकेमपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर।

18. मार्जूम पंचायत मिलिषिया सदस्य सन्नू माड़वी पिता पाण्डू राम माड़वी उम्र लगभग 18 वर्ष जाति माड़िया निवासी मार्जूम हुर्रापारा थाना कटेकल्याण जिला दन्तेवाड़ा।

19. मार्जूम पंचायत मिलिषिया सदस्य मासो माड़वी पिता पाण्डू माड़वी उम्र लगभग 26 वर्ष जाति माड़िया निवासी मार्जूम हुरापारा थाना कटेकल्याण जिला दन्तेवाड़ा।

20. ग्राम ऐटेपाल बिलईपारा केएएमएस सदस्या श्रीमती मंगो माड़वी पति पाण्डू माड़वी उम्र लगभग 32 वर्ष जाति माड़िया निवासी ऐटेपाल बिलईपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा।

21. ग्राम ऐटेपाल मिलिषिया सदस्य पाण्डू माड़वी पिता स्व. जोगा उर्फ सिंगा माड़वी उम्र लगभग 42 वर्ष जाति माड़िया निवासी ऐटेपाल बिलईपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा।

22. ग्राम ऐटेपाल जीआरडी सदस्य हड़मा ताती पिता बोर्रा ताती उम्र लगभग 39 वर्ष जाति माड़िया निवासी ऐटेपाल आसूपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा।

23. नीलावाया पंचायत कृषि षाखा अध्यक्ष नंदा उर्फ वार्रे रव्वा पिता हड़मा रव्वा उम्र 36 वर्ष जाति मुरिया निवासी नीलावाया पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा (आधार कार्ड में नंदा कोर्राम अंकित है)।

24. फुलगट्टा पंचायत जनताना सरकार सदस्य सुद्दू कड़ती पिता स्व. मंगू उम्र 38 वर्ष मुरिया फुलगट्टा करयिारपारा थाना मिरतुर बीजापुर।

25. श्याम लाल कड़ियाम पिता स्व. लक्खू (40) मुरिया निवासी कोण्डापाल पटेलपारा थाना मिरतुर।

26. फुलपाड़ पंचायत मिलिषिया डिप्टी कमाण्डर हुंगा माड़वी पिता हिड़मा (30) माड़िया निवासी पड़िया पटेलपारा थाना गादीरास जिला सुकमा।

मां त्रिपुर सुंदरी के दरबार में चैत्र नवरात्र पर हो रही विशेष सेवा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर शहर के रेलवे कॉलोनी से जुड़ी लोको कॉलोनी में मां त्रिपुर सुंदरी का भव्य दरबार है ,यहां विगत कई वर्षो से मां त्रिपुर सुन्दरी की सेवा पूजा होती आ रही है। नवरात्र के दिनों में मां त्रिपुर सुंदरी का भव्य श्रृंगार व विशेष पूजा की जाती हैं। मान्यता है कि मां त्रिपुर सुन्दरी के आसन के नीचे पांच मुखों वाला सर्प आज भी विराजमान हैं। जो समय समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराता आया हैं।

इस मंदिर से जुड़ी मान्यता यह भी है कि संतान विहीन दंपति को यहां मां की कृपा से संतान सुख अवश्य रुप से मिलता है। इस मंदिर का निर्माण सन 1901 में कराया गया था, तब से लेकर आज तक मां के दरबार में ज्योत कलश प्रज्वलित करने की परंपरा चलती आ रही है। मंदिर के पुजारी श्री तरुण अचारी जी ने हमे दूरभाष के माध्यम से बताया कि इस मंदिर में आने वाले सभी भक्तो की मां तंत्र बाधा से मुक्ति भी प्रदान करती हैं ,जो मां की विशेष कृपा अनुभूति कराती हैं। मां के दरबार में चढने वाले भभूत में मां की दिव्य शक्तियां इस प्रकार मौजूद हैं कि भक्त द्वारा ग्रहण करने मात्र से कई रोगों का क्षय हो जाता हैं।

इस वर्ष की नवरात्रि में मां के धाम में 801 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। दुर्गा अष्टमी के दिन 108 कन्याओं को भोजन कराया जायेगा। इस मंदिर में बडी संख्या में श्रद्धालु आते रहते है, मां अपने मंदिर में आने वाले सभी भक्तो की मनोकामना पूर्ण करती हैं।

पुलिस आरक्षक भर्ती की फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी संतोष कुमार ध्रुर्वे पिता स्व. बिसौहा राम ध्रुर्वे, उम्र 47 वर्ष, साकिन ग्राम नवागांव कंवर, थाना गातापार, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का दिनांक 25.01.2024 को थाना हाजिर आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2017-18 में निकले पुलिस आरक्षक भर्ती में इसके पुत्र रूपेश ध्रुर्वे एवं गांव के चंद्रपाल नेताम को पुलिस आरक्षक के पद पर आरोपी अब्दुल हुसैन खान, निवासी पुराना बस स्टैंड, राजनांदगांव, पियुष वडेरा, चिखली, राजनांदगांव, अमित सिंह, निवासी भिलाई, जिला दुर्ग द्वारा नौकरी लगाने का झांसा देकर घटना दिनांक 12.05.2018 से 23.01.2024 के मध्य अलग-अलग तिथियों में महावीर चौक राजनांदगांव एवं रायपुर शहर में बुलाकर इसके पुत्र रूपेश के नाम पर 3,25000 रूपये एवं चंद्रपाल नेताम से 2,00000 रूपये कुल 5,025000 रूपये लिया गया, तथा पुलिस आरक्षक के पद पर चयन होने का फर्जी नियुक्ति पत्र एवं पुलिस वर्दी कपड़ा देकर धोखाधड़ी करना पाये जाने से आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली, राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 53/2024 धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में विवेचना के दौरान पूर्व में दिनांक 26.01.2024 को पियुष वडेरा पिता अशोक वडेरा, उम्र 32 वर्ष, साकिन शिक्षक कॉलोनी वार्ड नंबर-5 बुद्ध मूर्ति के पास, चिखली, थाना कोतवाली, जिला राजनांदगांव, अमित सिंह पिता प्रदीप सिंह, उम्र 40 वर्ष, साकिन एलआईजी-312 हाऊसिंग बोर्ड जामुल, थाना जामुल, भिलाई, जिला-दुर्ग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।